CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 12 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 17 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्धः योगी पेज 2



बतौर ऑलराउंडर हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं: शिवम दुबे खेल टाइम्स




चुनौतियों से संघर्ष कर निखरती हिन्दी सम्पादकीय



इजरायल का 72 घंटों में छह मुस्लिम देशों पर हमला पेज 12

## रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकें: भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अपने नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती होने के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पहले भी कई बार चेतावनी जारी की गई है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कई भारतीयों को नौकरी के झांसे में फंसाकर सेना में भर्ती किया गया। उन्हें सहायक भूमिकाओं का वादा किया जाता है और असल में उन्हें युद्ध क्षेत्र में भेज दिया जाता है। विदेश मंत्रालय ने दिल्ली और मास्को में रूसी अधिकारियों से इस मुद्दे को उठाया है और मांग की है कि इसे रोका जाए और फंसे हुए भारतीयों को रिहा किया जाए। फतेहाबाद के युवकों ने अपने परिवार को वीडियो भेजे जो खुद यूक्रेन में फंसे हुए हैं। युवकों ने वीडियो में कहा कि हमारे पास 2-3 दिन ही बचे हैं। फिर हमें युद्ध में धकेल दिया जाएगा। यहां से जो भी जा रहा है, वह वापस नहीं आ रहा। पहले 13-14 साथी गए थे, वे सभी मारे गए। फतेहाबाद के अंकित जांगड़ा व विजय पूनिया ने वीडियो में बताया कि वे महिला के दिए नौकरी के लालच में रूसी सेना में आकर यूक्रेन में फंस गए हैं।

## गरियाबंद में मुठभेड़ एक करोड़ के इनामी समेत 10 नक्सली ढेर!

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दस नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि यह आधिकारिक तौर पर पुष्ट नहीं है। चर्चा है कि एक करोड़ के इनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण के भी मारे जाने की खबर है। यहां के मैनपुर के जंगलों में मुठभेड़ चल रही है। एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। दूसरी ओर प्रदेश के दंतेवाड़ा जिले के थाना मालेवाही क्षेत्र में गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने जवानों की एक बटालियन को टारगेट करते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। इस घटना में दो जवान घायल हो गए।

# अंतरिम पीएम को लेकर प्रदर्शनकारियों में झड़पें जारी

### एक गुट ने कहा- सुशीला कार्की भारत समर्थक, हमें मंजूर नहीं, बालेन का किया समर्थन

**सुलगता नेपाल**

**काठमांडू।** नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। गुरुवार को इसे लेकर जेन-जी दो ग्रुप में बंट गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में हाथापाई हो गई। इसमें कई युवक घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है।

गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बनें। अगर बालेन नहीं बनते हैं, तो धरान मेयर हरका सम्पांग उनके पीएम उम्मीदवार होंगे। पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है। नेपाल के काठमांडू में तख्तापलट के दो दिन बाद गुरुवार को जेन-जी नेता सामने आए। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल -शेष पृष्ठ दो पर



**एहतियातन राजधानी व सटे इलाकों में तीसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा**

**अब तक 34 लोगों की मौत, 1300 से ज्यादा घायल हुए**

### नेपाल में यूपी की महिला की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र की मास्टर कॉलोनी में रहने वाले रामवीर सिंह गोला (58) अपनी पत्नी राजेश गोला (55) के साथ काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए सात सितम्बर को गए थे। भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के बाद दंपति काठमांडू स्थित हयात रेजिडेंसी की चौथी मंजिल के कमरे में ठहरे। रात करीब साढ़े 11 बजे उपद्रवियों ने होटल में आग लगा दी। होटल आग से घिरा तो दंपति ने चौथी मंजिल से -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी ने आपदाग्रस्त उत्तराखंड के लिए की 1200 करोड़ की घोषणा

### मौसम खराबी के कारण आपदा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण नहीं कर सके पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में बाढ़ और अत्यधिक बारिश से आई आपदा प्रभावित क्षेत्रों के राहत एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

गुरुवार को देहरादून पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने शाम करीब 4 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर आपदा के हालात पर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के साथ बैठक करके राज्य के हालात का जायजा लिया। हालांकि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को देहरादून पहुंचकर एमआई-17 हेलीकॉप्टर से आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करना था, लेकिन मौसम की खराबी के कारण हवाई सर्वेक्षण नहीं हो पाया। उन्होंने राज्यपाल -शेष पृष्ठ दो पर



**मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये मिलेंगे**

### प्रभावित परिवारों व आपदा वीरों से मिले पीएम

प्रधानमंत्री ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इसमें करीब 22 आपदा प्रभावित और 57 आपदा वीर मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण अनाथ हुए बच्चों के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत व्यापक सहायता की भी घोषणा की। पीएम ने इस अवसर पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा मित्र स्वयंसेवकों से भी मिले और उनके प्रयासों की सराहना की। केंद्र सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की बहाली और पुनर्निर्माण के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। पीएम मोदी आपदा प्रभावितों और जवानों से मिले और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम करीब 7 बजे सेना के विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो गए।

# राहुल के सुरक्षा प्रोटोकॉल मनमानी से CRPF चिंतित

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है।

सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर कहा है कि राहुल गांधी पिछले 9 महीने में बिना सूचना दिए 6 बार विदेश गए। इस दौरान वे इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्रा कर चुके हैं। सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी अलग से पत्र भेजा है। इसमें लिखा गया है कि इस तरह की चूक से उनकी जैड प्लस कैटेगरी सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है और उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि इससे पहले भी वह इस मुद्दे को उठा चुकी है।



**नौ महीने में छह बार विदेश गए राहुल**

### वोट चोरी के विस्फोटक सबूत देंगे: राहुल

**रायबरेली।** रायबरेली में गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं। हम और डायनॉमिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत देंगे। भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए। क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है। यह आग जैसा फैल रहा है। ये सच्चाई है। वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं।

## पुलिस जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम करे:SC

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के 2023 अकोला दंगों की जांच पर कहा कि पुलिस वर्दी पहनने के बाद अफसरों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर सिर्फ कानून के अनुसार काम करना चाहिए। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि दंगों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाया जाए, जिसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के सीनियर ऑफिसर शामिल हों। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच 17 साल के मोहम्मद शरीफ की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शरीफ ने याचिका में कहा कि दंगों के दौरान मुझ पर हमला हुआ, लेकिन महाराष्ट्र पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही जांच की।

## राज्यपाल पर डेडलाइन लागू करना गलत:केंद्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। कोर्ट ने 10 दिन तक चली दलीलों के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के आखिरी दिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोर्ट को यह साफ करना चाहिए कि 8 अप्रैल को 2 जजों की बेंच का राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने का फैसला सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर उस फैसले को ही सही माना गया, तो भविष्य में बड़ी संख्या में याचिकाएं अदालत में दाखिल होंगी और न्यायपालिका पर बोझ बढ़ेगा। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरविंद दातार ने केंद्र के इस तर्क का विरोध किया।

# गडकरी के पास 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय मंत्रियों ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी संपत्तियों का ब्योरा दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएम) की वेबसाइट पर जारी जानकारी के मुताबिक मंत्रियों के पास क्रिप्टोकरेंसी, सोने-चांदी के जेवर, म्यूचुअल फंड और हथियार जैसी चीजें भी संपत्ति में शामिल हैं।

परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार समेत तीन गाड़ियां और 37 लाख रुपये से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी घोषित की है। उनकी पत्नी कंचन नितिन गडकरी के पास 28 लाख रुपये से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी है। कौशल विकास राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने 31 मार्च 2025 तक 21.31 लाख रुपये की क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट घोषित की है। उनकी पत्नी चारू सिंह के पास 22.41 लाख रुपये की डिजिटल एसेट्स हैं। जयंत चौधरी ऐसे इकलौते मंत्री हैं जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसी को अपनी संपत्ति में शामिल किया है। भारत में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अभी स्पष्ट नियम नहीं हैं। रिजर्व बैंक कई बार वर्चुअल करेंसी के जोखिमों को लेकर चेतावनी दे चुका है। एम्बेसडर कार भारत की ऑटोमोबाइल इतिहास की एक आइकॉनिक गाड़ी है, जिसे भारतीय सड़कों का राजा कहा जाता था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 27 लाख की ज्वेलरी, 19 लाख के म्यूचुअल फंड बताए हैं। राव इंदरजीत सिंह ने 1.2 करोड़ से ज्यादा की 1,679 ग्राम सोने की ज्वेलरी, 10 किलो चांदी-हीरे की ज्वेलरी घोषित की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने 37 साल पुराना स्कूटर और एक रिवॉल्वर अपनी संपत्ति में बताया है। रेल और फूड प्रोसेसिंग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने 1997 माडल की मारुति कार घोषित की है।



- केंद्रीय मंत्रियों ने संपत्तियों का ब्योरा दिया
- जयंत चौधरी ने 21 लाख क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट किए



## संक्षिप्त समाचार

### जिला समाज कल्याण अधिकारी ने की आत्महत्या

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी ने घरेलू क्लेश के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पूरे केशव राय गांव निवासी आशीष कुमार सिंह (40) ने आज सवेरे लगभग नौ अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सिंह आजमगढ़ में जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात थे और छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे। वह सुबह आजमगढ़ जाने के लिए तैयार होकर निकलने वाले थे कि मायके में रह रही पत्नी से फोन पर हुई बातचीत के बाद कमरे में चले गए। कुछ देर बाद जब घर वालों की नजर उन पर गई तो वह फांसी के फंदे पर झूलते हुए मिले। कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर घटना के कारणों की जांच करने में जुटी हुई है।

### मोदी की बधाई आरएसएस को खुश करने की कोशिश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जन्मदिन पर बधाई दी, लेकिन उनके संदेश से लगता है कि प्रधानमंत्री आरएसएस को खुश करने की कोशिश में हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि मोदी ने आरएसएस नेतृत्व को खुश करने की अपनी बेताब कोशिश में आज मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर विशेष संदेश लिखा है। हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री ने यह जिक्र नहीं किया कि 11 सितम्बर 1906 को महात्मा गांधी ने जोहान्सबर्ग में पहली बार सत्याग्रह का आह्वान किया था।

## मॉरिशस की जरूरतें पूरा करने को विशेष आर्थिक पैकेज देगा भारत: मोदी

# दोनों देश एक परिवार, समुद्री क्षमता होगी मजबूत

**वाराणसी, वार्ता**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरिशस और भारत को एक परिवार करार देते हुए कहा है कि दोनों देशों के सपने एक हैं और भारत ने मॉरिशस की ढांचागत विकास तथा स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मॉरिशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा और समुद्री क्षमता को मजबूत करने के लिए भी भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

भारत ने मॉरिशस में आयुष उत्कृष्टता केन्द्र, 500 बिस्तर का सर शिवसागर रामगुलाम राष्ट्रीय अस्पताल, वेटेनरी स्कूल और पशु अस्पताल के निर्माण सहयोग का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोज़गार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। श्री मोदी ने कहा कि यह सहायता नहीं बल्कि दोनों देशों के साझा भविष्य के लिए निवेश है। श्री मोदी ने मॉरीशस को भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति और विजन 'महासागर' का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि आज की मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

### दोनों देशों में दो समझौते हुए

दोनों देशों ने हाइड्रोग्राफी के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास तथा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट ने भी मॉरिशस विश्व. विद्यालय के साथ समझौते किए हैं। श्री मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मॉरिशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचन्द्र रामगुलाम के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह घोषणा की।

### भारतीय संस्कृति व संस्कार सदियों पहले

**वाराणसी।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार सदियों पहले मॉरिशस पहुंचे और वहां के जीवन धारा में रच बस गए। आज जब मॉरिशस के दोस्तों का स्वागत काशी से कर रहे हैं, ये औपचारिक नहीं, बल्कि आत्मीय मिलन है। इसलिए मैं गर्व से कहता हूं भारत और मॉरिशस सिर्फ पार्टनर नहीं, बल्कि एक परिवार है।

### रामलला का दर्शन करेंगे रामगुलाम

**अयोध्या।** मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम शुक्रवार सुबह 11 बजे अयोध्या रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करेंगे। मॉरिशस के प्रधानमंत्री कल 12 सितम्बर को वाराणसी से विशेष विमान से सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, जहां उनका अभिनन्दन सीएम योगी के प्रतिनिधि अयोध्या जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे।

## यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बारह घंटे से ज्यादा नजरबंद रखे गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार को वाराणसी दौरे से पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को उनके लखनऊ स्थित आवास पर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

12 घण्टे से अधिक समय तक हाउस अरेस्ट किए जाने पर राय ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी वोट चोरी करके सांसद व प्रधानमंत्री बने हैं। अजय राय ने कहा कि सरकार कांग्रेस के लोगों को परेशान कर रही है। इनकी तानाशाही नही चलेगी। कार्यकर्ता इस लघई को मुकाम तक पहुचायेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज वोट चोर-गद्दी छोड़ के नारे लगा रहा है। इसलिए बनारस की जनता भी अब कि वोट चोर- काशी छोड़ के नारे लगा रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरा बनारस इनसे परेशान है। बनारस के बंदरगाह पर किसी मंत्री को भेज कर देखिए। बनारस में जो रोपवे बनाया गया है, उस पर क्या किसी मंत्री का परिवार सफर कर सकता है। श्री मोदी ने पूरे बनारस का हाल बिगाड़ दिया है।

### मोदी को वोट चोरी कर पीएम बताया था

## वैश्विक आतंक मिटाकर रहेगा देश: सीएम योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 11 सितम्बर 2001 मानवता के इतिहास का वह काला अध्याय, जब निर्दोष जीवन कायरतापूर्ण आतंकी हमले की भेंट चढ़ गए।

योगी ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर कहा कि भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह हमला पूरी मानव सभ्यता की शांति, विश्वास और मानवीय मूल्यों पर निर्मम प्रहार था। योगी ने कहा कि उस भीषण त्रासदी में काल-कवलित सभी दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि भारत आतंक के इस वैश्विक अभिशाप को जड़ से मिटाकर ऐसा संसार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां भय नहीं, केवल शांति, भाईचारा और मानवता का प्रकाश हो। 11 सितम्बर 2001 को अमेरिका में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टॉवर और पेंटागन पर हुए आतंकी हमलों ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था।

### 11 सितम्बर की बर्सी पर बोले मुख्यमंत्री

## सीआरपीएफ का पत्र राहुल को डराने की कोशिश: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की ओर से पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे गए पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए इसे डराने की कोशिश करार दिया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को पत्र का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ के पत्र भेजने का समय और उसे तुरंत सार्वजनिक करने की मंशा परेशान करने वाली है। श्री गांधी की सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर लिखे पत्र और उसे सार्वजनिक करने का समय सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यह पत्र ऐसे समय में आया है जब श्री गांधी चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा द्वारा की जा रही वोट चोरी के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं। क्या यह विपक्ष के नेता को डराने की एक छिपी हुई कोशिश है, जिन्होंने पहले ही एक और खुलासे की घोषणा कर दी है। वीवीआईपी सुरक्षा प्रमुख सुनील जून ने श्री खड़गे को बुधवार को पत्र लिखा है जिसमें श्री गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। गांधी अपनी सुरक्षा को 'गंभीरता से' नहीं ले रहे हैं।

## दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचेगा वाहन उद्योग

### घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन के वार्षिक अधिवेशन में बोले गडकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है और इसमें दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता है।

श्री गडकरी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि कुछ साल पहले भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में सातवें स्थान पर था, आज हम जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि मेरा विश्वास है आप सब लोगों की क्षमता पर। आप सब लोग यदि मिलकर काम करेंगे तो हम वाहन सेक्टर में दुनिया में नंबर एक पर जा सकते हैं। पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का जो सपना है उसमें इस उद्योग की भूमिका सबसे अहम है।

एक संवाद सत्र में उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत वाहनों के कारण होता है। सरकार अब प्रदूषण कम करने के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा दे रही है। पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण के बारे में श्री गडकरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत मिश्रण) से आगे कोई कदम उठाते समय वाहन उद्योग से भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इथेनॉल पेट्रोलियम आयात का विकल्प है, इससे प्रदूषण कम होता है और किसानों की आमदनी बढ़ाने वाला है। उन्होंने वाहन उद्योग से वाहन परीक्षण केंद्र स्थापित करने और स्क्रैलपग को बढ़ावा देने की अपील की।

### वाहन उद्योग में आत्मनिर्भरता को उद्योग व सरकार को मिलकर करना होगा काम: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाहन उद्योग को मेक इन इंडिया का अगुवा बताते हुए गुरुवार को कहा कि वाहन विनिर्माण क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार और उद्योग को मिलकर काम करना होगा। श्री मोदी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में भेजे गए अपने लिखित संदेश में कहा कि वाहन उद्योग अर्थव्यवस्था को गति देने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है। मोबिलिटी और जीवन की गुणवत्ता में इसने महत्वपूर्ण सुधार किया है। यह मेक इन इंडिया पहल का अगुवा रहा है और देश को वाहन उद्योग में उत्कृष्टता का केंद्र बना दिया है।



**सेंसेक्स** 81548.73
**निफ्टी** 25005.50



**सोना रु.** 109223
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 124267
प्रति किलो



# शेयर बाजार में तेजी, निफ्टी 25 हजार के पार

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक तीन सप्ताह बाद 25 हजार अंक के पार बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 123.58 अंक (0.15 प्रतिशत) चढ़कर 81,548.73 पर पहुंच गया जो 25 अगस्त के बाद का इसका उच्चतम स्तर है।

निफ्टी-50 सूचकांक में 32.40 अंक यानि 0.13 प्रतिशत की तेजी रही और कारोबार की समाप्ति पर 25,005.50 अंक पर रहा। यह 21 अगस्त के बाद पहली बार 25 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। आईटी और ऑटो सेक्टरों की कंपनियों के शेयरों में ऊंचे भाव पर बिकवाली देखी गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा और छोटी तथा मध्यम आईटी एवं दूरसंचार कंपनियों पर भी दबाव रहा। तेल एवं गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा लिवाली देखी गई। सरकारी बैंकों, फार्मा कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। मझौली और छोटी कंपनियों में आम तौर पर कम तेजी रही।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.09 फीसदी मजबूत हुआ जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक में नगण्य बदलाव हुआ। एनएसई में कुल 3,150 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,541 के शेयरों में तेजी और 1,516 में गिरावट रही। वहीं, 93 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 14 के लाल निशान में रहे। एनटीपीसी में सबसे अधिक 1.69 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 1.56 फीसदी, पावरग्रिड का 1.33, इटरनल तथा भारती एयरटेल के 1.17, और सन फार्मा का एक प्रतिशत मजबूत हुआ। भारतीय स्टेट बैंक में 0.67 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 0.66 और आईटीसी का 0.50 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी तेजी रही। इंफोसिस का शेयर 1.51 फीसदी, टाइटन का 1.09 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.85 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 0.84 प्रतिशत टूट गया। बीईएल, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एलएंडटी और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। एशिया में जापान के निक्केई में 1.22 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.65 फीसदी तेजी रही।

## सोने और चांदी के भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 412 रुपए सस्ता होकर 1,09,223 पर आ गया है। कल इसकी कीमत 1,09,635 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं चांदी 327 रुपए कम होकर 1,24,267 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। कल एक किलो चांदी की कीमत 1,24,594 रुपए थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत1,10,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,150 रही। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में डेवलपमेंट पर फोकस करेंगे विशेषज्ञ

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में इस बार निवेश पर ही नहीं, सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं पर फोकस करने के साथ ही फ्यूचर डेवलपमेंट पर भी फोकस होगा। इसके लिए सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप, आईटी, इंश्योरेंस, फाइनेंस मैनेजमेंट, मेडिकल हेल्थ, ई-कॉमर्स और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।

यूपीआईटीएस 2025 के शेड्यूल के अनुसार 25 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रातः ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगे। उसी दिन शाम 3 बजे से रात 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए शो ओपन रहेगा। जबकि 26 से 29 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक बी2बी मीटिंग्स और शाम 3 से 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए आयोजन होगा। इस दौरान एक्सपर्ट की तरफ से नॉलेज सेशन की शुरुआत 26 सितम्बर से होगी, जो 28 तक जारी रहेगी। 26 सितम्बर को सुबह 11.30 से 12.30 बजे तक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी का सत्र होगा। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, यूपी-यूपीएलसी का सत्र होगा, जो प्रदेश में आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की ग्रोथ और डेवलपमेंट पर केंद्रित रहेगा। 26 सितम्बर को ही 3 बजे से 4 बजे तक मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर विभाग वायरल हेपेटाइटिस और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर वर्कशॉप करेगा। शाम 4.30 से 5 बजे तक आईआरडीएआई और एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस नॉन-लाइफ एवं हेल्थ इंश्योरेंस पर अवेयरनेस सेशन आयोजित करेंगे। 5 बजे से 6 बजे तक वित्त विभाग का सत्र होगा।




## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अंतरिम पीएम...** ने कहा कि युवाओं ने यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है। अंतरिम पीएम के नाम को लेकर बुधवार शाम तक पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की के नाम पर सहमति बनने की खबर आई थीं, लेकिन गुरुवार दोपहर तक 'लाइट मैन' कहे जाने वाले कुलमान घीसिंग का नाम सामने आ गया। उधर आर्मी ने एहतियातन राजधानी और उससे सटे इलाकों में तीसरे दिन कर्फ्यू जारी रखा है। नेपाल हिंसा में अब तक 34 मौतें हुई हैं, जबकि 1300 से ज्यादा लोग घायल हैं। अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की, बालेन्द्र शाह, कुलमान घीसिंग और हरका सम्पांग के नाम आगे हैं। सेना ने कहा है कि इस राजनीतिक संकट का समाधान और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। नई कार्यकारी सरकार के पास तय समय में चुनाव कराने की जिम्मेदारी होगी। अंतरिम सरकार का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात पर जेन-जी आंदोलनकारी बंट गए हैं। एक ओर पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के समर्थक थे, तो दूसरी ओर काठमांडू के मेयर बालेन शाह के समर्थक। दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई और मामला झगड़े तक पहुंच गया। रिपोर्टों के अनुसार झगड़ा तब शुरू हुआ जब युवाओं का एक समूह कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाए जाने का विरोध करने लगा। इसके जवाब में उनके समर्थकों ने नारे लगाए। जल्द ही बालेन शाह का समर्थन करने वाले प्रदर्शनकारी और धरान के मेयर हरका संपांग से जुड़े कुछ लोग भी इस विवाद में कूद पड़े। नारेबाजी हाथापाई में बदल गई और यह इलाका अराजकता का केंद्र बन गया। सेना के जवानों को हालात काबू में लाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

**नेपाल में यूपी की...** कूदकर जान बचाने का प्रयास किया। दंपति बचाव दल ने बिछाए गद्दो पर गिरे। इसी दौरान उपद्रवियों ने फिर से हमला बोल दिया। इसमें दंपति बिछड़ गए थे। बुधवार को नेपाल से रामवीर सिंह के बेटे विशाल के पास फोन आया कि उनकी मां राजेश देवी की उपचार के दौरान मौत हो गई। बवाल की चपेट में आए रामवीर सिंह गोला दो दिन बाद घायलावस्था में राहत कैंप में मिले हैं। राजेश गोला का शव शुक्रवार तक गाजियाबाद स्थित मास्टर कॉलोनी उनके निवास पर लाया जाएगा।

**मोदी ने आपदाग्रस्त....** ले.ज. गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ हुई एक हाई लेवल बैठक में उत्तराखंड में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव और डीजीपी सहित तमाम आला अफसर मौजूद रहे। गौरतलब है कि उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने केंद्र सरकार से आपदाओं के कारण हुए नुकसान का आकलन करते हुए 5702 करोड़ रुपये की राहत राशि की मांग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की आपदा राहत कार्यों की गहन समीक्षा

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की पीएम ने की सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर आपदा राहत कार्यों की गहन समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में आपदा से हुए नुकसान का विस्तार से जानकारी लेने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों की ताजा स्थिति और भविष्य की चुनौतियों पर राज्यपाल ले. ज. गुरमीत सिंह (से.नि.), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा तथा राज्य के सांसदों सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धराली, थराली सहित राज्य के आपदा प्रभावित अन्य क्षेत्रों में संचालित राहत एवं बचाव अभियानों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रयासों की सराहना की और राहत बचाव कार्यों में जुटे राज्य व केन्द्र सरकार के संगठनों के कार्मिकों से भेंट कर उनके अनुभव साझा किए। प्रधानमंत्री ने आपदा पीड़ितों से भी मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाने के साथ ही समुचित मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में आपदा से हुई क्षति तथा प्रभावित क्षेत्रों में संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव के अभियान पूरी तत्परता एवं क्षमता के साथ संचालित करने में केन्द्र सरकार के संगठनों से भरपूर सहयोग मिला है। जिसके चलते प्रभावितों तक त्वरित गति से समुचित राहत पहुँचाना संभव हो सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की बहाली के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट, त्रिवेन्द्र सिंह रावत, अनिल बलूनी, माला राज्य लक्ष्मी शाह, नरेश बंसल, कल्पना सैनी, मुख्य सचिव आनंद वर्धन एवं पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ आदि उपस्थित रहे।



- मुख्यमंत्री ने आपदा से हुई क्षति तथा राहत एवं बचाव कार्यों की दी जानकारी
- सीएम ने राहत पैकेज की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री का जताया आभार






उत्तराखंड में आपदा से हुए नुकसान की भरपाई हेतू राहत पैकेज की घोषणा के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का उत्तराखंड की जनता की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा से निपटने में राज्य सरकार पूरी क्षमता के साथ प्रयास कर रही है, इस कार्य में पहले ही दिन से ही केंद्र सरकार का सहयोग मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं उत्तराखंड आकर, आपदा पीड़ितों का दु:ख-दर्द साझा किया है। राज्य के प्रति आत्मीयता व संवेदनशीलता के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का बहुत-बहुत आभार...-

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

## पीएम मोदी को ज्ञापन देने जा रहे चमोली गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता संदीप चमोली के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल की और से प्रधानमंत्री के उत्तराखंड आगमन पर ज्ञापन प्रेषित करने के लिए जाते समय विधानसभा के समीप गिरफ्तार कर लिया गया।

संदीप चमोली ने कहा ऐसी गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है वह राज्य के नागरिक होने के नाते देश के प्रधानमंत्री से प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलने जा रहे थे, मगर भाजपा सरकार ने षड्यंत्र करते हुए बलपूर्वक रोकने का काम किया जो की स्वतंत्रत लोकतंत्र के लिए बहुत ही घातक है। इस मौके पर हरेंद्र बेदी, लकी राणा, कमलकांत, अभय कत्युरा, प्रियांशु धामी, प्रिंस शर्मा व विशाल ऋषभ आदि मौजूद रहे।



## पीएम ने उत्तराखंड को निराश किया: कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों व लोगों के लिए केवल बारह सौ करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐलान को उत्तराखंड की जनता को निराशा करने वाला बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि यह पहाड़ के लोगों के घाव में नमक छिड़कने जैसा है। क्योंकि जिस व्यापकता की आपदा आई है वो 2013 जैसी आपदा है और उसी तरह का नुकसान पूरे राज्य में में हुआ है और तब आज से बारह साल पहले केंद्र की डॉक्टर मनमोहन सिंह सरकार ने उत्तराखंड के लिए इक्कीस हजार करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज दिया था, मगर आज जो पैकेज मोदी की और से घोषित किया गया है वो ना केवल नाकाफी है बल्कि उत्तराखंड के प्रति मोदी के प्रेम और लगाव की पोल खोलने वाला भी है।

- 1200 करोड़ का आपदा आर्थिक पैकेज ऊंट के मुंह में जीरा: धस्माना

## मौसम खराब होने से पीएम मोदी का आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण रद

### पीएम मोदी ने उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली - हर्षिल क्षेत्रों का करना था दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण का दौरा खराब मौसम की वजह से रद्द हो गया है। बता दें कि बुधवार को पीएम मोदी उत्तरकाशी जनपद के धराली - हर्षिल में खीर गंगा से हुई तबाही का हवाई सर्वेक्षण करने का कार्यक्रम था । हर्षिल - धराली जिला प्रशासन और सेना तैनात थी लेकिन खराब मौसम के चलते पीएम का कार्यक्रम रद्द हो गया।

गौरतलब है कि बुधवार दोपहर बाद पीएम मोदी उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, इसी बीच मौसम खराब हो गया। जिसके कारण पीएम मोदी का आपदाग्रस्त इलाकों का हवाई सर्वेक्षण रद्द करना पड़ा। पीएम मोदी को उत्तरकाशी,चमोली, टिहरी और पौड़ी का हवाई निरीक्षण करना था, अभी फिलहाल पीएम मोदी जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर हैं। यहां वे सीएम धामी से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुये नुकसान की जानकारी ले रहे हैं। पीएम मोदी शाम साढ़े पांच बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट के स्टेट गेस्ट हाउस में आपदा प्रभावित क्षेत्र के लोगों से भी मुलाकात करेंगे।

## आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाएंगे मुख्यमंत्री एवं मंत्री

### धामी मंत्रिमंडल में सहमति, सनिर्णय नुकसान की गहनता से करेंगे समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री और सभी मंत्री राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आपदा से हुए नुकसान का जनपदों में जाकर गहनता से समीक्षा करेंगे। आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण भी करेंगे। इस समीक्षा का उद्देश्य राहत और पुनर्वास कार्यों की प्रगति की बारीकी से निगरानी करना और समस्त प्रभावित परिसंपत्तियों के नुकसान का व्यापक स्तर पर आकलन करना है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर समन्वित प्रयास करेंगे। इसके अंतर्गत आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता प्रदान करना तथा पुनर्वास कार्यों को शीघ्र पूरा करना प्राथमिकता होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा से हुए नुकसान की व्यापक समीक्षा की जाएगी ताकि आगामी रणनीतियाँ और नीतिगत निर्णय समयानुसार और प्रभावी ढंग से लिए जा सकें।

## वन शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अखिल भारतीय वन शहीदी दिवस के अवसर पर वन शहीदी स्मारक स्थल अन्सारी रोड़ देहरादून में शहीद वन कर्मियों को श्रद्धांजली दी गई।

इस मौके पर प्रमुख वन सरंक्षक(हॉफ) डॉ. समीर सिन्हा ने कहा कि वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद वन कर्मियों की याद एवं सम्मान में श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, ताके शहीद वन कर्मियों को याद किया जा सके। शहीद वन कर्मियों को याद करते हुए समस्त उपस्थित वन परिवार के सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखा श्रद्धांजली अर्पित की। डॉ. समीर सिन्हा ने कहा कि विभाग मजबूत सूचना तन्त्र, आधुनिक तकनीकी से लैस उपकरण, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स का प्रयोग करने के लिये कार्य कर रहा है जिससे विभाग के सम्पूर्ण तन्त्र को मजबूत किया जा सके साथ ही घटित होने वाली विभिन्न घटनाओं जैसे मानव जीव संघर्ष, वनाग्नि तथा वन अपराधों के दौरान मुटभेड़ आदि में वन कर्मियों को शहीद होने से बचाया जा सके। इस मौके पर बी.पी गुप्ता, रंजन कुमार मिश्र, कपिल लाल, नीना ग्रेवाल, मीनाक्षी जोशी, पी.के.पात्रों, राहुल कुमार, डॉ. धीरज पाण्डे, सुशान्त पटनायक, राजीव धीमान, डॉ. को. को रोसे, कल्याणी, नीरज कुमार, सतविन्दर पाल सिंह, गौरव कुमार व राम भरोसा आदि मौजूद रहे।

- वन विभाग आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स की मदद से करेगा कार्य: डॉ. समीर



### मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने राज्य के युवाओं को दिया तोहफा

## वर्दीधारी पदों पर सीधी भर्ती के लिए एकीकृत नियमावली लागू

- विभिन्न विभागों के वर्दीधारी पदों के लिए सीएम ने दिए थे निर्देश
- सभी विभागों में वर्दीधारी कर्मचारियों की भर्ती में रहेगी एकरूपता

राज्य के युवाओं के हितों व सुविधा का ध्यान रखते हुए विभिन्न विभागों में वर्दीधारी उप निरीक्षक एवं सिपाही के पदों पर एकीकृत भर्ती की व्यवस्था एक महत्वपूर्ण कदम है। "उत्तराखंड सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप वर्दीधारी पदों हेतु तैयार की गई नई नियमावलियां युवाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती के अवसर प्रदान करने के साथ ही राज्य की सुरक्षा और सेवा व्यवस्था को भी और अधिक सशक्त बनाएगी.....**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में राज्य के विभिन्न विभागों के वर्दीधारी उपनि. रीक्षक एवं सिपाही के पदों पर सीधी भर्ती में एकरूपता लाने के लिए बनाई गई एकीकृत भर्ती नियमावलियां लागू कर दी गई हैं।

राज्य में विभिन्न विभागों के समूह 'ग' के वर्दीधारी उप निरीक्षक के पदों पर सीधी भर्ती की चयन प्रक्रिया को विहित करने के उद्देश्य से 'उत्तराखंड वर्दीधारी उप निरीक्षक पदों पर सीधी भर्ती की चयन प्रक्रिया नियमावली-2025' और वर्दीधारी सिपाही के पदों पर सीधी भर्ती की चयन प्रक्रिया को विहित करने हेतु 'उत्तराखंड वर्दीधारी सिपाही पदों पर सीधी भर्ती की चयन प्रक्रिया नियमावली-2025' बनाए जाने के संबंध में अधिसूचनाएं शासन के गुरूवार को जारी की गई। 'उत्तराखंड वर्दीधारी उप निरीक्षक पदों पर सीधी भर्ती की चयन प्रक्रिया नियमावली-2025' गृह विभाग के अधीन वेतन लेवल-7 में उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस/ अभिसूचना), प्लाटून कमांडर, गुल्म नायक (पी.ए.सी./आई.आर.बी.), अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पदों और उप कारापाल (वेतन लेवल-6) के साथ ही वेतन लेवल-5 में होमगार्ड विभाग के प्लाटून कमांडर, वन विभाग के वन दरोगा, आबकारी विभाग के आबकारी उप निरीक्षक तथा युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती के मामले में लागू होगी। शासन द्वारा जारी 'उत्तराखंड वर्दीधारी सिपाही पदों पर सीधी भर्ती की चयन प्रक्रिया नियमावली-2025' के अंतर्गत गृह विभाग के आरक्षी पुलिस, आरक्षी पी. ए.सी., आरक्षी आई.आर.बी., अग्निशामक एवं बंदी रक्षक, वन विभाग के वन आरक्षी, आबकारी विभाग के आबकारी सिपाही, परिवहन विभाग के प्रवर्तन सिपाही तथा सचिवालय प्रशासन विभाग के सचिवालय/ विधान भवन रक्षक के वेतन लेवल-3 के पदों को शामिल किया गया है।

### नेपाल के हालात समाज शास्त्रियों के लिए गहरे अध्ययन का विषय: हरदा

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ट नेता हरीश रावत ने नेपाल के हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नेपाल में जेन जी का गुस्सा जिस प्र का र सत्ता, प्रशासन, संसद जैसे लो. कतांत्रिक संस्थानों सहित राष्ट्रीय धरोहर पर फूटा, यहां तक की धर्मस्थल तक भी फूटा। जिस प्रकार उन्होंने चुन-चुन कर वर्तमान और पूर्व राजनेताओं के घरों और उनकी संपत्तियों को लठ्ठ बनाया, यह समस्त घटनाक्रम लोकतांत्रिक समाज शास्त्रियों के लिए गहरे अध्ययन का विषय है। जब लूट और भ्रष्टाचार, सत्ता के शिष्टाचार में बदल जाता है। बेरोजगारी, पलायन, गरीबी-अमीरी के बीच का बढ़ता हुआ अंतर, महिलाओं सहित कमजोर तपके पर बढ़ते हुये अत्याचार, युवाओं की भविष्य की राह रोककर के खड़े हो जाते हैं तो यही परिणाम देखने को मिलता है।



## पीएम मोदी का दौरा रहा हिम्मत बढ़ाने वाला: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने आपदा प्रभावित देवभूमि का हौसला बढ़ाने और शुरुआती मदद स्वरूप आर्थिक पैकेज देंने के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है, इसलिए उनका आना हमेशा नई ऊर्जा का संचार करता है। आज जब राज्य आपदा के बड़े संकट से जूझ रहा है तो उसमें बहुत बड़ी मदद स्वयं पीएम मोदी और केंद्र सरकार की हमे प्राप्त हो रही है। ऐसे उनका स्वयं आना और आपदा के दंश का निरीक्षण करना, अपने आप में पीड़ितों एवं आपदा प्रबंधन एजेंसियां की हिम्मत बढ़ाने वाला रहा। उनका पीड़ितों के दर्द को समझना और अधिकारियों से राहत पुनर्वास की छोटे से छोटे पहलुओं पर चर्चा करना, त्रासदी के प्रति उनकी संवेदनशीलता और गंभीरता को दर्शाता है। उनके द्वारा तत्काल आर्थिक पैकेज के ऐलान पर आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने इसे राज्यवासियों के लिए बड़ी शुरुआती मदद बताया। इससे पूर्व भी आपदा को लेकर तकनीकी, मानवीय संसाधनों और योजना निर्माण में की गई केंद्र की मदद से हम नुकसान को कमतर रखने में कामयाब हुए है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिस तरह पीएम मोदी देवभूमि को आगे बढ़ाने में हमेशा बड़े पैमाने मे मदद करते आए हैं। ठीक उसी भांति प्रदेश के तमाम संकटग्रस्त क्षेत्रों को पुन: खड़ा करने में वे भविष्य में हर संभव मदद करेंगे।

- शुरुआती मदद स्वरूप आर्थिक पैकेज देंने के लिए पीएम मोदी का जताया आभार

## स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगे सहकारिता मेले: डॉ. रावत

### 3 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक प्रत्येक जनपद में लगेंगे वृहद स्तर पर मेले



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य की स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ग्रामीण आर्थिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सहकारिता विभाग द्वारा आगामी 3 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2025 तक सभी 13 जनपदों में वृहद स्तर पर सहकारी मेलों का आयोजन किया जायेगा। विशेष थीमों पर आधारित इन मेलों में किसानों, काश्तकारों, कारीगरों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय का अवसर मिलेगा, साथ ही विभागीय एवं अंतर्विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन और प्रचार-प्रसार भी किया जायेगा। मेलों के सफल आयोजन के लिये विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दे दिये गये हैं।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासंघ द्वारा वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। जिसकी थीम 'कॉपरेटिव बिल्ड ए बेटर वर्ल्ड' है। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय सहका. रिता वर्ष के तहत प्रदेशभर में सहका. रिता को लेकर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसके क्रम में आगामी 3 अक्टूबर से लेकर 31 दिसम्बर तक प्रदेश के सभी जनपदों में विशेष थीम पर आधारित वृहद सहक. ारिता मेले लगाये जायेंगे। इन मेलों का मकसद स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ ही ग्रामीण आर्थिकी को बढ़ावा देना है। इन मेलों के जरिये प्रदेश के किसानों, काश्तक. ारों, कारीगरों, युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं सहकारी संस्थाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय के लिये सीधा बाजार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही विभागीय एवं अंतर्विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन और प्रचार-प्रसार भी मेलों के माध्यम से किया जायेगा। डॉ. रावत ने कहा कि इन सहकारी मेलों से जहां एक ओर ग्रामीण आर्थिकी को नई दिशा मिलेगी।

### प्रत्येक जनपद को दी गई अलग-अलग थीम

विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रत्येक जनपद में आयोजित होने वाले इन मेलों की अलग-अलग थीम होगी। जिसमें अल्मोड़ा जनपद में सहकारिता से हस्त शिल्प संरक्षण थीम पर मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जैविक उत्पाद, स्थानीय कला, ऊनी उत्पाद का प्रदर्शन किया जायेगा साथ ही प्राकृतिक खेती पर संगोष्ठी भी होगी। इसी प्रकार पौड़ी के लिये सहकारिता से ग्रामीण सशक्तिकरण थीम निर्धारित की गई है। बागेश्वर में सहकारिता से पर्वतीय कृषि, रूद्रप्रयाग में धार्मिक पर्यटन विकास, पिथौरागढ़ में सीमावर्ती समृद्धि, चमोली में पर्यावरण संरक्षण, ईको टूरिज्म, वन सहकारिता को बढ़ावा, चम्पावत में सीमान्त विकास, उत्तरकाशी में हिमालय जैव संसाधन एवं सहासिक पर्यटन, ऊधमसिंहनगर में औद्योगिक कृषि, हरिद्वार में आध्यात्मिक समृद्धि, नैनीताल में पर्यटन विकास, टिहरी में पर्यावरण संरक्षण एवं ईको टूरिज्म तथा देहरादून में सहकारिता से शहरी ग्रामीण एकता थीम पर मेले का आयोजन किया जायेगा।

### किस जनपद में कब होंगे मेले

सहकारिता मंत्री ने बताया कि राज्य के सभी 13 जनपदों में सहकारिता मेले लगाये जायेंगे। पर्वतीय क्षेत्रों में यह मेले पांच दिन लगेंगे जबकि मैदानी क्षेत्रों में सात दिन तक इनका आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पृथक-पृथक जनपदों के लिये अलग-अलग तिथि तय कर दी गई है। अल्मोड़ा में 3 से 7 अक्टूबर तक मेला लगेगा। इसी प्रकार पौड़ी में 7 से 13 अक्टूबर, बागेश्वर में 13 से 17 अक्टूबर, रूद्रप्रयाग में 24 से 28 अक्टूबर, पिथौरागढ़ में 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर, चमोली में 3 से 7 नवम्बर, चम्पावत में 14 से 20 नवम्बर, उत्तरकाशी में 15 से 19 नवम्बर, नैनीताल में 25 नवम्बर से 1 दिसम्बर, हरिद्वार में 2 से 8 दिसम्बर, ऊधमसिंह नगर में 6 से 12 दिसम्बर, टिहरी में 13 से 19 दिसम्बर तथा देहरादून में 20 से 26 दिसम्बर तक मेलों का आयोजन किया जायेगा।

### मेलों में सहकारिता का पाठ पढ़ेंगे युवा

सहकारिता मेलों में न सिर्फ स्थानीय किसानों व काश्तकारों के उत्पादों को बाजार मिलेगा, इसके अलावा इन मेलों में विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें स्थानीय विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को सहकारिता आंदोलन से रू-ब-रू कराया जायेगा। इसके लिये विभिन्न प्रतियोगितायें कला, वाद-विवाद एवं क्विज का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा मेलों में विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्र, स्वास्थ्य सत्र, डिजिटल साक्षरता, ई-कॉमर्स, बी-2-बी बैठक, युवा उद्यमिता, युवा सहकारिता, सामुदायिक सहकारिता व महिला सशक्तिकरण पर चर्चा-परिचर्चा के अलावा किसान गोष्ठि, सहकारिता में सहकार, श्वेत एवं दुग्ध क्रांति सहित भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की जायेगी।

# जनसुविधा शिविर में जनता की समस्याओं का हुआ समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर आयुक्त ऋचा सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान की अध्यक्षता में वार्ड 15 एवं 20 में गुरुवार को जन सुविधा शिविर लगाया गया, जिसमे बिजली, पानी, सिंचाई, पूर्ति विभाग तथा नगर निगम से संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। शिविर में स्थानीय पार्षदों और लोगों ने विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। शि. विर में मुख्य रूप से आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गई। अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया, जबकि अन्य मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित



विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। शिविर में आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत कुल 49 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। पूर्ति विभाग से जुड़े कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़े जाने संबंधी प्रार्थना पत्र शामिल थे। इसके अतिरिक्त यूसीसी के 14 आवे. दन पत्र प्राप्त हुए एवं 2 स्ट्रीट लाइट सही कराए जाने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई जिनका निस्तारण मौके पर ही किया गया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि जन सुविधा शिविरों के माध्यम से नागरिकों को सुविधा एक ही स्थान पर पर उपलब्ध कराई जा रही है। आधार कार्ड बनवाने एवं संशोधन, राशन कार्ड, विवाह पंजीकरण, बिजली-पानी जैसी सेवाओं के साथ-साथ नगर निगम एवं पूर्ति विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान त्वरित और प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को आवश्यक सेवाओं तक सहज और सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शि. विरों में पहुँचकर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त जीके भट्ट, पार्षद सलमान सिद्दीकी, पार्षद हेमंत शर्मा सहित स्थानीय लोग इसके अतिरिक्त वार्ड क्षेत्र में ही संपूर्ण नागरिक मौजूद रहे।

# बिंदुखत्ता में सांसद निधि से बनेगी नई पुलिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता क्षेत्र के शिवपुरी शीशम भुजिया नंबर 6 के



ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। मंगलवार को पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल-उधम सिंह नगर सांसद अजय भट्ट के सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती क्षेत्र में पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने लगभग 25 वर्षों से जर्जर पड़े लकड़ी के पुलिया का मुद्दा उठाया। मौके पर ही सांसद प्रतिनिधि ने वीडियो कॉल के जरिए सांसद अजय भट्ट को स्थिति से अवगत कराते हुए पुलिया की हालत दिखाई। इस पर श्री भट्ट ने तत्काल पहल दिखाते हुए सांसद निधि से पुलिया निर्माण की घोषणा कर दी और धनराशि स्वीकृत कर दी। सांसद की इस त्वरित कार्यवाही से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने सांसद अजय भट्ट और उनके प्रति. निधि लक्ष्मण खाती का आभार जताते हुए कहा कि अब क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन का मार्ग मिलेगा।

## एक नजर

### जैविक कीट प्रबंधन प्रशिक्षण संपन्न

**पंतनगर।** कृषि महाविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग में नाबार्ड द्वारा प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जैविक खेती में कीट और फफूंद प्रबंधन तकनीकों का प्रसार था। वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया कि लाभकारी कीट और फफूंद के उपयोग से फसलें रसायनों के बिना सुरक्षित की जा सकती हैं। विशेषज्ञों ने अग्निअस्त्र ब्रह्मास्त्र नीमास्त्र ट्राइकोडर्मा ब्यूवेरिया बेसियाना और ट्राइकोग्रामा जैसी जैविक विधियों का प्रयोग समझाया। प्रशिक्षण में व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया जिसमें किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने इसे उपयोगी बताते हुए कहा कि जैविक विधियों से लागत घटेगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. सुभाष चंद्रा और डा. प्रमोद मल्ल ने किया। इस दौरान डा. रवि प्रकाश मौर्य डा. रेनू पांडेय डा. रूपाली शर्मा और डा. रुचि गंगवार भी उपस्थित रहे। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### पुलिस पर जबरन चालान का आरोप

**बागेश्वर।** टैक्सी चालकों ने यातायात पुलिस पर जबरन हजारों रुपये का चालान काटने का आरोप लगाया है। नाराज चालकों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। स्थानीय टैक्सी चालकों को छूट देने की मांग की है। इस आशय का एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को भी सौंपा है। टैक्सी चालक गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि यातायात पुलिस उन्हें जबरन परेशान करने में लगी है। टैक्सी चालकों के लिए सरयू पुल से बिलौना स्टेशन तक जाने से रोका जा रहा है। जबकि वे नम्बर सिस्टम से आते जाते है। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस उनके साथ बुरा बर्ताव करने पर उतारू हो रही है। ऐसे में उनके रोजी रोटी पर आघात पहुंच रहा है। चालकों ने इस प्रकार के व्यौहार हो रोकने की मांग की है। मांग करने वालों में नंदन सिंह, खुशाल सिंह, पुष्कर राम, विनोद कुमार, प्रताप सिंह, मनोज कुमार थे।

### 20 नाली खेत में बाई भांग की खेती नष्ट की

**बागेश्वर।** जनपद में पुलिस इन दिनों नशे के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। आए दिन ग्रामीणों द्वारा बोए गए भांग के खेतों को नष्ट किया जा रहा है। गुरुवार को कपकोट पुलिस ने सौंग मुनार में 20 नाली खेतों में उगाई गई भांग को नष्ट किया गया। लोगों को नशे के दुष्प्रभाव, भांग की खेती नहीं करने को जागरूक भी किया गया है। नशामुक्त उत्तराखंड अभियान को पुलिस तेजी से चला रही है। पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा ने कहा कि मादक पदार्थों की अवैध तस्करी तथा उत्पादन पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। गठित टीमें लगातार भांग की खेती को नष्ट कर रहीं हैं। किसानों को प्रतिबंधित खेती नहीं करने को जागरूक भी किया जा रहा है। मानस नेशनल नार्कोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल 1933 की भी जानकारी दी जा रही है।

### छात्रसंघ चुनाव के लिए एनएसयूआई मुखर

**बागेश्वर।** छात्रसंघ चुनाव तिथि घोषित नहीं होने समेत विभिन्न मांगों को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ता एक बार फिर से मुखर हो गए हैं। नाराज छात्रों ने कैंपस परिसर में निदेशक का पुतला फूंका। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों को जल्द नहीं सुना गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। गुरुवार को कैंपस में एकत्र हुए एनएसयूआई छात्र संगठन के जुड़े छात्र छात्राओं ने छात्र संगठन चुनाव को लेकर पुतला दहन किया। वक्ताओं में कहा कि छात्र संगठन चुनाव सरकार इस बार भी बाधित करना चाहती है। जिसे होने नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा परीक्षाफल में हो रही तकनीकी खामियों को लेकर भी नाराजगी जताई गई। कहा कि बिना देखे छात्रों के नबर काटे जा रहे हैं। इस मौके पर प्रदीप सिंह, कमल सिंह, कुमारी पुष्पा, मनीष आदि मौजूद थे।

### आपदा ग्रस्त क्षेत्र में राहत सामग्री बटवाई

**कालाढूंगी।** पिछले दिनों हुई लगातार वर्षा के चलते धापला गांव का कालाढूंगी से संपर्क टूट गया था जिस कारण गांव वालो को खाने पीने की भी परेशानी होने लगी थी जिसको देखते हुए कालाढूंगी उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने आपदा ग्रस्त क्षेत्र धापला गांव में 120 राहत सामग्री कीट बंटवाने के लिए दो गाड़ियों को रवाना किया। पटवारी हरीश गोस्वामी ने धापला गांव पहुंच कर आपदा से ग्रस्त 120 परिवारों को राहत सामग्री बाटी जिसमें आटा, चावल, डाल, चीनी, तेल, आलू, प्याज, पत्ती आदि राशन सामग्री मौजूद थी। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि अन्य स्थानों पर भी सामग्री बांटी जाएगी। इस दौरान प्रधान पति दयानंद आर्या मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन ने मनाई पंत जयंती

**काशीपुर।** बार एसोसिएशन काशीपुर में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की जयंती मनाई गई जिसमें अधिवक्तागणों ने अपने-अपने विचार रखें और और पंत जी के विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। उक्त आयोजन में काशीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, उप सचिव सूरज कुमार, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल, कार्यकारी सदस्य अविनाश कुमार, नरदेव सैनी, कश्मीर सिंह, इंदर सिंह, उमेश जोशी, राजेश कुमार, प्रदीप चौहान, वीरेंद्र चौहान, अब्दुल सलीम, सनत कुमार पैगिया, दुष्यंत चौहान, अरुण तिवारी, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, विवेक मिश्रा, बलवंत लाल, समर्थ विक्रम, सुशील चौधरी, भास्कर त्यागी, सुंदर सिंह, कैलाश बिष्ट, अरविंद सिंह, गिरीश कुमार अधिकारी, ममता रानी, प्रीति, सुनील कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# टेनिस प्रतियोगिता कल से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चूनाखान स्थित ऑप्टिमम टेनिस एकेडमी में 13 से 19 सितंबर तक एशियन टेनिस फेडरेशन अंडर-14 बॉयज और गर्ल्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर गुरुवार को हुई बैठक में टूर्नामेंट सचिव डीएस रावत ने



बताया कि एकेडमी में 13 से 19 सितंबर तक एशियन टेनिस फेडरेशन अंडर-14 बॉयज और गर्ल्स का टूर्नामेंट होगा। उत्तराखंड में पहली बार आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट के लिए 161 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें कजाकिस्तान और जापान के विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसके बाद चार से 10 अक्टूबर तक अंतरराष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन सीनियर्स एमटी 200 प्रतियोगिता भी इसी एकेडमी में होगा। प्रतियोगिता में 30 से 75 वर्ष की आयु के 90 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों प्रतियोगिता स्व. बीएस रावत की पुण्य स्मृति में आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान जिला टेनिस एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष समीर वर्मा, सचिव हेम कुमार पांडे, साकेत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# लोगों से अभियान का फीडबैक भी लिया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने गुरुवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक लेते हुए आगामी स्वास्थ्य पखवाड़े के सफल संचालन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को ई-ब्राउज़र तैयार करने और नगर निकायों के वाहनों पर जिंगल्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।



शिक्षा विभाग को स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, समाज कल्याण विभाग को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने तथा वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन कराने पर बल दिया। साथ ही, अभियान की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने हेतु लोगों से फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए। बैठक में पहुंची स्वास्थ्य महा. निदेशक सुनीता टम्टा ने बताया कि अभियान को बृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

इसमें महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ एनीमिया, टीबी, मुख, स्तन व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रसवपूर्व परामर्श, टीकाकरण, मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। शिविरों में स्त्री रोग, नेत्र, ईएनटी, मानसिक स्वास्थ्य, त्वचा और दंत विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही रक्तदान शिविर, दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरण, आभा आईडी और अटल आयुष्मान कार्ड निर्माण के साथ 'निक्षय मित्र' बढ़ाने पर विशेष फोकस रहेगा। कार्यक्रम 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। शिविरों का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला स्तरीय संस्थानों में किया जाएगा। शुभारंभ 17 सितम्बर को जिला अस्पताल बागेश्वर, कपकोट, गरुड़ और कांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से होगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी, अपर जिला अधिकारी एन एस नबियाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुमार आदित्य तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सीपी राधे कृष्णानन के उपराष्ट्रपति बनने पर मिष्ठान वितरण

**काशीपुर।** सीपी राधे कृष्णानं के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सैनी एडवोकेट के नेतृत्व में आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बाटकर खुशी का इजहार करते हुए एनडीए के सभी घटकों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने सीपी राधे कृष्णानं को उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने में उनको अपना वोट देकर सहयोग किया। इस अवसर पर कमलेश कुमार, विजय बासवान, राजेंद्र कश्यप, अजय पाल, अशोक कुमार सैनी, कमल सैनी, अजय सैनी एडवोकेट, दीमान सैनी, घनश्याम सैनी, जसवंत सैनी, देवेश एवं बृजेश सैनी, राजेश ओझा, गोलू समेत अने. कों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भगत ने ली बूथों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विधायक बंशीधर भगत ने गुरुवार को लामाचौड़ मंडल के पांच बूथों में बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों, कार्यकर्ताओं और जनता के साथ बैठक की। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने सड़क, पानी, विद्युत और बरसाती नालों से हो रहे नुकसान से संबंधित समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा।

विधायक भगत ने इन समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल समाधान के लिए निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की सभी टूटी सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी ताकि जनता को स्थायी सुविधा मिल सके। विधायक भगत ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को क्षेत्रवार समस्या बताते हुए स्वयं स्थलीय निरीक्षण के उपरांत तत्काल समाधान करने को कहा है। उन्होंने कहा चाहे वह समस्याएं सड़क निर्माण, बरसाती पानी की निकासी, पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने, विद्युत पोल की आवश्यकता अथवा लो वोल्टेज, झूलते तारों संबंधी समस्याएं ही क्यों न हो। स्थानीय जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेना होगा अन्यथा परिणाम अनुकूल नहीं होंगे। बैठक में मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, मंडल उपाध्यक्ष गो. विंद बर्ती, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश शर्मा, पार्षद प्रमोद पंत, पार्षद चंद्रप्रकाश आर्या, शक्ति केंद्र संयोजक शोभन सिंह भड़, आनंद दुर्गापाल, बूथ अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह फर्त्याल, गिरधर सिंह बिष्ट, देवेंद्र दफौटी, जीवन चंद्र सुयाल, परमजीत सिंह सहित स्थानीय जनता मौजूद रही।

# लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में नशा उन्मूलन, मतदाता जागरूकता संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्दूचौड़।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ, रोवर रेंजर्स और मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर डा. सीमा श्रीवास्तव ने



रोवर रेंजर्स और छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने और रचनात्मक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करने के साथ ही युवाओं को शत-प्रतिशत मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए प्रेरित किया। नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ प्रभारी डा. हेम चन्द्र पाण्डे ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी प्रदान की। मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ प्रभारी डा. गीता तिवारी पाण्डे ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन मतदाता पहचान पत्र बनाने के विषय में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। डा. मनोज कुमार जोशी, डा. गीता भट्ट, डा. कमला पाण्डे, कन्हैया भट्ट, पवन कुमार आदि ने अपने-अपने विचार संगोष्ठी में प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राध्यापक, कर्मचारी, रोवर रेंजर्स, निवर्तमान छात्रसंघ पदा. धिकारी और छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ प्रभारी डा. हेम चन्द्र पाण्डे ने किया। कार्यक्रम का समापन नशा उन्मूलन और मतदाता जागरूकता शपथ के साथ किया गया।

# डीएफओ ने किया शमशान का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** एक सप्ताह पूर्व सभासदो के द्वारा शमशान घाट की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन डीएफओ रामनगर को दिया गया था जिसमें अवगत कराया गया था कि जंगल सफारी शुरू होने के बाद वर्षों पुराना श्मशान घाट को अपने स्थान से हटाकर अन्य स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया था।

मगर जिस स्थान पर श्मशान घाट को शिफ्ट किया गया है उस स्थान तक पहुंचने वाला मार्ग ऊबड़ खाबड़ है वहीं वर्ष में यह मार्ग कीचड़ से भी भर गया था। जिससे आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं वर्षा ऋतु में श्मशान घाट पर कोई भी टीन शेड ना होने के कारण अंतिम संस्कार में भी दिक्कत होने का हवाला दिया गया था वहीं



उस स्थान पर पानी की मात्रा भी कम होने की बात को बताते हुए श्मशान घाट को वर्तमान स्थान से लगभग दो सो मीटर नीचे बनाए जाने की मांग की।

जिसको देखते हुए मंगलवार को रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ ध्रुव मर्तोलिया मौके पर जाकर निरीक्षण कर शीघ्र सभी समस्याओं का समाधान सरकार से मिलकर करने की बात कही। इस दौरान सभासद हरीश मेहरा, रोहित बुधलाकोटी, सुमन अधिकारी, भाजपा नेता मन्नू अधिकारी, चंद्रा टम्टा, राजेश टम्टा ने विधायक बंशीधर भगत का आभार जताया। इस मौके पर कालाढूंगी वन रेंज अधिकारी मुकेश जोशी आदि वन कर्मी मौजूद थे।

# सहभागी बने जनता: टम्टा

**बागेश्वर।** स्वास्थ्य पर्व, स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा के निमित जिले में पहुंची स्वास्थ्य महानिदेशक सुनीता टम्टा ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में जन प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों के साथ संवाद किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े की रूपरेखा व सफल आयोजन के लिए सभी को सहभागिता करने की अपील की। यहां आयोजित बैठक में डिजी हेल्थ टम्टा ने कहा कि सरकार एवं विभाग की मनसा है कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। कहा कि आने वाले दिनों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक बृहद स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा शिवर आयोजित होने है। जिसके लिए जिले के चिकित्सक व कर्मचारी जगह जगह कैंप के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की जांच एवं जानकारियां देंगे। इस दौरान उन्हें जिला अस्पताल, बैजनाथ साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गरुड़ स्वास्थ्य केंद्र, कांडा, दुगनाकुरी स्वास्थ्य केंद्र आदि में खामियां के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही जिले में लचर अवस्था में चल रही 108 सेवा के संबंध में भी अवगत कराया गया। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा आर्या, मनोज ओली, गरुड़ नगर पंचायत अध्यक्ष भावना बर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कुमार आदित्य तिवाड़ी, डा. दीपक कुमार, अनुप कांडपाल, देवेंद्र सिंह, कुलदीप परिहार सहित अन्य अधिक. ारी कर्मचारी व स्थानीय मौजूद थे।

# काशीपुर को शीर्ष स्वच्छ शहरों में शामिल करना लक्ष्य: दीपक बाली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने आज नगर निगम सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि काशीपुर ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में देश के 40 शहरों में 18वाँ स्थान प्राप्त किया है, जो नगर निगम और शहरवासियों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है।



उन्होंने इसके लिए नगर की जागरूक जनता और नगर निगम के अधिका. रियों कर्मचारियों को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह हमारी मंज़िल नहीं बल्कि शुरुआत है और हमारा लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में काशीपुर को भारत के शीर्ष स्वच्छ वायु शहरों में शामिल किया जाए और हमारा स्थान देश में दसवे नंबर पर हो। महापौर ने बताया कि हमारे सामने अभी भी कुछ चुनौतियाँ हैं, जिनमें पुराने कचरे के ढेर और डंपिंग स्थलों से होने वाला प्रदूषण, सड़कों पर उड़ती धूल, हरियाली की कमी और खुले में कचरा जलाने की समस्या शामिल है। महापौर ने कहा कि उक्त चुनौतियों से निपटने के लिए अगले वित्तीय वर्ष में करोड़ों रुपये की योजनाएँ लागू की जाएँगी। इनमें पुराने कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण (1.4 करोड़), ठोस कचरा प्रबंधन केंद्र की स्थापना (18 करोड़), सड़कों का पेवमेंट (5.32 करोड़), ईवी रोड सफाई मशीनों से मुख्य मार्गों की नियमित सफाई, कच्ची सड़कों को पक्का करने का कार्य, पार्कों और चौक-चौराहों पर पौधरोपण (1.4 करोड़), मृत पशुओं के लिए वैज्ञानिक श्मशान का निर्माण तथा विद्यालयों और बाजारों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान शामिल हैं। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे कचरा खुले में न जलाएँ, सड़कों पर गंदगी न फैलाएँ और वृक्षारोपण में भागीदारी करें।

# रायशुमारी से बनेगा कांग्रेस जिलाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** नैनीताल जिले में जिला अध्यक्ष के चुनाव में पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष संजय किरौला, पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल छिम्वाल, केदार पलड़िया, दीपक शाह, रमेश चंद्र जोशी, जया कर्नाटक ने दावेदारी पेश की है। इस बार कांग्रेस पार्टी ने नियुक्त ना कर संगठन की मजबूती के लिए जिला अध्यक्ष का चुनाव जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की राय शुमारी से कराने का फैसला लिया है, जिसके चलते नैनीताल जिले के चुनाव के लिए मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पान को जिले का पर्यवेक्षक बनाकर भेजा है। वहीं सह प्रभारी के रूप में संदीप सहगल भी मौजूद रहे।

इस दौरान पर्यवेक्षक ने बुधवार को कालाढूंगी पहुंचकर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की राय शुमारी ली। उन्होंने कहा इस बार जिला अध्यक्ष दिल्ली से नहीं बनेगा, जिसे कार्यकर्ता चाहेंगे वही बनेगा। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दीप चंद्र सती, जिला पंचायत सदस्य अर्नब कंबोज, हेम नैनवाल, वकील अहमद, रामनगर चेयरमैन हाजी अकरम, पियूष बिष्ट, वकील अहमद, सलमान, कुलदीप तड़ियाल, रवि माथुर सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## काशीपुर में भी जिलाध्यक्ष को लेकर रायशुमारी

**काशीपुर।** कांग्रेस संगठन की ओर से आए पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस नव चेतना भवन में कार्यकर्ताओं के साथ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी की गई। पर्यवेक्षक हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री राव दान सिंह ने बताया कि राहुल गांधी ने संगठन सृजन अभियान शुरू किया है जिसके अंतर्गत कार्यकर्ताओं से राय लेकर जिला अध्यक्ष का नाम तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक नौ विधानसभा में यात्रा पूरी हो चुकी है काशीपुर आखिरी विधानसभा था जहां रायशुमारी अब पूरी कर ली गई है। सभी विधानसभाओं का राय संकलन कर लिया गया है। उम्मीद है कि अगले 20 दिनों में जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी जाएगी। बैठक में खुशाल सिंह अधिकारी विधायक, पूर्व विधायक संजीव आर्य व राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर व्यक्तिगत रूप से रायशुमारी ली। इस दौरान जिलाध्यक्ष पद को लेकर सुझाव मांगे गए। इस अवसर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनुपम शर्मा, अरुण चौहान, शिवम शर्मा, अर्पित मेहरोत्रा, शफीक अहमद अंसारी, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, अलका पाल, राजू छीना, मीनू गुप्ता, मनोज जोशी, उमेश जोशी एडवोकेट, तरुण लोहनी, त्रिलोक अधिकारी, जय सिंह गौतम, जितेन्द्र सरस्वती, महेंद्र बेदी, सुभाष पाल, गीता चौहान, लता शर्मा, इंदु मान मौजूद रहे।

## महापौर से मदद की गुहार

**काशीपुर।** गैस कनेक्शन लेने के तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी लोगों का चूल्हा गैस पाइप लाइन से नहीं चल रहा है। अब कालोनीवासियों ने महापौर दीपक बाली से मदद की गुहार लगाई है। आरके पुरम फेस-2 के कॉलोनी के निवासियों ने महापौर को दिये पत्र में कहा है कि आरके पुरम, फेज-2, मानपुर रोड, में सितंबर 2022 को इंडियन ऑयल अडानी गैस पीएनजी कनेक्शनो के लिए आवेदन किया था। उसी महीने गैस की पाइप लाइन व मीटर तो लगा दिये पर तीन साल बीत जाने के बाद भी पाइपों में गैस सप्लाई शुरू नहीं हुई। जिससे कॉलोनी के करीब सौ से अधिक घर इस समस्या से जूझ रहे हैं। वहां के निवासियों का कहना है कि इंडियन ऑयल अडानी गैस की मुख्य गैस लाइन महज 500 मीटर दूर है, फिर भी कॉलोनी में गैस लाइन नहीं डाली जा रही। कॉलोनीवासियों ने मेयर दीपक वाली से गुहार लगाई है। इंडियन ऑयल अडानी गैस पाइप लाइन घर तक पहुंचवा दें ताकि लंबित समस्या का समाधान हो सके।

# खुद को गोली मारकर दी जान

**काशीपुर।** अज्ञात कारणों के चलते एक व्यक्ति ने खुद को गोली मारकर अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार दढियाल रोड स्थित धीमरखेड़ा निवासी 36 वर्षीय डॉ. प्रेम सिंह ने गत दिवस खुद को गोली मार ली। बताया गया कि प्रेम सिंह के तीन बच्चे हैं तथा उसकी पत्नी का नाम पूनम देवी है। ग्रामवासियों के अनुसार, वह अपने परिवार से अलग रहकर जीवन व्यतीत कर रहा था। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच मे जुट गयी है।


**सूचना: सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने ज्येष्ठ पुत्र अजय गिल व पुत्रवधु श्रीमती कुलदीप कौर पत्नी अजय गिल को परिवार के साथ गलत व्यवहार करने व उनकी हरकतों से तंग आकर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

**बलविन्दर सिंह**
पुत्र श्री ज्ञान सिंह
निवासी ग्राम हिम्मतपुर, पो.ओ. गैबुआ, तह. कालाढूंगी जिला नैनीताल।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी ( नैनीताल )**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री मून्ना लाल श्री मीठ्ठू लाल निवासी कालढूंगी वार्ड नं. 5 तहसील कालाढूंगी पो.ओ. कालाढूँगी (नैनीताल) द्वारा अपने नाम से दर्ज भवन के गृहकर को अपने पुत्रों श्री सुभाष कुमार पुत्र मुन्ना लाल के नाम दो कमरे जिसके पूरब में सड़क, पश्चिम में उमेश कुमार के हिस्से का भवन, उत्तर में सड़क व दक्षिण में सर्वेश कुमार के हिस्से का भवन स्थित है व दूसरे पुत्र श्री सर्वेश कुमार पुत्र मून्ना लाल को दो कमरे का भवन जिसके पूरब में सड़क, पश्चिम में प्रवेश कुमार के हिस्से का भवन, उत्तर में सुभाष कुमार के हिस्से का भवन व दक्षिण में महेश बाल्मिकी का भवन स्थित है व तीसरे पुत्र प्रवेश कुमार पुत्र मुन्ना लाल को दो कमरे जिसके पूरब में सर्वेश कुमार के हिस्से का भवन, पश्चिम में सड़क, उत्तर में उमेश कुमार के हिस्से का भवन व दक्षिण में महेश बाल्मिकी का भवन स्थित है व चौथे पुत्र उमेश कुमार पुत्र मून्ना लाल को दो कमरे जिसके पूरब में सुभाष कुमार के हिस्ते का भवन, पश्चिम में सड़क, उत्तर में सड़क व दक्षिण में प्रवेश कुमार के हिस्से का भवन स्थित है, के नाम गृहकर को हस्तान्तरण किये जाने हेतु दिये गये प्रार्थना पत्र शपथ पत्र, व श्री मुन्ना लाल के लिखित बयान किये जाने उपरान्त उक्त भवन का गृहकर करों की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार न होने के दशा में प्रार्थी के उक्त पुत्रों के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। यदि भविष्य में उक्त गृहकर हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी के द्वारा कोई आपत्ति की जाती तो लगाया गया गृहकर स्वतः ही समाप्त हो जायेगा। यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे। बाद म्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# साइबर ठगों के निशाने पर लोग

## हल्द्वानी में सामने आए तीन बड़े मामले, लाखों की रकम उड़ाई

### नौकरी के झांसे में गंवाए एक लाख 70 हजार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मर्चेंट नेवी में नौकरी के झांसे में आकर युवक एक लाख से अधिक रकम साइबर ठगों के हाथों गंवा बैठा। ठगों ने उसकी खाते से रकम उड़ा ली और अब ठगों का फोन बंद आ रहा है। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल भेज दिया है। शहर के मुखानी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पुलिस तहरीर दी है, जिसमें उसने बताया है कि पिछले साल 2024 दिसंबर में उसके बेटे ने मर्चेंट नेवी में नौकरी के लिए ऑनलाइन एजेंट से बात की थी। दोनों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर बात हुई। 20 दिसंबर को अज्ञात एक नम्बर से व्हाट्स ऐप पर फोन आया। फोन करने वाले ने नौकरी का झांसा देकर धनराशि मांगी। विश्वास कर युवक ने 1 लाख 70 हजार रुपये खाते में जमा करा दिए। महिला का कहना है कि पहले दिन ही उसने एक खाते से दूसरे खाते में अपने पैसे ट्रांसफर किए थे। अब जब नौकरी के लिए युवक ने अज्ञात नम्बर पर फोन किया तो बंद आ रहा है। फोन करने वाले युवक से किसी भी तरह का सम्पर्क नहीं हो रहा है। मुखानी थाना एसओ दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### बैंक प्रतिनिधि बनकर लगाई चपत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** साइबर ठगों ने एक महिला को बैंक प्रतिनिधि बनकर झांसे में लिया और उसके खाते से 1.13 लाख रुपये की बड़ी रकम उड़ा ली। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना 25 फरवरी 2025 की है, जब उसके मोबाइल पर एक अज्ञात कॉल आई। कॉलर ने खुद को एक निजी बैंक का अधिकारी बताया। संदेह की बात यह रही कि महिला का खाता भी उसी बैंक में है। कॉलर ने विश्वास में लेते हुए महिला से एटीएम कार्ड के अंतिम चार अंक पूछे और कॉल तुरंत काट दी। कुछ ही देर में महिला के मोबाइल पर 1.13 लाख रुपये की निकासी का मैसेज आया, जिसे देखकर उसके होश उड़ गए। पीड़िता ने तुरंत पुलिस से संपर्क किया और कार्रवाई की मांग की। एसओ विमल मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और साइबर ठगों की तलाश के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### पैसे डबल करने का लालच देकर लगाया 4 लाख 28 हजार का चूना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** 'फिर हेराफेरी' फिल्म नहीं देखी होगी, और देखी भी होगी तो उसे दिमाग में रखा होता तो 'पैसा डबल' करने की स्कीम में फंसकर दो युवक कंगाल नहीं होते। जी हां! दोनों युवक साइबर ठगों का शिकार बन गए और चार लाख 28 हजार की मोटी रकम गंवा दी। पुलिस को पीड़ितों ने शिकायत सौंपी है। मुकदमा दर्ज हुआ है। पहला मामला बनभूलपुरा निवासी परवेज़ का है। थाने में सौंपी तहरीर में परवेज़ ने बताया कि विगत 18 फरवरी को उसे अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह पैसे डबल करते हैं। कई लोग उनसे अपने पैसे डबल करवा चुके हैं। परवेज़ फोन करने वाले के इस झांसे में आ गया और पांच हजार रुपये उसे भेज दिए। आधे घंटे बाद परवेज़ के पास दस हजार रुपये क्रेडिट का मैसेज आया तो परवेज़ खुशी से फूला नहीं समाया और उसने पांच किस्तों में ठगों के एकाउंट में 3.28 लाख रुपये डाल दिए। लेकिन पैसे डबल नहीं हुए। परवेज़ ने जब पूछा कि उसके पैसे वापस किए जाएं। तो ठगों ने कहा उनकी पैसों से भरी गाड़ी सफेद वर्दी वालों ने पकड़ ली है। बनभूलपुरा थाना इंचार्ज सुशील कुमार ने बताया मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं एक दूसरा मामला कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र का है। मनोज नाम के एक व्यक्ति से भी रिटर्न देने के नाम पर एक लाख की ठगी हो गयी। उसने भी पुलिस में गुहार लगाई है।

### कुमाऊं के इतिहास पर टिप्पणी का मामला बेनतीजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के इतिहास पर एक ज्योतिष द्वारा की गयी टिप्पणी के बाद भी उसपर कोई कार्रवाई न होने का मामला थमा नहीं है। पहाड़ी आर्मी ने पुलिस पर हीलाहवाली का आरोप लगाया है। पहाड़ी आर्मी ने कोतवाली में आकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर ऐतराज़ जताया। जिसके बाद मामले का पटाक्षेप करने के मकसद से एक पहल यह हुई कि कोतवाल ने दोनों पक्षों से वार्ता की, लेकिन बेनतीजा रही। पहाड़ी आर्मी के महानगर अध्यक्ष फौजी भुवन चंद्र ने कहा कि विगत दिनों एक ज्योतिष ने फेसबुक वीडियो प्रसारित कर कुमाऊं के इतिहास को लेकर टिप्पणी की। जो न सिर्फ निराधार बल्कि पूरी तरह गलत है। पोस्ट में व्यक्ति ने अपना व उसकी सात पुश्तों का सम्बन्ध हल्द्वानी से होने का दावा करते हुए कुमाऊंनी संस्कृति, परम्परा और पृष्ठभूमि के लोगों के लोगों के बारे में सार्वजनिक अपमानजनक बेतुकी बातें कहीं। फेसबुक यूजर ने कुमाऊं के इतिहास को चुनौती दी है। भुवन चन्द का कहना है कि ज्योतिष ने सौहार्द और शान्तिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने की कोशिश की है। कोतवाल राजेश यादव ने दोनों पक्षों की बात सुनी। आरोपी पक्ष ने इसके लिए माफी भी मांगी।

### यूपी से कोर्ट मैरिज करने पहुंचा प्रेमी जोड़ा

**हल्द्वानी।** बरेली (उत्तर प्रदेश) से अलग-अलग समुदाय का एक प्रेमी जोड़ा भागकर शादी करने के लिए हल्द्वानी कोर्ट पहुंचा। मामला पुलिस तक पहुंच गया। नैनीताल रोड स्थित भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि दोनों बालिग थे। परिवार से दूर भागकर दोनों शादी करने के लिए हल्द्वानी कोर्ट में आए। एक अधिवक्ता ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद प्रेमी युगल के परिजनों को सूचना दी गई। बाद में परिवार से बातचीत के बाद दोनों को उनके परिजनों के पहुंचने के बाद छोड़ा गया।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

## मां की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अल्मोड़ा के रहने वाले युवक पर पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार काठगोदाम गौलापार थानाक्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसकी 17 साल की बेटी कक्षा 11वीं की छात्रा है। महिला का आरोप है कि उसकी बेटी के मुलाकात अल्मोड़ा निवासी ललित जोशी नामक से 2024 में हुई थी। जिसके बाद लगातार फोन में बात. चीत और वाट्सएप में चैट करने के बाद युवक ने उसकी बेटी को विश्वास में लिया और फिर उसको मिलने के लिए हल्द्वानी रोडवेज के पास बुलाया। आरोप है कि युवक उसे एक होटल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि युवक सितंबर में फिर हल्द्वानी आया और उसे होटल लेजाकर शारीरिक संबंध बनाए। कुछ दिन पहले पीड़िता ने सारी घटना के बारे में अपनी मां को बताया। जिसके बाद मां ने काठगोदाम थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाई की मांग को लेकर तहरीर सौंपी। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरु कर दी।

### युवक जहरखुरानी का शिकार लूटा सामान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सफर में यात्रा करने वाले अब भी जहरखुरानी गिरोह का शिकार बन रहे हैं। एक और मामला सामने आया है। दिल्ली से रोडवेज बस में हल्द्वानी आ रहा मल्टीनेशनल कम्पनी में काम करने वाला एक युवक शिकार हो गया। आवास विकास निवासी सुमित कुछ दिन पहले दिल्ली से हल्द्वानी आने को रोडवेज बस में सवार हुआ। आरोप है कि इसी दौरान उसके बगल में बैठे दो लोगों ने उसके साथ दोस्ती गांठ ली। रास्ते में साथ खाना खाने को कहा। विश्वास में आकर युवक ने उनके साथ खाना खा लिया। खाना खाने के बाद युवक बेहोश हो गया। होश आने पर पता लगा कि उसका बैग, मोबा. इल फोन, लैपटॉप चोरी हो गया। जबकि कुछ पैसे भी गायब थे। वह दिल्ली में ही एक मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करता है। शहर कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मामले में मुकदमा लिखा जाएगा।

# रात में गरीबों को पहुंचाया राशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** ड्रीम्स केयर फाउंडेशन ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए बीती बुधवार की रात्रि शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया। संस्था का यह प्रयास न केवल भूख मिटाने की दिशा में रहा, बल्कि समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूक करने का भी माध्यम बना।

फाउंडेशन की डायरेक्टर ममता पांडे ने बताया कि रात के अंधेरे में जब अधिकांश लोग अपने घरों में सुकून से बैठे थे, उस समय ड्रीम्स केयर फाउंडेशन की टीम सड़कों पर, चौराहों पर और झुग्गी-झोपड़ियों के बीच घूम रही थी। टीम का उद्देश्य था उन लोगों तक पहुँचना, जिन्हें अक्सर समाज की नज़रें अनदेखा कर देती हैं। रिक्शा चालक, फुटपाथ पर रहने वाले परिवार, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक और वे गरीब लोग जो रोज़ाना मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं। उन्होंने बताया संस्था का उद्देश्य केवल सामग्री बांटना नहीं था। प्रत्येक स्थान पर जब टीम ने राशन वितरित किया, तो साथ ही लोगों को उनके मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए बच्चों को पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाते हुए स्वच्छता, पोषण और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया। इस मौके पर दीपक पांडे, हरीश पांडे, प्रज्वल पांडे, ऋषिका, संतोष, मुकेश राठौर आदि मौजूद रहे।



# काउंसलिंग के बाद नशेड़ियों का चालान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नैनीताल जनपद की सड़कों पर आधी रात को हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। महिला सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर अभियान चलाया गया। ऑपरेशन रोमियो के तहत पुलिस ने बुधवार रात चेकिंग अभियान चलाया। आधी रात सड़कों पर अराजकता करने वाले 93 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। शराब पीकर वाहन दौड़ाने वालों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा ने बताया कि महिला सुरक्षा, सार्वजनिक मर्यादा और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से दो दिनों से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यहां नशे में वाहन चलाने वालों, काली फिल्म, मोडिफाइड साइलेंसर, हूटर लगे वाहनों, रैश ड्राइविंग, स्टंटबाजों पर कार्रवाई की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर नशे का सेवन कर अराजकता करने वाले 93 को हिरासत में लिया और उनसे रुपये 29250 जुर्माना वसूला। वहीं ड्रंक एंड ड्राइव में 17 चालकों की गिरफ्तारी हुई। सभी के वाहन सीज किए गए। कुल 144 चालान किए गए। यह कार्रवाई जिले के सभी थाना क्षेत्रों में की गई है। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि लोगों को नियमों के पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है।



# देशभर के शिक्षकों का भविष्य संकट में: मनोज तिवारी

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद तनाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद देशभर के लाखों शिक्षकों का भविष्य संकट में आ गया है। कोर्ट ने शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य कर दिया है, जिससे पहले से कार्यरत हजारों शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के पदाधिकारी मनोज तिवारी ने इस फैसले को अव्यवहारिक और अमानवीय बताया है। उनका कहना है कि यह आदेश भूतलक्षी प्रभाव वाला है, जिससे पहले से नियुक्त वे शिक्षक भी प्रभावित होंगे, जिनकी नियुक्ति नियमों के तहत हुई थी। तिवारी ने प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार से हस्तक्षेप कर स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि कई शिक्षक टेट की योग्यता ही नहीं रखते क्योंकि टेट के लिए स्नातक में 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं, जबकि पूर्व में शिक्षक की न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट थी। संगठन ने आशंका जताई है कि इस आदेश का असर पेंशनधारियों और वर्तमान में सेवाएं दे रहे शिक्षकों पर भी पड़ सकता है। संगठन कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है।



# हरीश को नगर का जिम्मा, ललित कार्यकारी अध्यक्ष

## हल्द्वानी में उत्तराखंड क्रांति दल का नगर सम्मेलन संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड क्रांति दल का नगर सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में पूरी चुनाव प्रक्रिया के तहत सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष हरीश जोशी और नगर कार्यकारी अध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट चुना गया। चुनाव प्रभारी केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल और केंद्रीय पर्यवेक्षक दिनेश चंद्र भट्ट की देखरेख में यह चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुआ। यूकेडी द्वारा आयोजित नगर सम्मेलन में काफी युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बैठक की अध्यक्षता यूकेडी जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान द्वारा की गई जबकि संचालन काजल रावत ने किया। सम्मेलन में युवाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य हमारा है और हम ही इसे संचालित करेंगे। भाजपा व कांग्रेस दोनों राष्ट्रीय पार्टियां दिल्ली और नागपुर से संचालित हो रही है। केंद्रीय पर्यवेक्षक दिनेश चंद्र भट्ट ने कहा कि आने वाला भविष्य युवाओं का है, इसलिए उत्तराखंड क्रांति दल में अधिक से अधिक युवा जुड़ें। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष हरीश जोशी और नगर कार्यकारी अध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई उसपर वह खड़ा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा हल्द्वानी के अंदर उत्तराखंड क्रांति दल को वार्ड स्तर पर मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा और संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ा जायेगा। सम्मेलन में केंद्रीय संगठन मंत्री भुवन सिंह बिष्ट, वरिष्ठ नेता हर्ष भुवन जोशी, यूथ के केंद्रीय प्रभारी कमल जोशी, छात्र नेता हर्ष मेहरा, गौरव सूफियाल, रविंद्र सिंह नेगी, प्रमोद सती, कंचन जोशी, हरीश पांडे, कपिल त्रिपाठी, प्रदीप बोरा, मुकेश, गोविंद बगड्वाल, संजय मेहरा, भारत खनका, अंकुर, सुरेंद्र बिष्ट, सुभाष रावत, करण जोशी आदि मौजूद रहे।




# ज्वैलर्स पर बच्चियों से छेड़छाड़ का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एक शर्मनाक मामला सामने आया है। महानगर के एक ज्वैलर्स पर स्कूल की तीन बच्चियों ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। परिजनों से शिकायत प्राप्त होने के बाद पुलिस ने तीनों बच्चियों से पूछताछ की और आरोपी कारोबारी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मामले की जांच महिला एसआई कर रही है।

खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र में पढ़ने वाले एक सरकारी प्राइमरी स्कूल की तीन बच्चियां जब छुट्टी के बाद अपने घर को आ रही थीं तो इसी दौरान एक अधेड़ उम्र के सर्राफा कारोबारी ने बच्चियों को टॉफी देने के बहाने अपने बुलाया। आरोप है कि कारोबारी ने गलत नियत से बच्चियों को छुआ। छेड़छाड़ भी की। बच्चियों ने घर पहुंचकर परिजनों को अपबीती सुनाई, जिसके बाद मामला कोतवाली पहुंचा। बच्चियों के परि. जनों ने तहरीर दी है। आरोप है कि उनकी आठ-दस साल की मासूम बच्चियों से अश्लील हरकतें की गईं। शहर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि कोतवाली से कुछ दूरी पर सर्राफा कारोबारी की दुकान है। आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार आरो. पी ने बताया कि वह रोज बच्चों को प्यार से बुलाकर टॉफी देते रहता है। उसका कोई गलत इरादा नहीं था।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था पर रोष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था व दिनदहाड़े मारपीट, गुंडागर्दी पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर सुराज सेवा दल कार्यकर्ताओं ने कुमाऊँ मण्डल अध्यक्ष विशाल शर्मा के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में सुराज सेवा दल ने कहा कि बीते कुछ महीनों से नैनीताल जनपद की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं। आए दिन असामाजिक तत्वों द्वारा खुलेआम मारपीट, धमकाने एवं गुंडागर्दी जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस विभाग की निष्क्रियता के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है और आमजन का पुलिस पर से विश्वास उठने लगा है। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि असामाजिक तत्वों के विरुद्ध त्वरित व कठोर कार्यवाही की जाए, जनपद में गश्त एवं पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जाए, आम जनता को सुरक्षा का अहसास कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने चेताया कि अगर मुख्य मांगों पर समय रहते असामाजिक तत्वों में लगाम नहीं कसी तो सुराज सेवा दल उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में कुमाऊँ मण्डल अध्यक्ष विशाल शर्मा, एनजीओ प्रकोष्ठ महिला प्रदेश अध्यक्ष शशि सिंह, विष्णु दत्त उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष दीपक जोशी, अम्बादत्त भट्ट, अमित साह, विनोद पाठक, मीनाक्षी, पूजा, ज्योति, गोविन्द, मुस्ताक आदि मौजूद रहे।



### मोमबत्ती का प्रशिक्षण दिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कृषि विज्ञान केन्द्र, ज्योलीकोट द्वारा आर्या परियोजना के तहत ग्रामीण बेरोजगार महिलाओं के लिए पांच दिवसीय शोधकारी मोमबत्ती निर्माण प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। उद्घाटन केन्द्र प्रभारी डा. सी. तिवारी ने किया। प्रशिक्षण में महिलाओं को सिलिकॉन मोल्ड से पैराफिन और सोया मोम की मोमबत्तियां बनाना सिखाया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व मास्टर ट्रेनर्स मंजू देवी, काजल आर्या, मधु देवी, गीता नेगी, पूजा कौटलिया और रक्षिता बोरा ने किया। इस दौरान डा. बलवान सिंह ने वर्षा ऋतु में पशुपालन की सावधानियों पर जानकारी दी, जबकि डा. वीके सिंह ने मत्स्य पालन को आय का स्रोत बताया। डा. शशि तिवारी ने ऑनलाइन मार्केटिंग के ज़रिए मोमबत्तियों की बिक्री के सुझाव दिए।

# स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत पर होगा मंथन

## अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की 'व्यापारी चौपाल' कल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल द्वारा कल 13 सितंबर शनिवार को व्यापारी चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम हल्द्वानी के रुद्राक्षी बैंक्वेट हॉल में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह कार्की ने बताया कि व्यापारी चौपाल एक ऐसा मंच है जहां राज्य भर के व्यापारी एकजुट होकर व्यापार और सामाजिक मुद्दों पर विचार करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर बनो जैसे अभियानों को मजबूती देना है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि व्यापारी चौपाल का शुभारंभ राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंधी करेंगे। इस मौके पर हालिया व्यापारिक सुधारों और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में एक बड़े स्तर का स्वास्थ्य कैंप भी लगाया जाएगा जिसमें नेत्र परीक्षण हृदय जांच और सामान्य रोग विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश संगठन महामंत्री भूपेश बिष्ट ने व्यापारियों से इस शि. विर का लाभ उठाने की अपील की। वार्ता में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जीवन सिंह कार्की, प्रदेश संगठन महामंत्री भूपेश बिष्ट, प्रदेश कोषाध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, प्रदेश संयोजक ठेला वेंडर संगठन प्रमोद अग्निहोत्री, जिला संगठन महामंत्री राघवेंद्र चौहान, ग्रामीण नगर अध्यक्ष अजय डंगवाल, महामंत्री भरत बगड़वाल, अवध बिहारी शर्मा, पंकज जोशी, जिला सचिव चित्रेश जायसवाल, दीप्ती चुफाल, बीनू जायसवाल आदि थे।




# बीस सूत्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा

## वित्तीय वर्ष में प्राप्त धनराशि व्यय का लक्ष्य हासिल करें: अनामिका

शाह टाइम्स संवाददाता

**भीमताल।** गुरुवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने जिला योजना, राज्य एवं केंद्र पोषित योजनाओं के साथ ही बीस सूत्रीय कार्यक्रमों की विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभागों को प्राप्त धनराशि को समय से व्यय करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मानसून काल अब खत्म होने जा रहा है इस के लिए सभी कार्यदाई संस्था निर्माण कार्यों के टेंडरिंग की कार्यवाही यथाशीघ्र प्रारंभ करते हुए इसी माह स्थल में कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आगामी दिसंबर माह तक निर्माण कार्यों को कराए जाने के लिए मौसम अनुकूल रहता है।

इसके लिए सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि कार्य इसी माह प्रारंभ हो जाए ताकि दिसंबर माह तक पूर्ण हो जाय। बीस सूत्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को ए श्रेणी लाने के निर्देश सीडीओ द्वारा दिए गए। जनपद में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में कुल 42 मद हैं वर्तमान में ए श्रेणी में 19, बी श्रेणी में 11, सी श्रेणी में 4 एवं डी श्रेणी में 8 विभाग हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने वर्तमान में डी श्रेणी वाले विभागों, जल जीवन मिशन, बायोगैस, स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पारिवारिक शौचालय, सिंचन क्षमता सृजन से संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वह प्रगति बढ़ाते हुए ए श्रेणी लाएं। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी मुकेश नेगी ने अवगत कराया की जनपद नैनीताल की वित्तीय वर्ष 2025-26 की जिला योजना 70 करोड़ 20 लाख 50 हजार की अनुमोदित हुई है, इसमें शत प्रतिशत धनराशि विभागों को आवंटित कर दी गई है। बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश पंत, एपीडी चन्द्रा फर्त्याल सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




### शराब तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखानी पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 47 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई है। तस्कर के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाई करते हुए, न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में एसआई सूरज कुमार मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी टीम ने पंचशील कालोनी से लगभग डेढ़ सौ मीटर कुशालपुर मुखानी के पास लामाचौड़ मुखानी निवासी राजकुमार पुत्र स्व. रामकुमार को रोकथाम शराब की तस्करी करते गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 47 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# फ्लैश लाइट टार्च रैली आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बागजाला गांव में भूमि के मालिकाना अधिकार, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव का अधिकार बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के 25वें दिन गुरुवार को भी जारी रहा। धरनास्थल पर हुई सभा में आक्रोशित ग्रामीणों कहा कि आठ सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण धरने में बैठे हैं लेकिन क्षेत्रीय विधायक व राज्य सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने तय किया कि कल यानि आज शुक्रवार को धरनास्थल से मोबाइल फ्लैश लाइट टार्च रैली निकाली जाएगी, जो पूरे गांव में भ्रमण करेगी। धरने में आनन्द सिंह नेगी, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, डा. कैलाश पाण्डेय, विमला देवी, हेमा देवी, गोपाल सिंह बिष्ट, हरि गिरी, मो. परवेज, मीना भट्ट, किरन प्रजापति, दीवान सिंह बर्गली, एमएस मलिक, नसीर, राजदा, चन्दन सिंह मटियाली, दुर्गा मटियाली, मधु बिष्ट, पुष्पा, सरोज, यश आर्य, पार्वती, दिनेश चन्द्र, भोला सिंह, भगवती गोस्वामी, सरला सिंह, रानी, हीरा देवी, शांति देवी, सुमन लता शर्मा, हंसी बिष्ट, रेखा देवी, तुलसी, देवकी, चेतन मटियाली, सविता देवी, फरजाना, दीपक कुमार मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎05946-250286

मुख्यालय: मोबाइल-9720007290

R.N.I.No. UTTHIN/2003/10264

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चारा लेने गई वृद्धा की हत्या

**■ गन्ने के खेत में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** नगर से करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित मुरली वाला गांव में 65 वर्षीय ओमवती देवी पत्नी स्व. राजेन्द्र सिंह की गला घोटकर हत्या कर दी गई। उनका शव गन्ने के खेत में मिला। प्रथमा दृष्टि पुलिस ने लूट के इरादे से हत्या करने की आशंका जताई है । घटनास्थल पर उसके कानों के सोने के कुंडल गायक मिले हैं। उक्त घटना से गांव में सनसनी फैल गई मौके पर भीड़ जमा हो गई पुलिस ने त्वरित मौके पर पहुंचकर मौजूद जनता को समझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विधायक आदेश चौहान ने भी घटनास्थल का दौरा किया।

ज्ञात हो की मुरली वाला निवासी ओमवती देवी पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र सिंह बुधवार को रोज की तरह मुरली वाला- तालबपुर मोड पर स्थित अपने खेत में चारा लेने गई थी। देर शाम तक घर ना लोटने पर उनके इकलौते पुत्र ललित ने उनकी तलाश शुरू की। गांव से लगभग 1.5 किलोमीटर दूर खेत में ओमवती का शव पड़ा मिल, जिसके गले में उनकी साड़ी लिपटी हुई थी और मुंह खुला था पास में चारे की गड्डी पड़ी थी। ललित की चीख सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना पर त्वरित कोतवाली पुलिस, सीओ दीपक सिंह और विधायक आदेश चौहान भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास छानबीन की लेकिन मौके पर कोई सुराग नहीं मिला। आज गुरुवार शाम शव पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार करा दिया गया है। मीडिया से बात करते हुए कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है, जिसका अध्ययन किया जा रहा है। लूट के उद्देश्य से हत्या की संभावनाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि पुलिस टीम जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने वृद्धा की हत्या को गंभीरता से लेते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस आसपास के गन्ने के खेतों और घटनास्थल के आस.पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

मौके पर बात करने पर ग्राम प्रधान अनुज कुमार मोती ने बताया कि महिला के परिवार अत्यंत सीधा-साधा है उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है लेकिन मृतका की मौत की तहरीर पुलिस को सौंप दी गई है आगे की कार्यवाही पुलिस द्वारा की जा रही हैं।

# आर्थिक तंगी से परेशान होकर बीएससी छात्र ने लगाई फांसी

**■ पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के आजादनगर में बीएससी के छात्र ने फांसी लगा ली। परिजन को पता चलते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने। शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आजाद नगर नई बस्ती निवासी 18 वर्षीय रोहित शर्मा पुत्र स्व वेद प्रकाश शर्मा एमबीपीजी हल्द्वानी से बीएससी दूसरे वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। घर की आर्थिक स्थिति सही न होने के चलते पिछले करीब छह माह से सिडकुल में नौकरी भी शुरू कर दी थी। बुधवार को नाइट शिफ्ट करने के बाद गुरुवार सुबह घर पहुंचा। परिजन के अनुसार चाय नाश्ता करके वह कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। घरवालों को लगा कि रोहित नाइट शिफ्ट करके आया है और रोज की तरह सोएगा।

दोपहर में खाना खाने के लिए उसकी भाभी जब कमरे से आवाज लगाई, कोई उत्तर न मिला तो अनहोनी का संदेह हुआ। दरवाजा तोड़ कर देखा तो रोहित फंदे से लटका हुआ था। यह देखते ही परिजन के होश उड़ गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्वजन के अनुसार रोहित ने पड़ोसी से कुछ रुपये कर्ज लिए थे, जिसके चलते वह ज्यादा परेशान था।

## एक नजर

# एलायंस क्लब ने पौधारोपण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** टनकपुर रोड के डिवाइडर पर सहजन और गुलमोहर जैसे दर्जन भर से अधिक पौधे रोपे गए।



पौधों को स्वस्थ एवं मजबूत रखने के साथ-साथ जानवरों एवं क्षति से बचने के लिए उन पर सुरक्षात्मक कवच के रूप में ट्री गार्ड भी लगाया गया। कार्यक्रम संयोजक विश्वजीत पाल एवं गुरपवन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि केवल रोपण ही नहीं बल्कि पौधों की सुरक्षा और पोषण भी हमारी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हरे - भरे स्थान हमें और अधिक खुश तथा उत्साहित बनाते हैं। वृक्षारोपण के महत्व पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं बल्कि हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। क्लब अध्यक्ष जितेंद्र पारूथी ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर अध्यक्ष जितेंद्र पारुथी ,सचिव बादल सक्सेना, कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल एवं डॉ महेंद्र प्रताप पांडे नंद, रावेंद्र कुमार रवि ,राकेश कुमार रॉक्सी, अंशदीप गंभीर, गुरपवन सिंह, विश्वजीत पाल, गुरप्रीत सिंह और नवनीत अरोरा आदि रहे।

# भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र में विभिन्न विभागों/संस्थानों/ कारखानों /राजननितिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं द्वारा द्वारा तहसील कार्यालय/ब्लाक कार्यालय/ चीनी मिल नादेही/ पंडित दीनदयाल पार्क में पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं पूर्व गृहमंत्री भारत सरकार भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 138 वीं जयंती मनाई गई ।



वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने का आवाह्न किया। इस अवसर पर चीफ केमिस्ट राजवीर सिंह,चीफ इंजी. नियर नारायन सिंह,राहुल देव सिंह, देवेंद्र श्रीवास्तव, चंद्रशेखर, चन्द्रशेखर सती, सत्यपाल सिंह, मोहन सिंह,भूप सिंह विजेंद्र गहलोत, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष,राजकुमार चौहान, मास्टर भूदेव सिंह चौहान,कमल चौहान, बलराम तोमर, विशाल कश्यप, रवि मनी, अनीता पवार, ज्योति कश्यप, दीपक राणा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उपवास कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** खेल प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु स्टेडियम स्थापना की जनभावना को बल देने के लिए आगामी 14 सितम्बर को प्रस्तावित एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम की तैयारियों पर बैठक की।



इस बैठक में जिला पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, कार्यकर्ताओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जसपुर के युवाओं की खेल प्रतिभा को पहचान और मंच दिलाना हमारी साझा जिम्मेदारी है। सरकार से आग्रह है कि इस जनभावना का सम्मान करते हुए जसपुर में शीघ्र ही स्टेडियम की स्थापना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिलाअध्यक्ष भाजपा नेता मनोज पाल समेत सैकड़ों विद्यार्थियों/जनप्रतिनिधियों/नागरिकों ने भाग लिया।

# हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बीते दिनों केमरी रोड बिलासपुर में दो मोटर साईकिलों के मध्य हुई भिडंत के दौरान गम्भीर रूप से घायल हुए युवक ने आज गुरुवार प्रातः यहां एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंच कर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से बरेली निवासी 27 वर्षीय राजीव पुत्र सुरेश अपनी पत्नी व छोटे बच्चों के साथ आजाद नगर ट्रांजिट कैम्प में रहता था और मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि बीते रविवार को उसकी मौसी का निधन हो गया था और वह बाइक पर सवार होकर अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए ग्राम कोपा धामी कटोली बिलासपुर जा रहा था। मार्ग में केमरी रोड पर उसकी मोटर साईकिल सामने आती मोटर साईकिल से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में राजीव गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों में उसका अनेक चिकित्सालयों में उपचार कराया। आज प्रातः राजीव ने एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना क्षेत्र जिला रामपुर होने के कारण मामले की जांच उत्तर प्रदेश पुलिस कर रही हैं।

# नशा करना है, तो किताबों का करो मादक पदार्थों में क्या रखा है: संतोष

**■ नशे को लेकर उ.नि. संतोष देवरानी ने बच्चों को दिए टिप्स**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नशा करना है तो किताबों का करो, मादक पदार्थों में क्या रखा है, किताबें जिंदगियां संवारती हैं और नशा जिंदगियां उजाड़ कर बर्बाद करता है। उक्त पंक्तियां पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआ डाबरा में पुलिस द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी प्रभारी नादे. ही संतोष देवरानी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहीं।

बताया कि आप (विद्यार्थी) देश का भविष्य हैं, इसलिए आप मादक पदार्थों जैसे ड्रग्स, कोकिन और हीरोइन आदि के चंगुल में ना पड़े । इसके सेवन से स्वयं की जिंदगी के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थियों को अपने भविष्य को संवारने के लिए किताबों से बेहतर कोई अन्य साथी नहीं है। उन्होंने यातायात के नियमों की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में रोड एक्सीडेंट में बिना हेल्मेट के अधिक घटनाएं घटित हो रही है। इतना ही नहीं पूरे भारत में प्रतिदिन लगभग सात सौ लोग रोड एक्सीडेंट में अपनी जान गंवा रहे हैं। उन्होंने वर्तमान में हो रहे साइबर क्राइम के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि इस तकनीकी युग में बिना मोबाइल के विद्यार्थी अपना अध्यापन कार्य नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन इसकी अधिकता के कारण आए दिन साइबर क्राइम की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्वयं के साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों को भी इसकी जानकारी होना अति आवश्यक है। इससे संबंधित कोई भी घटना घटित होने पर इन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराएं।



इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने पुलिस टीम का आभार जताते हुए विद्यार्थियों से उनके द्वारा दिए गए सुझावों को अपनाकर उस पर अमल करें और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करें। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल,शारी. रिक राजेश चौधरी, योगेश पंत, महेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, सरीस आलम, उपेंद्र सिंह, डॉक्टर तजम्मुल हसन, अरुण कुमार वर्मा, नाजिम कमर, सतेंद्र कुमार, नीतू सैनी, मोनिका, नूतन रानी, नफीस अहमद, जयवीर सिंह, राजीव कुमार, अरुण कुमार, सोमपाल, नसीम जहां, राम कीर्ति, सुनीता समेत सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे।

# जनता दरबार में आईजी ने सुनीं समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

**■ नशा और साइबर अपराध पर जीरो टॉलरेंस-आईजी कुमाऊं**

**■ जनता दरबार में यातायात व्यवस्था, महिला सुरक्षा, अराजकता, नशाखोरी तथा साइबर अपराध जैसे गंभीर मुद्दे छाए रहे**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कोतवाली परिसर में मिशन संवाद- सुनवाई भी, संवाद भी, के तहत आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने गुरुवार को जनता दरबार व सैनिक सम्मेलन में जनता एवं पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के समाधान हेतु संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दरबार में खटीमा, सितारगंज, नानकमत्ता तथा झनकईया क्षेत्र से आए हुए नागरिकों ने अपनी अपनी शिकायतें राखी। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने हर मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्धारित समय के अंतर्गत त्वरित व ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में मुख्य रूप से अराजकता, महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, नशाखोरी और साइबर अपराध जैसे मुद्दे छाए रहे। वहीं मॉडिफाइड मोटरसाइकिल से कुछ युवकों द्वारा अराजकता फैलाने की शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेकर उन्होंने एक माह के अंदर विशेष अभियान चलाकर ऐसे युवाओं की मोटरसाइकिल सीज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नाबा. लिक बच्चों को मोटरसाइकिल ना देने और उनके अनमोल जीवन के साथ खिलवाड़ न करने की अभिभावकों से अपील की। वहीं महिला अपराधों से जुड़ी शिकायतों पर उन्होंने कहा कि काउंसलिंग और नियमानुसार कार्रवाई हर हाल में की जाए।

इसके साथ ही उन्होंने विवेचक और महिला हेल्पलाइन प्रभारी को निर्देश दिए कि पीड़िता को भरण पोषण का अधिकार और न्यायालय में उनका मामला मजबूती से रखना सुनिश्चित किया जाए। शहरों और और कस्बों में जाम और अतिक्रमण की बड़ी समस्या के संबंध में उन्होंने एसपी सिटी रूद्रपुर उत्तम सिंह नेगी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर एक माह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। नशाखोरी जैसी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि नशाखोरी समाज और भविष्य दोनों के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि ड्रग फ्री उत्तराखंड मुख्यमंत्री का एक सपना है और इसे साकार करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि नशे की सूचना मिलने पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, सर्किल अधिकारी सितारगंज व खटीमा सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# लीज नवीनीकरण की लंबित फाइलों को स्वीकृत करने में तीव्रता लाई जाए: डोगरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव विजेन्द्र सिंह डोगरा ने जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर को पत्र भेजकर लीज नवीनीकरण की लंबित फाईलों को स्वीकृत करने में तीव्रता लाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पूर्व जिलाधिकारी उदयराज सिंह के कार्यकाल में लीज नवीनीकरण की फाईलें तीव्रता से स्वीकृत हुई थी, लेकिन वर्तमान में लीज नवीनीकरण की फाईलें स्वीकृत न होने से लीजधारकों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लीज नवीनीकरण की लंबित फाईलों को स्वीकृत करने में तीव्रता लाकर लीजधारकों को राहत प्रदान करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने एनएच 74 में आर्बीटेशन में लंबित फाईलों को भी तीव्रता से स्वीकृत किए जाने, चीनी मिल बाजपुर में हुई वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच करवा संबंधित से रिकवरी करवाये जाने एवं किसान हितों को दृष्टिगत रख धान क्रय केन्द्रों में बढ़ोत्तरी करते हुए पूर्व की भांति सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीद करवाकर किसानों को राहत पहुंचाने की मांग की है।

# मालिकाना हक दिलाने को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम मालधन के मोहननगर व शिवनाथपुर पुरानी बस्ती के लोगों ने जमीनों पर मालिकाना हक दिलाने को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने ज्ञापन देकर मालिकाना हक नहीं देने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। साथ ही सीएम हेल्पलाइन नंबर पर बार-बार शिकायतें करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।



ग्रामीण क्षेत्र मालधनचौड़ मोहननगर और शिवनाथपुर पुरानी बस्ती के दर्जनों लोग रामनगर एसडीएम कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि 65 वर्षों से लगभग 500 परिवार रह रहे हैं। खेतीबाड़ी कर अपने परिवारों का जीवन यापन करते आ रहे हैं। रोजगार नहीं होने से लोग परेशान हैं। पेयजल, विधुतीकरण, सीसी रोड, नदी पर पुल, खेती की सिंचाई आदि की व्यवस्था तो कर दी गई है, लेकिन ग्रामीणों को जमीनों का मालिकाना हक नहीं दिया जा रहा है। इससे लोग परेशानी का सामना कर रहे हैं और नौकरी की तैयारियां कर रहे उनके बच्चों के प्रपत्र तक नहीं बन पा रहे हैं। बताया कि कुछ लोगों की नजर ग्रामीणों की बसी जमीनों पर है, वह बार-बार सीएम हेल्प नंबर पर कॉल कर ग्रामीणों को परेशान कर रहे हैं। यहां महेन्द्र आर्य, गोविन्द प्रसाद,ओम प्रकाश, राहुल कांडपाल, सुन्दर सिंह, निरंजन सिंह, मुख्त्यर सिंह, हरबंस सिंह, पप्पू सिंह, राजू सिंह, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# बच्चों से खुलकर संवाद करें अभिभावक : डा. सीमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र और मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. हेमलता सैनी ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने संवाद और संवेदनशीलता को आत्महत्या रोकथाम का महत्वपूर्ण उपाय बताया। प्राचार्य डॉ. अवधेश नारायण सिंह ने छात्रों से नकारात्मक कदम न उठाने और खुलकर संवाद करने का आह्वान किया।



पोस्टर प्रतियोगिता में श्याम सिंह, सरिता बिष्ट व सुईता मंडल तथा भाषण प्रतियोगिता में अनामिका सिंह, गणेश भट्ट व रश्मि तिवारी विजेता रहे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# गांजे के साथ युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस टीम को हितेश सिह उर्फ भूरी पुत्र जिगेन्द्र निवासी लूटाबड़ रामनगर को गौजानी कब्रिस्तान नाले के पास से कुल 4.70 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है। इस दौरान पुलिस टीम में एसआई जोगा सिंह, कांस्टेबल विपिन शर्मा, हेड कांस्टेबल बृजमोहन बहुगुणा, कांस्टेबल शुभम शर्मा शामिल रहे।



# छात्रों ने किया पंत विवि की बायो टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला का भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल के कक्षा बारहवीं (जीव विज्ञान संकाय) के विद्यार्थियों ने अपने जीव विज्ञान शिक्षक के साथ जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व. विद्यालय, पंतनगर की बायो टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने गहन उत्सुकता के साथ बायो टेक्नोलॉजी विषय में भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए उन्हें किन परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना होगा।

विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उपलब्ध उच्च शिक्षा और करियर अवसरों की विस्तृत जानक. ारी प्रदान की। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को विषय के व्यावहारिक पहलुओं का समझने तथा अपने भविष्य की दिशा निर्धारित करने में अत्यंत उपयोगी मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ।

# फैक्ट्रियों और उद्योगों में मजदूरों का हो रहा शोषण: आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखण्ड में फैक्ट्रियों और उद्योगों में कार्यरत मजदूरों के साथ गंभीर अन्याय और शोषण किया जा रहा है।



आर्य ने कहा मजदूरों से प्रतिदिन 12 घंटे काम कराया जाता है, जबकि श्रम कानूनों के अनुसार कोई भी मजदूर 8 घंटे से अधिक कार्य करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। श्रम कानूनों के अनुसार मजदूरों को दिन भर में एक घंटे का विश्राम और सप्ताह में एक छुट्टी का अधिकार है, लेकिन अधिकांश फैक्ट्रियों में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा। 12 घंटे कठिन परिश्रम कराने के बावजूद मजदूरों को केवल 400-450 रुपये प्रतिदिन मजदूरी दी जाती है। महिला मजदूरों की स्थिति और भी दयनीय है, उन्हें तो मात्र 200 रुपये प्रतिदिन दिए जाते हैं। इतनी महंगाई में इस राशि से मजदूर अपने घर-परिवार का भरण-पोषण नहीं कर पा रहे हैं। मान्यवर, उपरोक्त कारणों से न केवल श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन हो रहा है, बल्कि गरीब मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार है।

श्रमिकों के हित में सरकार से आर्य ने मांग की कि फैक्ट्रियों में श्रम कानूनों का सख्ती से पालन कराया जाए, मजदूरों से आठ घंटे से अधिक काम न कराया जाए और उन्हें विश्राम व साप्ताहिक अवकाश का अधिकार दिलाया जाए, मजदूरी दरें बढ़ाकर उन्हें न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुसार न्यायपूर्ण और सम्मानजनक मजदूरी दिलाई जाए। महिला मजदूरों को पुरुष मजदूरों के समान मजदूरी दिलाकर उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त किया जाए। यदि धामी सरकार द्वारा उपरोक्त निर्णयों को जमीन पर उतारा जाता है तो न केवल उत्तराखण्ड के मजदूर वर्ग को न्याय मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

# पथ प्रकाश व्यवस्था बदहाल करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** नगर पंचायत शक्तिगढ़ क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था बदहाल होने से आमजन परेशान हैं। कुसमोठ तिराहे से टैगोर नगर तक लगे सोलर व एलईडी लाइटों में से करीब 50 प्रतिशत लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हुई हैं। अंधेरे के कारण राहगीरों, महिलाओं व बच्चों को रात्रि के समय आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय नागरिकों ने कई बार दूरभाष के माध्यम से ठेकेदार को शिकायत दर्ज कराई, मगर पिछले छह माह से लगातार घोर लापरवाही बरती जा रही है। नगर पंचायत की वार्ड सदस्या सुशीला राय ने इस गंभीर समस्या पर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए फर्म स्वामी ठेकेदार पर विभागीय कार्यवाही कर तत्काल खराब लाइटों की मरम्मत कराने की मांग की है।

# नेपाल में अस्थिरता के चलते भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा एजेंसियां चौकस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पड़ोसी देश नेपाल में अस्थिरता और हिंसक विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से चौकस हैं। वहीं सशस्त्र सीमा बल ने भी भारत नेपाल सीमा पर सतर्कता को बढ़ा दिया है। सशस्त्र सीमा बल 57 बटालियन के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देश के क्रम में सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। नेपाल की वर्तमान हालात को देखते हुए भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ कर दिया गया है। नेपाल में बढ़ती अस्थिरता और हिंसक गतिविधियों का सीधा प्रभाव सीमावर्ती इलाकों में पड़ने की आशंका के चलते सीमा चौकियों पर एसएसबी द्वारा आवागमन पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी गई है। संदिग्ध व्यक्तियों पर और गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। वहीं संभावित असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है। यहां भारत नेपाल सीमा मेलाघाट, नारायण नगर एवं सिंबल घाट क्षेत्रों में उत्तराखंड पुलिस, वन विभाग, एसएसबी के जवानों व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त गश्त की जा रही है। एसएसबी टीम में निरीक्षक सुशील कुमार, उपनिरीक्षक रामचंद्र, सहायक उप निरीक्षक ललित तथा आरक्षी उस्मान आदि शामिल थे।

# किशोर ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में कोहराम मचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मोहल्ला गुलरघट्टी नई बस्ती क्षेत्र में एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौत की खबर से परिजनों में को. हराम मच गया।

गुरुवार को 16 वर्षीय किशोर फैसल पुत्र नूर अली ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।परिवार के अनुसार फैसल ने घर में ही फंदा लगाकर आत्महत्या की। जब तक परिजनों को इसका पता चला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने 108 एंबुलेंस की मदद से तुरंत शव को अपने कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल ले गए।हालांकि आत्महत्या के पीछे की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और हर पहलू पर बारीकी से पड़ताल की जाएगी। फैसल की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे इलाके में इस घटना को लेकर गहरा शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किशोर को किसी बात को लेकर परिजनों ने डांट दिया था।

इसी बात को लेकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# नेपाल के हालातों को देखते हुए पुलिस और एसएसबी हाई अलर्ट मोड में

- 90 फीसदी कम हुई दोनों ओर से आवाजाही
- रिद्धिम अग्रवाल ने सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा कर लिया स्थित का जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पड़ोसी देश नेपाल में अशांत माहौल होने के कारण भारत नेपाल सीमा का विभाजन करने वाली महाकाली नदी के 90 किलोमीटर के दायरे में चंपावत जिले की सीमा लगने के कारण सीमा में तैनात पुलिस एसएसबी हाई अलर्ट मोड में है, तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में आर पार जाने वालों की सघन निगरानी वह चेकिंग की जा रही है पुलिस एवं एसएसबी दोनों ही सुरक्षा बल संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

एसपी अजय गणपति के साथ आईजी ने सीमावर्ती क्षेत्रों की ताजा स्थिति का जायजा कर सघन निगरानी किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने सीमा में तैनात एसएसबी से तालमेल कर स्थित पर पैनी नजर रखने के साथ हर वक्त हाई अलर्ट मोड पर रहने के भी आदेश दिए।पुलिस अधीक्षक के अनुसार इस बीच सीमा में सघन एवं कड़ी निगरानी रखी जाने से 90 फीसदी से अधिक लोगों की आवाजाही बंद हो चुकी है। नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों में बनबसा टनकपुर तामली एवं पंचेश्वर में पुलिस थाने इसी प्रकार बूम मनिहार गोठ,बनबसा बैराज, रौंशाल ,मंडलक आदि स्थानों में चौकियां हैं। एसएसबी की पांचवी एवं 57वीं वाहनी के अधीन जिले में 9 बॉर्डर आउट पोस्ट हैं, हालांकि बनवास में ही एकमात्र पारगमन क्षेत्र है, किंतु नेपाल सरकार द्वारा रोलघाट धर्मघाट,काकड़ी, टिंबर ,नगरूघाट, कुशमोद घाट आदि ऐसे महाकाली नदी में घाट हैं जहां नेपाल सरकार द्वारा किश्तियों के जरिए लोगों का पारगमन कराया जाता है। आए दिनों नेपाल में चल रहे अशांत वातावरण का सीधा असर सीमावर्ती लोगों के पेट पर भी पड़ा है, इधर वहां की स्थिति एवं परिस्थितियों को भारत में भी दावत दिए जाने के लिए अराजक तत्वों के प्रयासों पर भी पुलिस बराबर नजर रख रही है। सोशल मीडिया में भी पुलिस की निगरानी लगातार बनी हुई है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक सम्पन्न

- काले भट को न्यूट्रीशन उत्पाद प्लांट स्थापित करने हेतु किया गया साक्षात्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जनपद में उद्यम स्थापित करने के इच्छुक आवेदकों का जिला उद्योग चयन समिति द्वारा साक्षात्कार लिया गया। जिलाधिकारी ने आवेदकों से उनके नवाचार हेतु जानकारी ली, जैसे कच्चे माल की उपलब्धता, मार्केटिंग हेतु स्ट्रैटजी आदि। इस अवसर पर दो उद्यमियों-वीरेंद्र सिंह वल्दिया (महरखोला, मर्सोली भाट, सीलिंग, पिथौरागढ़) को बायो फिनायल प्लांट तथा महेश जोशी (अचौली, पिथौरागढ़) को काले भट को न्यूट्रीशन उत्पाद प्लांट स्थापित करने हेतु साक्षात्कार किया गया।

बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र कविता भगत ने बताया कि मिनी औद्योगिक आस्थान बिण, पिथौरागढ़ में अवस्थापना विकास कार्य विद्युत पोल व अंडरग्राउंड केबिलों के कारण प्रभावित हो रहा है। हिल्ट्रॉन बिल्डिंग के सामने तथा प्लॉट संख्या 05 से 09 एवं अन्य प्रभावित प्लॉटों पर विद्युत अवरोधों के स्थानांतरण की आवश्यकता है। विद्युत विभाग द्वारा पोल एवं अंडरग्राउंड केबिल हटाने तथा 35 केएलडी व 05 केएलडी एसटीपी प्लांट हेतु विद्युत संयोजन स्थापित करने के लिए 15,49,341 की धनराशि का आकलन किया गया है। पूर्व में आयोजित बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया था कि यदि 30 प्रतिशत धनराशि सांसद निधि से उपलब्ध हो जाती है तो शेष 70 प्रतिशत व्यय विद्युत विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। इस क्रम में सांसद निधि से 4,64,802 की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा यह धनराशि जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को आहरण एवं वितरण हेतु उपलब्ध करा दी गई है।

बैठक में जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि जितने भी औद्योगिक अस्थान में प्लॉट हैं उनकी सूची तैयार पूर्ण विवरण सहित तैयार कर परियोजना निद. ेशक ग्राम्य को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन भी उद्यमियों द्वारा औद्योगिक अस्थान में उद्योग स्थापित किए जाने है उन्हें आगामी अक्टूबर के अंत तक स्थापित किए जाने हेतु टाइमलाइन के तहत आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पत्राचार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कविता भगत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्थानीय युवाओं के सपनों पर ताले बेरोजगारी की मार झेल रहा इलाका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** उत्तराखंड के औद्योगिक विकास की पहचान बन चुके सितारगंज सिडकुल क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने का सपना अधूरा नजर आ रहा है। जहां सरकार ने उद्योगों की स्थापना से क्षेत्रीय बेरोजगारी कम होने के दावे किए थे, वहीं आज हालत यह है कि पढ़े-लिखे युवा दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

युवाओं का कहना है कि सिडकुल की फैक्ट्रियां और कंपनियां स्थानीय अभ्यर्थियों को नौकरी देने से बच रही हैं। इसके बजाय बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों से मजदूर और कर्मचारी बुलाए जा रहे हैं। परिणाम स्वरूप सितारग. ंज,शक्तिफार्म और आसपास के युवा बेरोजगारी की चपेट में हैं।

**शिक्षित युवा भी हो रहे हताश**

सिर्फ कम पढ़े-लिखे ही नहीं, बल्कि बी.ए., एम.ए., बी.कॉम, आईटीआई, डिप्लोमा और यहां तक कि इंजीनियरिंग पास छात्र भी फैक्ट्रियों के चक्कर काट रहे हैं। योग्यता होने के बावजूद नौकरी न मिलने से उनमें गहरी निराशा और हताशा है।

शक्तिफार्म नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मण्डल ने कहा कि सिडकुल से निकलने वाली दूषित धुआं, पानी, ट्रैफिक को हम बर्दास्त करे,ओर नौकरी पाये बाहरी,अगर जल्द ही स्थानीय युवाओं कि नियुक्तियां नही हुई,तो आंदोलन के साथ धरने मे बैठेंगे।





प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल के शक्तिफार्म इकाई अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल का कहना है,कि स्थानीय युवाओं को सीडकूल कि कंपनियों में वरीयरता देनी चाहिए,साथ ही योग्यता अनुसार नियुक्तियां भी देनी चाहिए।

**सरकारी वादे सवालों के घेरे में**

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सिडकुल की स्थापना हुई थी, तब सरकार ने वादा किया था कि उद्योगों में प्राथमिकता स्थानीय युवाओं को दी जाएगी। लेकिन साल दर साल गुजरते गए और यह वादा अब केवल कागजों में ही रह गया है।



स्थानिय व्यापारी अभिषेक सिंह का कहना है सिडकुल बनने से हमें लगा था कि युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा। लेकिन उल्टा बाहर के लोग आकर काम पा रहे हैं और हमारे बच्चे बेरोजगार घूम रहे हैं।

भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री मयंक अग्रवाल ने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार न देना, बहुत ही निराशाजनक है,युवाओं के भविष्य के साथ कम्पनियों द्वारा छल किया जा रहा है,जो कि बर्दास्त नही किया जायेगा। केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से इस सम्बन्ध मे वार्ता हुई है,जल्द ही इसका समाधान हो जायेगा।



**पलायन की चिंता बढ़ी**

रोजगार के अभाव में युवाओं का रुझान महानगरों की ओर बढ़ रहा है। पलायन से जहां गांव,कस्बा वीरान होते जा रहे हैं, वहीं सामा. जिक और आर्थिक ढांचा भी कमजोर पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यही स्थिति रही तो आने वाले वर्षों में सितारगंज,शक्तिफार्म का युवा वर्ग पूरी तरह से औद्योगिक अवसरों से कट जाएगा।

युवाओं की मांग- बने ठोस नीति

बेरोजगार युवाओं ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि सिडकुल की सभी कंपनियों में कम से कम 70 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय युवाओं के लिए आरक्षित की जाएं। साथ ही नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता हो, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके।

प्रशासन मौन, गुस्सा बढ़ा

फिलहाल प्रशासन और उद्योग विभाग इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। युवाओं में गुस्सा लगातार बढ़ रहा है।

उनका कहना है कि यदि जल्द ही रोजगार की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# शक्तिफार्म में संगठन हुआ मजबूत रोहित वाल्मीकि बने नगर अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा ने संगठन को सशक्त और व्यापक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रोहित वाल्मीकि को शक्तिगढ़ नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष (दर्जा राज्य मंत्री) उत्तराखंड सरकार भगवत प्रसाद मकवाना, प्रदेश अध्यक्ष राज. ेंद्र केसला के मार्गदर्शन और संस्तुति पर प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन चरन जी ने रोहित वाल्मीकि की नियुक्ति की घोषणा की। नव-नियुक्त नगर अध्यक्ष रोहित वाल्मीकि ने अपनी नियुक्ति पर गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें जो विश्वास और जिम्मेदारी दी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य समाज को संगठित करना, युवाओं को जागरूक बनाना और वाल्मीकि समाज के उत्थान के लिए कार्य करना रहेगा।

रोहित वाल्मीकि ने कहा मैं संगठन की हर नीति और दिशा पर चलते हुए समाज के हित में कार्य करूंगा। यह पद मेरे लिए सेवा का अवसर है, जिसे मैं जीवनभर याद रखूंगा। इस अवसर पर सचिन चरन, विवेक चरन, अरुण कुमार, रवि वाल्मीकि, हरिओम वाल्मीकि, सुमित कुमार, संजीव वाल्मीकि, रितेश वाल्मीकि, अशोक कुमार सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म के मैदान में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने फीता काटकर किया।

इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के लगभग 20 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान बच्चों में उत्साह और जोश देखने लायक था। खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर मिला। आयोजकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार एवं रामजन्म चौहान की अहम भूमिका रही।

# माया, जीवन, कपिल, विनय एवं नव्या दौड़े सबसे तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पिथौरागढ़। खेल निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के सौजन्य एवं जिला प्रशासन, पिथौरागढ़ के मार्गदर्शन में जिला खेल कार्यालय द्वारा भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। क्रास कन्ट्री दौड़ स्टेडियम खेल मैदान से प्रारम्भ होकर स्टेडियम खेल मैदान के दो चक्कर उसके पश्चात चन्द चौराहा व टकाना चौराहा से कलेक्टेट रोड होते हुए वापस स्टेडियम खेल मैदान का एक चक्कर लगाने के पश्चात में समाप्त हुयी।

क्रास कन्ट्री दौड़ में ओपन बालिका वर्ग में माया राय प्रथम स्थान पर काजल द्वितीय स्थान, पलक भट्ट, तृतीय स्थान दिया कठायत, चतुर्थ स्थान जया बिष्ट पंचम स्थान तथा अंशीक राणा ने षष्ठ्म स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में जीवन सिंह सौन ने प्रथम स्थान, नितिन थापा ने द्वितीय स्थान, अंकेश सिंह ने तृतीय स्थान, रितिक गढ़ीया ने चतुर्थ स्थान, तनुज मेहता ने पंचम स्थान तथा लक्की कुॅवर ने षष्ठ्म स्थान प्राप्त किया। अण्डर-18 बालक वर्ग में कपिल धामी ने प्रथम स्थान, आशीष उप्रेती ने द्वितीय स्थान, सुमित जोशी ने तृतीय स्थान, वरूण साही ने चतुर्थ स्थान, कमल सिंह ने पंचम स्थान तथा सुजल कुमार ने षष्ठ्म स्थान प्राप्त किया। अण्डर-14 बालक वर्ग में विनय सिंह ने प्रथम स्थान, साहिल कुमार ने द्वितीय स्थान, अमन गिरि ने तृतीय स्थान, पंकज सिंह महरा ने चतुर्थ स्थान, भावेश उपाध्याय ने पंचम स्थान तथा हार्दिक तिवारी ने षष्ठ्म स्थान प्राप्त किया। अण्डर-14 बालिका वर्ग में नव्या ने प्रथम स्थान, कृतिका खेंनार ने द्वितीय स्थान, प्रियांशी ने तृतीय स्थान, वर्खा ने चतुर्थ स्थान, भूमिका ऐर ने पंचम स्थान तथा साक्षी ने षष्ठ्म स्थान प्राप्त किया।

इससे पूर्व जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष महेन्द्र लुंठी ने एवं सचिव ललित पंत तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने संयुक्त रूप से हरी झंण्डी दिखाकर क्रास कन्ट्री दौड़ प्रारम्भ करवायी। कार्यक्रम का संचालन भूपेश बिष्ट बैडमिंटन प्रशिक्षक के द्वारा किया गया। यहां मेयर कल्पना देवलाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू लंठी, प्रताप सिंह, कै. देवी चंद, शमशेर सिंह सौन, राजेन्द्र सिंह जेठी, ललित मोहन जोशी, जर्नादन सिंह वल्दिया, मनोज पुनेठा, प्रकाश जंग थापा, लीलावती जोशी, बहादुर सिंह बोहरा, सुनीता मेहता, निखिल महर, जगत सिंह महरा, गौरव चन्द्र जोशी, पंकज भट्ट, किशन सिंह, प्रशान्त सिंह भैसोड़ा, माया, भावेश भट्ट, ललित प्रसाद कापड़ी आदि मौजूद थे।

# ट्रैक सूट पहनकर रोगियों का हाल लेने पहुंचे डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** आज सुबह अचानक उप जिला चिकित्सालय के वार्ड रूम में ट्रैक सूट पहनकर रोगियों का आत्मिय भाव में हाल-चाल पूछने एवं वार्ड की सफाई व्यवस्था देखने वाले व्यक्ति के बारे में रोगियों को बाद में पता चला कि वह जिलाधिकारी मनीष कुमार है।

दरअसल जिलाधिकारी ने आज चंपावत, लोहाघाट नगरों की स्वच्छता व्यवस्था, चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को परखने के लिए अपना आकस्मिक कार्यक्रम बनाया था। नगर में उन्हें रोज की तरह स्वच्छता कर्मियों से सफाई कराते अध्यक्ष गोविंद वर्मा और ईओ सौरभ नेगी मिल गए। नगर में कोई डस्टबिन नहीं है यहां दोनों ही समय हर जगह गाना बजाता हुआ कूड़ा ढोने वाले वाहन को ही लोग प्रयोग करते आ रहे हैं। अब गलियों का कूड़ा ढोने के लिए छोटा वाहन आने से और सुविधा मिल गई है। जिलाधिकारी ने कहा स्वच्छता ही किसी स्थान, संस्थान एवं प्रतिष्ठा का ऐसा दर्पण होता है, जिसे देखकर वहां रहने वालों के व्यक्तित्व का दूसरे लोग अंदाजा लगाते हैं।

तेज तर्रार एवं आम लोगों की सुध लेने वाले जिलाधिकारी के नगर में आने की सूचना मिलने पर प्रशासनिक अमला भी सक्रिय हो गया। जिलाधिकारी ने उप जिला चिकित्सालय में स्वच्छता व्यवस्था देखने के साथ शौचालय, डिलीवरी रूम, पेशेंट वार्ड, ट्रामा सेंटर, पुराने क्षतिग्रस्त महिला चिकित्सालय का भवन आदि को भी देखा। अस्पताल में भर्ती रोगियों से अपना मानवीय रिश्ता जोड़ते हुए उनका हाल-चाल जाना। सीएमएस डा. विराज राठी ने उन्हें चिकित्सालय की ज्वलंत समस्याएं बताई। जिलाधिकारी ने सीएमएस को चिकित्सालय की आवश्यकताओं के प्रस्ताव भेजने को कहा। इस अवसर पर बाद में तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी भी पहुंच गए थे। जिलाधिकारी ने कहा पुराने महिला चिकित्सालय भवन को तोड़कर वहां नया भवन बनाया जाएगा।

# शहीद दिवस पर वन शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व में गुरुवार को वन शहीद दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन वीर वन कर्मियों को याद किया गया, जिन्होंने वन, वन्यजीवों और प्राकृतिक धरोहर की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ धनगढ़ी स्थित वन शहीद स्मारक पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डा. साकेत बड़ोला ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वनकर्मियों के बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें उनके साहस और समर्पण की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा में लगे प्रत्येक कर्मचारी को सदैव सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। धर्मपाल वन दरोगा सर्पदुली रेंज ने जानकारी दी कि कार्बेट टाइगर रिजर्व में अब तक 33 वनकर्मी बाघ, हाथियों के हमले और विषैले सर्पदंश से शहीद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन शहादतों को याद रखना और इनके परिवारों के प्रति संवेदनशील रहना हम सबका दायित्व है। डीएफओ ध्रुव मर्तोलिया ने कहा कि वन शहीद दिवस केवल श्रद्धाजलि देने का अवसर नहीं है बल्कि यह दिन हमे स्मरण कराता है कि वन की सुरक्षा एवं वन्यजीव संरक्षण में कार्यरत प्रत्येक वन कर्मी कितनी चुनौतियों और खतरों का सामना करता है। डा. साकेत बड़ोला, निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व ने इस अवसर पर सभी उपस्थित स्टाफ को संदेश दिया कि जंगल की कठिन परिस्थितियों के बावजूद वनकर्मी जिस साहस और समर्पण से काम कर रहे हैं, वह प्रेरणादायक है। इस दौरान रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ ध्रुव मर्तोलिया, एसडीओ अंकित बडोला, पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटी, तराई पश्चिम वन प्रभाग के एसडीओ संदीप गिरी, एसडीओ मनीष जोशी आदि थे।

## एक नजर

# दो दिवसीय न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** दो दिवसीय न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धुसरा के मैदान में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान धुसरी ,ग्राम प्रधान डियोढी द्वारा किया गया।

बालक वर्ग में अंडर- 11 में 50 मीटर, 100 मीटर ,200 मीटर तथा 400 मीटर की दौड़ तथा लंबी कूद प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। तथा अंडर- 14 के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर ,400 मीटर तथा 600 मी दौर लंबी कूद , ऊंची कूद, रिले दौड़, गोला फेक ,चक्का फेंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संचालन शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल द्वारा किया गया। दिनेश सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा सितारगंज तथा सूरज सक्सैना पूर्व अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य धुसरा ने बच्चों की उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। जसौद मेहता ने समस्त अतिथियों तथा प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए उपस्थित सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए लेखा प्रमुख निमाई माझी, खजान सिंह, वीरेंद्र सिंह,मेजबान विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवर सिंह राणा, हिमाचल कुमार,नवीन चंद्र पांडे ,राम रूप सिंह ,शिव सिंह बिष्ट ,रमेश कुमार , हरीश कुमार, परमजीत सिंह, सुरजीत सिंह, विशाल सिंह राणा,पवन कुमार, मोहित राणा, सुरेंद्र सिंह रावत, सुरेश प्रसाद ,तृप्ति पंत ,रेनू उपाध्याय, रुचि सक्सैना ,सुमनवती, रेनू, फकीर सिंह, जितेंद्र सिंह,राजीव चौहान आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# कृष्ण पाल नेगी को भौतिक विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के भौतिक विज्ञान विभाग के शोध छात्र कृष्ण पाल नेगी को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।



शोधार्थी कृष्ण पाल नेगी ने अपना शोध कार्य स्टडी ऑफ रेडॉन जेनरेशन एंड ट्रांसपोर्ट फ्रॉम द सॉइल टू एनवायरनमेंट इन उत्तरकाशी रीजन ऑफ गढ़वाल हिमालय शीर्षक पर किया है।उन्होंने अपना शोध कार्य प्रोफेसर आरसी रमोला सीनियर प्रोफेसर गढ़वाल विश्व. विद्यालय के मेंटरशिप एवं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के भौतिक विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सुभाष चन्द्र के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया है। मौखिकी परीक्षा कुमाऊं विश्वविद्यालय में भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष व संयोजक प्रोफेसर सूची बिष्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक दिल्ली विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर संजय कुमार चमोली रहे। परीक्षकों ने उनके द्वारा किए गए शोध कार्य की सराहना कर गुणवत्ता युक्त कहा। इस अवसर पर बाह्य परीक्षक प्रोफेसर संजय कुमार चमोली, भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष सूची बिष्ट, शोध निर्देशक डॉ.सुभाष चन्द्र, डॉ. राकेश नेगी व अन्य शोधार्थियों ने कृष्ण पाल नेगी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो.एमसी पाण्डे, चीफ प्रॉक्टर प्रो.एसएस मौर्या, भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ.लवकुश कुमार, प्रो.जे.एस.नेगी, डॉ.प्रमोद जोशी, डॉ.अनुराग श्रीवास्तव, डॉ.पी.सी.पाल. ीवाल, डॉ.डी.एन.जोशी आदि ने बधाई दीं। कृष्ण पाल नेगी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अपने परिजनों को दिया है।

# अवैध रूप से बनाई गई तीन धार्मिक संरचानाओं को किया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से बनाई गई तीन धार्मिक संरचानाओं को जेसीबी की मदद से तोड़ दिया है। प्रशासन ने तीनों धार्मिक संरचनाओं को हटाकर दोबारा से बनाए जाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में प्रशासन व पुलिस और लोक निर्माण विभाग की टीमें ग्राम लूटाबढ़, शिवलापुर रियुनिया, चोरपानी गई पहुंची। एसडीएम ने बताया कि तीनों जगहों पर अवैध रूप से धार्मिक संरचनाएं बनाई गई थी। पक्का निर्माण भी किया गया था। उन्होंने बताया कि जेसीबी की मदद से एक-एक कर धार्मिक संरचानाओं को हटा दिया गया। बताया कि यह धार्मिक संरचानाएं लंबे समय से बनाए गए थे। नोटिस के बाद भी कोई जवाब नहीं दे सका। इसके बाद इन्हें हटा दिया गया है। रामनगर में एक दर्जन से अधिक रिजॉर्ट व अन्य जगहों पर बनाए गए धार्मिक संरचनाओं को पहले ही हटाया जा चुका है।इस दौरान तहसीलदार मनीषा मरकाना,पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी सुनील धनिक, एसआई सुरभि राणा आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने जन समस्याओं को लेकर राज्यपाल को भेजा मांग पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विधायक आदेश चौहान ने तहसील पहुंचकर जसपुर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से संबोधित राज्यपाल उत्तराखंड सरकार को प्रेषित मांग पत्र एसडीएम चतर सिंह चौहान को सौंपा।



मीडिया से बात करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि उनके द्वारा विधानसभा से लेकर सड़क मार्ग तक जसपुर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर बार-बार मांग की जा रही है, परंतु वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा अभी तक मांगों पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसको लेकर जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। जनता द्वारा इस विषय को लेकर बार-बार विधायक से आग्रह किया जा रहा है। इसी को लेकर आज उन्होंने राज्यपाल को प्रेषित एक मांग पत्र जिसमें जसपुर शहर में बरसों से चली आ रही रोडवेज बस स्टैंड की समस्या , तुमडिया/ भोगपुर डाम को राजस्व विभाग ग्राम घोषित करने की समस्या, जन्म प्रमाण पत्र में आ रही समस्याएं, जसपुर में अर्ध निर्मित स्टेडियम व जल जीवन मिशन फेस -2 की शुरू करने को लेकर जनता को बीच आने वाली मूलभूत समस्याओं को लेकर मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा इन विषयों को लेकर विभिन्न विधानसभा सत्र में बार-बार मांग उठाई जा चुकी है। उन्होंने सरकार को चेताया कि यदि जल्द ही भाजपा सरकार द्वारा कोई ठोस नीति बनाकर इन मांगों को पूरा नहीं किया तो वह जनता के साथ जन आंदोलन को तैयार हैं जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार /शासन/ प्रशासन की होगी। मांग पत्र प्रेषित करने वालों में विधायक आदेश चौहान, हिमांशु नंबरदार, राजकुमार सिंह, नगर अध्यक्ष इफ्तिखार 'बबलू', सभासद मोइनुद्दीन मजनू, कांग्रेस नेता आफताब आलम, आबिद नूरी, सर्वेश वत्सल आदि शामिल रहे।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिवदेव सिंह मेरी पुत्री का नाम गुरनील कौर गलत दर्ज हो गया है, सही नाम गुरलीन कौर है। उसकी जन्मतिथि 10/6/1993 गलत है सही जन्मतिथि 10/7/ 1993 है । इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विजय पाल सिंह मेरी पुत्री का नाम सुनीता देवी गलत दर्ज हो गया है, सही नाम सुनीता है। जिसकी जन्मतिथि 25/12/1986 गलत है। सही जन्मतिथि 1/1/1985 है। इसी नाम से जाना पहचाना जाए

# शिव मंदिर से आंदोलन का बिगुल

## शहीद बलवन्त सिंह मोटर मार्ग की बदहाली पर आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के गरमपानी- बेतालघाट ब्लॉक को जोड़ने वाली सबसे प्रमुख शहीद बलवन्त सिंह मोटर मार्ग पिछले कई दशक से बदहाल पड़े होने के चलते वीरवार को पूर्व राज्य दर्जा मंत्री पी. सी. गोरखा तथा पूर्व ग्राम प्रधान मल्ला बर्धो त्रिभुवन सिंह मेहरा के नेतृत्व में कोसी घाटी के एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों द्वारा बर्धो के शिव मन्दिर में एक विशाल आंदोलन किया गया जिसमें आसपास के गाँव तल्ला बर्धो तथा मल्ला बर्धो, नैनीचौक, थापली, कोरड, हल्सौ, तिवारी गाँव, रतौडा तथा आमबड़ी इत्यादि गांव से लोगो द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शिरकत की गई। इस दौरान ग्रामीणों का कहना था कि मार्ग के बदहाल होने से लगातार मार्ग में



ग्रामीणों का आना जाना तक मुश्किल हो गया है जिसमें मार्ग में लगातार कई बड़े बड़े हादसे होते हैं, वहीं हल्की बारिश के बाद तुरंत पहाड़ियों से भारी मलवा आने से मार्ग बन्द हो जाते है तथा स्कूली बच्चों का आवागमन लगभग बन्द हो जाता है। जिसके चलते आज इस आन्दोलन की शुरुवात की गई है। पूर्व राज्य दर्जा मंत्री पीसी गोरखा ने कहा कि शहीद के नाम पर बनी सड़क को सरकार लगातार अनदेखा कर रही है। इस मोटर मार्ग के लिए सरकार को कई बार ज्ञापन भेजे जा चुके हैं लेकिन सरकार द्वारा मार्ग ना बनाने की मंशा रखी गयी है।

इस मार्ग के लिए राज्य के मुख्यमंत्री जी द्वारा दस करोड़ की घोषणा की जा चुकी है बावजूद अभी तक इस मार्ग के लिए कोई बजट तक स्वीकृत नहीं किया गया है जिससे साफ जाहिर होता है कि सरकार शहीद के नाम पर बनी सड़क के कतई गंभीर नही है। पूर्व ग्राम प्रधान मल्ला बर्धो त्रिभुवन सिंह मेहरा ने बताया कि भारत पाकिस्तान के कारगिल युद्ध में बर्धो निवासी शहीद बलवन्त सिंह मेहरा ने इस देश के लिए अपना सबसे बड़ा बलिदान दिया है लेकिन आज सरकार द्वारा उनके नाम पर बनी सड़क को ही बदहाल छोड़ रही है। धरने के दौरान मौके पर श्री कैंची धाम तहसील की उपजिलाधिकारी मोनिका पहुँची तथा सभी ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि उनकी सभी मांगों को प्रमुखता से आगे बढ़ाया जाएगा। वही शहीद बलवन्त सिंह मोटर मार्ग के लिए एस्टीमेट बना लिया गया है। जिसका जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## शिविरों में ड्रोन परीक्षण अनिवार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के तत्वावधान दो दिवसीय त्रैमासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन सिंह ढैला ने किया। जबकि अध्यक्षता ग्रुप कमांडर कमोडोर बल राजेश सिंह ने की। राज.ेश सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 से सभी एनसीसी शिविरों में ड्रोन परीक्षण कैडेट्स के साथ साथ कर्मचारियों के लिए भी अनिवार्य कर दिया गया है। प्रशिक्षण उपरांत प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2026 के गणतंत्र दिवस परेड के लिए कैडेट्स का चयन किया जाएगा। कहा कि सितंबर-2025 में वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत गुंजी में कैंप आयोजित होगा तथा अक्टूबर-2025 में एएलसी एवं बीएलसी कैंप का आयोजन किया जाएगा। मुख्यालय के प्रशिक्षण अधिकारी ले. कर्नल कुनाल एस सुर्वे द्वारा सभी कार्मिकों को एनसीसी विभाग द्वारा कैडेटों को दिये जाने वाले प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए प्रेरित किया गया। गोष्ठी में 80 बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी ले. कर्नल देवश ऐरी, 77 बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल जितेन्द्र शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल नंदा वल्लभ पनेरु, 5-नेवल यूनिट के कमान अधिकारी कैप्टन (आईएन) मृदुल साह तथा एनसीसी सैनिक स्कूल के कमान अधिकारी कमाण्डर अर्चना चौधरी समेत सभी बटालियनों के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में रक्तदान शिविर

**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ परिसर निदेशक ने स्वयं रक्तदान कर किया। शिविर में 260 यूनिट रक्त एकत्र हुआ, जिसमें बाल किशन देवकी जोशी चैरिटेबल ब्लड बैंक हल्द्वानी 165 यूनिट तथा सोबन सिंह जीना अस्पताल ब्लड बैंक हल्द्वानी 95 यूनिट का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में एनएसएस के मूलमंत्र नॉट मी, बट यू को साकार किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि जब समाज किसी महान उद्देश्य के लिए एकजुट होता है तो असाधारण परिणाम सामने आते हैं। इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डा. अमित मित्तल, डा. संतोषी सेनगुप्ता, डा. संदीप भुडानी, हंसी नेगी समेत अन्य लोग रहे।

### हर वार्ड में लगेंगी 10 स्ट्रीट लाइट

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में लोगों की सुविधा को देखते हुए पालिका की ओर से अलग अलग स्थानों पर आवश्यकता अनुसार 150 स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं जिन्हें लगाने का कार्य वीरवार से शुरू कर दिया गया है। बता दें नैनीताल के प्रत्येक वार्ड में 10-10 लाइटें लगाई जाएंगी ताकि रात्रि के समय लोगों को आने जाने में सुविधा हो। पालिका क्षेत्रांतर्गत कई स्थानों पर लाइट न होने और कुछ स्थानों पर लाइटें खराब होने के चलते लोगों को रात्रि के समय आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसको देखते हुए पालिका की ओर से विभिन्न स्थानों पर आवश्यकता अनुसार यह लाइटें लगाई जा रही हैं। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (द्वितीय) विनोद जीना ने बताया कि शहर में पालिका कुल 150 स्ट्रीट लाइट लगा रही है। प्रत्येक वार्ड में दस दस लाइटें लगाई जाएंगी।

### दून जाने वाली एसी वॉल्वो को हटाया

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम वर्तमान में आय और यात्रियों की कमी से जूझ रहा है, जिसका सीधा असर बसों के संचालन पर पड़ने लगा है। काठगोदाम डिपो के कई वर्षों से चल रही हल्द्वानी-देहरादून एसी वाल्वों बस को अब ऑनलाइन से हटा दिया गया है, जिससे बुधवार को देहरादून को चलने वाली वाल्वो बस यात्रियों के अभाव में देर रात वापस डिपो लौट आई। बता दे कि वतर्मान में देहरादून चलने वाली वाल्वों बस की आय में काफी कमी आई है जिससे निगम प्रबंधन ने इसे ऑनलाइन से हटा कर ऑफलाइन कर दिया है। ऑफलाइन बस को समय पर यात्री नहीं मिलने के कारण निरस्त करना पड़ रहा है।

### नैनीताल पहुंचे एआईसीसी के पर्यवेक्षक

**नैनीताल।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत वीरवार को नैनीताल के गोवर्धन हाल में नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने बताया कि बैठक में एआईसीसी से नामित जिले के पर्यवेक्षक व मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे व पीसीसी द्वारा नामित पर्यवेक्षक संदीप सहगल व पुष्कर जैन ने संगठन की मजबूती व नए जिलाध्यक्ष के लिए बंद कमरे में गोपनीय तरीके से नए जिलाध्यक्ष के लिए नगर के कांग्रेस जनों से रायशुमारी की। बैठक में जिलाध्यक्ष पद के दावेदार भी उपस्थित रहे। बैठक में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, नगर से पीसीसी सदस्य, पार्टी से जुड़े तीनों पूर्व पालिकाध्यक्षगण, सभासदगण तथा नगर कांग्रेस कमेटी व सभी फंटल संगठनों के सभी कांग्रेस जनों ने शिरकत की।

### तल्लीताल क्षेत्र में सीवर लाइन चोक

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र के रामलीला स्टेज तथा मोटर गैराज के पास सीवर लाइन लंबे समय से चोक होने के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सीवर का गंदा पानी खुले में बह रहा है जिससे राहगीरों को गुजरने में दिक्कत हो रही है और क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में पर्यटन सीजन चरम पर है और इस तरह की स्थिति से नैनीताल की छवि धूमिल हो रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय सभासद शीतल कटियार ने अधिशासी अभियंता उत्तराखंड जल संस्थान नैनीताल को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में विभाग को पहले भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक समाधान नहीं हो पाया है। कटियार ने मांग की कि क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को दुरुस्त किया जाए।

### लाइफ स्किल्स कार्यशाला सम्पन्न

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रबंधन अध्ययन विभाग में चल रही दो दिनी लाइफ स्किल्स कार्यशाला वीरवार को संपन्न हो गयी। कार्यशाला में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. डीएस रावत द्वारा छात्रों को शुभकामना संदेश दिया गया। विशेषज्ञ प्रो. एचसी पोखरियाल ने पारस्परिक संबंध और संघर्ष समाधान, व्यावसायिक और व्यक्तिगत संबंधों का निर्माण और रखरखाव, विभिन्न व्यक्तित्व शैलियों को समझना और रचनात्मक संघर्ष समाधान और बातचीत की तथा आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान, विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करना, संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों को पहचानना, प्रभावी निर्णय लेने की रूपरेखा और चुनौतियों के लिए रचनात्मक सोच को लागू करना को बताया। कार्यशाला का संचालन प्रो. अमित जोशी और प्रो. अर्चना नेगी शाह ने किया। कार्यशाला के समन्वयक प्रो. ललित तिवारी ने बताया कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व तथा कौशल विकास हेतु कार्यशाला भीमताल में इस वित्तीय वर्ष में पुनरू आयोजित की जाएंगी।

### लालढांग चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर सकारात्मक वार्ता - पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र रावत

**कोटद्वार।** उत्तराखंड की लाइफ लाइन लालढांग चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर जिलाध्यक्ष बीरेंद्र रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष विस्तार से वार्ता की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस मार्ग के बन जाने से कोटद्वार के साथ साथ लालढांग हरिद्वार सहित समस्त कुमाऊं मंडल की जनता को लाभ मिलेगा। लालढांग चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर सीएम ने पूर्व जिलाध्यक्ष को आश्वासन दिया, उन्होंने कहा कि नैनीताल हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट में बात चल रही है शीघ्र ही केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस मार्ग को खोलने जा रही है।

# नैनीताल में पहाड़ियां दरकने से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में लगातार हो रही भूस्खलन की घटनाओं के बाद से ही शहर की कई पहाड़ियां दरकने लगी हैं जिससे नगर में भय का वातावरण पैदा होते जा रहा है। अगर समय रहते जिला प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गयी तो आने वाले समय में किसी बड़े खतरे से भी इनकार नही किया जा सकता है। बता दें नगर की चार्टन लॉज की पहाड़ी के बाद अब सात नंबर क्षेत्र में सड़क में पड़ी दरार के बाद प्रशासन में सड़क में बैरिकेडिंग लगाकर सड़क को बंद कर दिया है ताकि सड़क में यातायात ना हो और किसी प्रकार की जनहानि ना हो सके। पहाड़ी में हो रहे भूस्खलन और भूधसाव का असर



मालरोड में दिख रहा भूस्खलन और दरारों का असर

अब शहर की मालरोड पर दिखने लगा है। जगह-जगह माल रोड पर भी दरारें उभरने लगी हैं। जिससे नैनीताल की लोअर माल रोड पर भी अब बड़ा खतरा दिखने लगा है। नैनीताल में मंडरा रहे बड़े खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी वंदना सिंह ने एसडीएम नवाजिश खालिक के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम बनाई जिसने क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया है। जिला.धिकारी वंदना सिंह ने बताया संयुक्त टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया है। टीम की प्राइमरी रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्र में काफी बड़ा डैमेज है। धीरे धीरे से पहाड़ी खिसक रही है। वह भविष्य के लिए काफी बड़ा खतरा हो सकता है इसको गंभीरता को देखते हुए तात्कालिक और दीर्घकालिक सुरक्षात्मक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। ताकि क्षेत्र में काम किया जा सके जिसके आधार पर जनपद स्तर पर क्षेत्र का स्थाई उपचार किया जाएगा इसके बाद विस्तृत कार्य के लिए शासन स्तर पर कार्य किए जाएंगे।

### नैनीताल का बिगड़ रहा भूगर्भीय संतुलन

नैनीताल। नगर की पहाड़ियों में लगातार हो रहे भूस्खलन से नैनीताल का भूगर्भीय संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है, जिससे नैनीताल के सामने अब उसके अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्रीय सभासद रमेश प्रसाद ने बताया कि दरारें लगातार चौड़ी होती जा रही हैं जिससे घरों की नींव और पहाड़ी ढलानों की सुरक्षा पर संकट गहराता जा रहा है। बारिश के मौसम में इस तरह की गतिविधियां भूस्खलन की संभावना को और बढ़ा देती हैं।

# नारी चेतना की प्रतीक हैं कवियित्री महादेवी वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कवयित्री महादेवी वर्मा के 38वें स्मृति दिवस के विशेष मौके पर वीरवार को कुमाऊँ विश्वविद्यालय की महादेवी वर्मा सृजन पीठ द्वारा राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ में महादेवी वर्मा की कविताओं की सस्वर पाठ प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ अनुवादक और छायाकार विपिन शुक्ला ने कहा कि महादेवी वर्मा का हिंदी साहित्य जगत में विशिष्ट स्थान है। छायावाद की प्रमुख स्तंभ होने के साथ ही वह बीसवीं सदी की भारतीय नारी चेतना की आज एक प्रकार से प्रतीक हैं। महादेवी की रचनाओं में स्थानीय पात्र जिस व्यापकता के साथ मुखर हुए हैं, वह उनका स्थानीय परिवेश के साथ जुड़ाव ही है। वरिष्ठ प्राध्यापक डा.



38वें स्मृति दिवस पर कविताओं की सस्वर पाठ प्रतियोगिता

माया शुक्ला ने कहा कि हिंदी साहित्य को महादेवी वर्मा की जो देन है उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। उनके साहित्य में प्रेम, वेदना और परोपकार के जो भाव नजर आते हैं व्यक्तिगत जीवन में भी वह उसकी प्रतिमूर्ति थीं। प्राध्यापक डा. संध्या गड़कोटी ने कहा कि महादेवी आधुनिक हिंदी साहित्य जगत में पहली नारीवादी लेखिका कही जा सकती हैं। रहस्य व करुणा की कवयित्री कही जाने वाली महाद.ेवी की करूणा सामान्य जन की करूणा है। इससे पूर्व स्वागत संबोधन में महादेवी वर्मा सृजन पीठ के समन्वयक मोहन सिंह रावत ने कहा कि विद्यार्थियों में साहित्यिक जागरूकता और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन के उद्देश्य से पीठ समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ के प्राचार्य डा. नगेन्द्र द्विवेदी ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन के लिए सृजन पीठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम को उद्यान पंडित विक्रम सिंह नेगी, हरेश राम तथा नीमा पंत आदि ने भी संबोधित किया। महादेवी वर्मा की कविताओं की सस्वर पाठ प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ की 11 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में गरिमा आर्या ने प्रथम, ललिता रावत ने द्वितीय व यमुना गोस्वामी ने तृतीय जबकि पलक व पूजा और दीपशिखा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कार स्वरूप ट्राफी, प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और महादेवी वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छात्रा पायल रावत के संयोजन में महाविद्यालय की छात्राओं ने कुलगीत, सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संच.ालन कार्यक्रम के संयोजक डा. हरीश चन्द्र जोशी तथा डा. निर्मला रावत ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित आर्य, कविन्द्र प्रसाद, कुन्दन गोस्वामी, बहादुर सिंह कुँवर व ललित नेगी सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कुलपति का स्वागत

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत को विज्ञान और शोध कार्य के लिए प्रतिष्ठित सम्मान फैलो ऑफ नेशनल एकेडमी (एफएनए) मिलने पर विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के रसायन विज्ञान विभाग परिवार द्वारा वीरवार को उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस विशेष मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे ने उनकी रिसर्च उपल.बधियों 22 पेटेंट्स, 175 रिसर्च पेपर्स को गिनाते हुए हर्ष जताया तथा कहा कि ये सम्मान विश्वविद्यालय और विभाग के लिए गौरव की बात है, हम सभी को उनके मार्गदर्शन में और भी नई उपलब्धियों को प्राप्त करने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर प्रो. नंद गोपाल साहू, प्रो. गीता तिवारी, प्रो. शहराज अली, डा. सुहेल जावेद, प्रो. महेश चंद्र आर्या, डा. मनोज धुनी, डा. पैनी जोशी उपाध्याय, डा. ललित मोहन, डा. गिरिश खर्कवाल, डा. दीपशिखा जोशी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शिक्षा निदेशक का आदेश रद्द

## सहायक अध्यापकों की भर्ती में एनओसी जारी न करने का मामला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में शिक्षा निदेशक (प्राथमिक) द्वारा जारी उस आदेश को रद्द कर दिया है जिसके तहत जिला शिक्षा अधिका.रियों को यह निर्देश दिया गया था कि वे पहले से कार्यरत सहायक अध्यापकों को नई भर्ती में शामिल होने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी न करें। हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने यह आदेश सुधांशु जौहरी एवं अन्य बनाम राज्य सरकार सहित चार याचिक.ाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिकाकर्ताओं ने वर्ष 2021 में हुई चयन परीक्षा में सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति पाई थी और जनवरी 2022 में अलग-अलग जिलों में पदस्थापित हुए। पहाड़ी व दूरस्थ क्षेत्रों में तैनाती के कारण कई अध्यापक सुगम क्षेत्रों में सेवा करना चाहते थे और इसके लिए उन्होंने पुनः चयन परीक्षा में सम्मिलित होने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्हें एनओसी आवश्यक थी लेकिन निदेशक प्राथमिक शिक्षा ने सभी जिलों के जिला शिक्षाधिकारियों को 27 जुलाई 2024 को परिपत्र जारी कर ऐसे शिक्षकों को नई भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिये एनओसी जारी न करने को कहा था। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय का पद जिला कैडर पद है और इसकी नियुक्ति का अधिकार जिला शिक्षा अधिकारी के पास है। ऐसे में एनओसी जारी करने का निर्णय भी जिला शिक्षा अधिकारी का ही होना चाहिए, निदेशक शिक्षा का इसमें हस्तक्षेप असंवैधानिक और नियमविरुद्ध है। राज्य सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि कर्मचारी को एनओसी प्राप्त करने का कोई मूल अधिकार नहीं है और नियोक्ता चाहे तो एनओसी देने से मना कर सकता है। परंतु न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भर्ती नियमों के अनुसार नियुक्ति का अधिकार जिला शिक्षा अधिकारी के पास है अतः एनओसी पर अंतिम निर्णय भी वही लेंगे। अदालत ने कहा कि निदेशक शिक्षा का 27 जुलाई 2024 का आदेश भर्ती नियमों के विपरीत है और इसे कानून की दृष्टि में बरकरार नहीं रखा जा सकता। न्यायालय ने उक्त आदेश को निरस्त करते हुए निर्देश दिया कि सहायक अध्यापकों द्वारा प्रस्तुत एनओसी के आवेदन संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी विधि अनुसार केस-टू-केस आधार पर निस्तारित करें।

### डिजिटल अरेस्ट पर आज भी होगी सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़े एक ठगी के मामले में हरिद्वार निवासी सुरेंद्र कुमार की याचिका को जनहित याचिका के रूप में दर्ज करते हुए सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने सुनवाई शुक्रवार (आज) भी जारी रखी है, साथ में कोर्ट ने जाँच अधिकारियों से भी व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में मौजूद रहने को कहा। बता दें वीरवार को इस मामले में शिकायतकर्ता की तरु से प्रार्थना पत्र देकर कहा गया कि पुलिस उन्हीं को नोटिस देकर परेशान कर रही है जबकि उनके द्वारा कोई फ्राड नही किया गया। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि पुलिस ने अभी तक ऐसे ही सात मुकदमे दर्ज किए हैं जिनके द्वारा फ्रॉड किया है। अभी भी जांच जारी है।मुकदमे दर्ज करने वाले दोनों जांच अधिकारी मय रिकार्ड के साथ न्यायलय में उपस्थित है। जिसपर कोर्ट ने उनके कल यानी आज भी में रिकार्ड के साथ उपस्थित होने को कहा है। अब मामले की सुनवाई कल यानी आज भी जारी रहेगी। बता दें कि पूर्व में हुई सुनवाई पर कोर्ट सभी टेलीकॉम कंपनियों व उससे संबंधित केंद्र के विभाग को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने का नोटिस जारी कर चुका है।

### जिपं अध्यक्ष आरक्षण मामले पर सुनवाई 18 को

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के द्वारा पूर्व में दायर जिला पंचायतों के अध्यक्ष पदों पर आरक्षण नियमावली तहत न किए जाने के कई मामलों पर सुनवाई की। मामलों की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 18 सितंबर वीरवार की तिथि नियत की है। बता दें वीरवार को याचिकाकर्ताओ तरफ से मामले की पैरवी सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता देव दत्त कामथ ने की। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि चुनाव में आरक्षण नियमों के विरुद्ध हुआ लेकिन कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु 18 सितंबर की तिथि नियत की है।

### स्टेट कमीशन, महिला आयोग को नोटिस जारी

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी डिग्री कालेज में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डा. रमेश सिंह को एक महिला प्रोफेसर की शिकायत पर उनका तबा.दला पिथौरागढ़ जिले के बलुवाकोट डिग्री कालेज में संबद्ध करने और उनके विरुद्ध की जा रही जांच तथा महिला के द्वारा स्टेट कमिशन में उनके द्वारा की गई शिकायत के आदेश को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने स्टेट कमीशन, राज्य महिला आयोग व मधु थपलियाल को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है, साथ में कोर्ट ने स्टेट कमीशन के आदेश पर रोक लगा दी है। बता दें कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जब मामला पूर्व से कोर्ट में विचाराधीन है तब उन्हें कमीशन में जाने की कया जरूरत पड़ी। महिला ने आयोग के सामने शिकायत दर्ज कर कहा था कि अभी भी उनको इनके द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। इसकी जांच कराई जाए। आयोग के इस आदेश को उनके द्वारा वीरवार को कोर्ट ने चुनोती दी गयी जिसपर कोर्ट ने रोक लगाते हुए उन्हें नोटिस जारी कर इससे संबंधित याचिकर्ता की सभी याचिक.ाओं को एक साथ सुनवाई करने के लिए संबद्ध कर दिया है।

### पॉक्सो में दोषी को हाईकोर्ट से सशर्त जमानत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पाक्सो एक्ट में निचली अदालत से दोषी ठहराए गए आरोपी सलीम को सशर्त जमानत प्रदान कर दी है। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में विशेष सत्र न्यायालय देहरादून की अदालत द्वारा सलीम निवासी थाना मंडी सहारनपुर को आईपीसी की धारा 363 (नाबालिग को अभिभावक से अपहरण) के तहत तीन वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने तथा धारा 363 ए (नाबालिग बालिका का प्रलोभन) के तहत चार वर्ष के कठोर कारावास और 10000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। दोनों सजाएं साथ-साथ चलने का आदेश दिया गया था। साथ ही पीड़िता के पुनर्वास हेतु 20 हजार रुपये मुआवज़ा देने का निर्देश भी दिया गया था। हालांकि ट्रायल कोर्ट ने अभियुक्त को धारा 376/343/506 आईपीसी और पोक्सो एक्ट की धाराओं 5/6 से बरी कर दिया था। आरोपी के खिलाफ पटेलनगर देहरादून में मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियुक्त के अधिवक्ता ने दलील दी कि अपील लंबित रहने के दौरान अभियुक्त पहले से ही ट्रायल में जमानत पर रहा और उसने कभी उसका दुरुपयोग नहीं किया। वह सजा का बड़ा हिस्सा काट चुका है इसलिए उसे अपील की सुनवाई तक जमानत दी जानी चाहिए वहीं राज्य सरकार और शिकायतकर्ता की ओर से जमानत का विरोध किया गया। उनका कहना था कि अपराध गंभीर प्रकृति का है और पीड़िता नाबालिग थी, ऐसे में अभियुक्त को जमानत नहीं मिलनी चाहिए। अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद यह मानते हुए कि अपील का अंतिम निपटारा होने में समय लगेगा अभियुक्त को जमानत देने का आदेश पारित किया। अदालत ने कहा है कि वह जमानत का दुरुपयोग नहीं करेगा और गवाहों को प्रभावित नहीं करेगा और अपीलीय अदालत में समय-समय पर उपस्थित रहेगा।

# कुश्ती में पीपीजे के खिलाड़ियों का दबदबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नैनीताल। जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर बरेली में आयोजित क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय नैनीताल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतिभागियों के बीच पीपीजे नैनीताल के खिलाड़ियों ने दमदार कुश्ती दिखाते हुए कई भार वर्गों में पदक अपने नाम किए। कालेज प्रबंधन के मुताबिक अंडर-17 वर्ग में सम्राट चौधरी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं अंडर-19 वर्ग में विद्यालय के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। इस वर्ग में देव चड्ढा (79 किग्रा), मनन (86 किग्रा), आरुष चौधरी (74 किग्रा) और प्रणव (97 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी वर्ग में चन्द्रेश जोशी (55 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान पाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन सभी खिलाड़ियों का चयन भोपाल (मध्य प्रदेश) में होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के छात्रों की यह कामयाबी हम सभी के लिए गर्व का विषय है। बोले पीपीजे परिवार हमेशा से विद्यार्थियों को शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए समर्पित रहा है। हमारे खिलाड़ियों ने जो मेहनत और लगन दिखाई है वह निश्चित ही अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने कहा कि हमारे छात्र-छात्राएँ पढ़ाई के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, यह विद्यालय के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कामयाबी है।

### समारोह में 16 गुरुजन हुए सम्मानित

**नैनीताल।** रोटरी क्लब का 74वां अधिष्ठान समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर नैनीताल के प्रसिद्ध होटल व्यवसाई और सक्रिय रोटेरियन शैलेन्द्र शाह को क्लब का वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही शिवांगी शाह दूसरी बार सचिव चुनी गयी। बता दें अधिष्ठान समारोह में मुख्य अतिथि रोटरी मंडल 3110 के मंडल अध्यक्ष राजेन विद्यार्थी, विशेष अतिथि मोहन गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष जैन सभी ने सह पत्नी शिरकत की। समारोह में रोटरी क्लब नैनीताल की नई कार्यकारणी समिति घोषित की गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब नैनीताल में 9 नए सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर रोटरी क्लब नैनीताल की सदस्यता प्राप्त की। नए सदस्यों में इंडिया होटल के योगेश शाह, पत्रकार अरुण कुमार शाह, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विमल चौधरी, अनुपम रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर रुचिर शाह तथा विक्रम स्याल की पत्नी और फ्रीलांसर मीरा स्याल आदि शामिल रहे।

**कार्यालय जिला पर्यटन विकास अधिकारी, पिथौरागढ़**

पत्रांक-845/निविदा/2025-26 निविदा सूचना दिनांक 11 सितम्बर 2025

सर्वसाधारण इच्छुक फर्म/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि जनपद पिथौरागढ के मुख्य स्थल गुंजी) ज्योलिंगकोंग, कुटी एवं कालापानी क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 02 नवम्बर 2025 को आयोजित की जाने वाली हाई एल्टीट्यूड मैराथन दौड़ हेतु निम्नवत् निविदा आमंत्रित की जा रही है।

| क0सं0 | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 01 | हाई एल्टीट्यूड मैराथन दौड़ हेतु (मुख्य स्थल गुंजी) ज्योलिंगकोंग, कुटी एवं कालापानी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर वाटरप्रूफ टैन्ट/स्टेज कवरिंग/कियोस्क कैनोपी/पाण्डाल, गेट, स्टेज, स्टेज साज-सज्जा, 01 सेफ हाउस, 01 ग्रीन रूम, लाईट एवं साउन्ड की व्यवस्था, बैरिकेटिंग, पोटेबल टायलेट एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु। |

निविदा प्रपत्र दिनाँक 12 सितम्बर 2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 26 सितम्बर 2025 को प्रातः 11.00 बजे तक जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय, पिथौरागढ से प्राप्त किए जा सकते है। सीलबन्द निविदाएं पर्यटन कार्यालय में दिनांक 26 सितम्बर 2025 को मध्यान 12.00 तक जमा की जा सकती हैं, प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपरान्ह 1:00 बजे समिति के सम्मुख खोला जायेगा, निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त कार्य हेतु तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग लिफाफों में प्रेषित की जानी होगी। तकनीकी निविदा में सफल हुए निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास सुरक्षित होगा, निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु उपरोक्तानुसार किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय, पिथौरागढ में सम्पर्क किया जा सकता है।

(कीर्ति चन्द्र आर्य)
जिला पर्यटन विकास अधिकारी,
पिथौरागढ।

# पुलिस का नशा तस्करों पर शिकंजा, 4 गिरफ्तार

## प्रेम नगर थाना क्षेत्र में जलेबी की आड़ में अफीम बेच रहा था एक आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025 विजन के तहत पुलिस ने तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 5.75 ग्राम स्मैक, 5 किलो 100 ग्राम गांजा और 110 ग्राम अफीम बरामद की गई है। इनमें से एक आरोपी जलेबी की ठेली लगाकर अफीम बेचने का धंधा कर रहा था।



गांजा और स्मैक के साथ पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में, अमन विहार के पास से पुलिंदर साहनी (60) और विपिन कुमार (26) को 5 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया। पुलिंदर साहनी बिहार के दरभंगा का निवासी है, जबकि विपिन कुमार उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाला है। इन दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई में, पुलिस ने गश्त के दौरान मो. साजिद (32) को 5.75 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। साजिद देहरादून के कारगी चौक का रहने वाला है। उसके खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### लगा रखी थी जलेबी की ठेली

प्रेमनगर थाना पुलिस ने एक अनोखे मामले का खुलासा किया। पुलिस ने गोवर्धन (30) नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जो प्रेमनगर रोड पर जलेबी की ठेली लगाता था और उसी की आड़ में अफीम का कारोबार कर रहा था। उसके पास से 110 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह यह अफीम राजस्थान के जोधपुर से लाया था और स्थानीय नशेड़ियों को महंगे दामों पर बेचने की फिराक में था। गोवर्धन राजस्थान के जोधपुर जिले का रहने वाला है और फिलहाल देहरादून में नंदा की चौकी के पास रह रहा था। उसके खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून ने बताया कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और इसमें शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की

# पुलिस ने सुलझाई युवक पर जानलेवा हमले की गुत्थी, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पुलिस ने एक युवक पर जानलेवा हमले के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 7 सितंबर, 2025 को हुई थी, जब कुछ युवकों ने मिलकर सुजाता क्षेत्री के बेटे पर बेरहमी से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस मामले में कार्रवाई करते हुए, कैंट पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए, पुलिस ने तुरंत एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने आरोपियों का पता लगाने के लिए गोपनीय जानकारी और खुफिया तंत्र का इस्तेमाल किया और उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, पुलिस ने 10 सितंबर, 2025 को आरोपी प्रथम ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। प्रथम ठाकुर, उम्र 19, सूरत ठाकुर का पुत्र है और राजीव कॉलोनी, गोविंदगढ़, देहरादून का निवासी है, जो वर्तमान में खुड़बुड़ा मोहल्ला, प्रकाश नगर में रह रहा था।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर दो अन्य वांछित आरोपियों, जय और शिब्बू, की पहचान की है और उनकी तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि बाकी आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में उप-निरीक्षक विनयता चौहान और कांस्टेबल मनोज की टीम ने सराहनीय काम किया।

# चोरी का खुलासा नशाखोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पटेलनगर इलाके में हुई एक चोरी की वारदात को दून पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई नकदी और सामान बरामद किया है। आरोपी ने बताया कि उसने नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की थी।



दरअसल, 9 सितंबर 2025 को परवीना नाम की महिला ने पटेलनगर कोतवाली में घर से नकदी और दस्तावेज चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली और मुखबिर की सूचना पर मोहित विहार से ऋषि नाम के एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए 26 वर्षीय आरोपी ऋषि पुत्र रोहित के पास से पुलिस ने 7 हजार रुपए नकद और शिकायतकर्ता का आधार कार्ड बरामद किया। ऋषि ने पूछताछ में बताया कि वह नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के लिए ही उसने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# ग्लेशियरों व बड़े तालाबों के अध्ययन का महाराज ने किया अनुरोध

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से सतपाल महाराज ने की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/दिल्ली।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोकनिर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट कर मौसम विभाग एवं पृथ्वी विज्ञान से जुड़े वैज्ञानिकों को पर्वतीय क्षेत्रों में संवेदनशील और ऊँचाई वाले स्थानों पर प्राकृतिक रूप से बने ग्लेशियरों और बड़े तालाबों का अध्ययन करवाने का अनुरोध किया है ताकि आने वाले समय में इनसे होने वाले नुकसान से बचा जा सके।



महाराज ने गुरुवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से इंदिरा पर्यावरण भवन, नई दिल्ली स्थित मंत्रालय भवन में शिष्टाचार भेंट कर बातचीत के दौरान उनसे कहा कि हमारे देश के विभिन्न पहाडी व संवेदनशील क्षेत्रों में प्राय: प्रकृतिक आपदायें जैसे भूस्खलन, बादल फटना व बाढ़ जैसी कठिनाईयां आती रहती हैं। इन भीषण घटनाओं से आम जनमानस को भारी नुकसान पहुँचता है तथा बेकसूर प्राणियों का जीवन संकट में पड़ जाता है। हाल ही में उत्तराखण्ड के जनपद उत्तरकाशी, पौड़ी और चमोली एवं हिमांचल प्रदेश के अनेक स्थानों पर अचानक बादल फटने की घटना से लोगों का जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और लोगों को प्राण रक्षा करने तक का अवसर नहीं मिल पाया। इसलिए यदि समय रहते हमें इन आपदाओं की सटीक व त्वरित जानकारी उपलब्ध होती तो इस नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि हालांकि हमारे देश के पास उन्नत उपग्रह तकनीक और मौसम पूर्वानुमान प्रणाली उपलब्ध है जिनकी मदद से अत्यधिक वर्षा या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के आने की पूर्व सूचना दी जा सकती है किन्तु इस तकनीक को और सुदृढ और सटीक बनाने की अत्यन्त आवश्यकता है। मौसम विभाग एवं पृथ्वी विज्ञान से जुड़े वैज्ञानिकों को पर्वतीय क्षेत्रों में संवेदनशील और ऊँचाई वाले स्थानों पर प्राकृतिक रूप से बने ग्लेशियरों और बड़े तालाबों का अध्ययन करने की सशक्त आवश्यकता है ताकि आने वाले समय में इनसे होने वाले नुकसान से बचा जा सके। महाराज ने कहा कि उपग्रह आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम को सुदृढ किये जाने, बादल फटने व अन्य आपदाओं की सटीक जानकारी तुरंत सम्बन्धित राज्यों और स्थानीय प्रशासन तक पहुँचाये जाने तथा मोबाइल नेटवर्क, रेडियो, टी०वी० तथा अन्य संचार माध्यमों से आम जनता तक चेतावनी संदेश पहुँचाये जाने की तकनीकी पर भी त्वरित कार्य करवाये जाने की नितान्त आवश्यकता है ताकि भविष्य में इस घोर संकट से निपटा जा सके। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री यादव से अनुरोध करते हुए कहा कि मानवीय मूल्यों से जुड़े इस मुद्दे पर विशेष ध्यान देते हुए सम्बन्धित विभाग को यथाशीघ्र त्वरित एवं सकारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिए जायें।

# एमडीडीए ने कई स्थानों पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## सहस्त्रधारा रोड, एकता विहार और वन विहार में अवैध व्यवसायिक आवासीय भवनों को किया सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों पर मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) लगातार अवैध प्लॉटिंग और नियम विरुद्ध निर्माण के खिलाफ सखघ्त अभियान चला रहा है। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्रदेश में नियोजित और सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित करने के लिए अवैध व्यवसायिक और आवासीय निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



गुरुवार को एमडीडीए ने सहस्त्रधारा रोड, एकता विहार और वन विहार में कार्रवाई प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत सहस्त्रधारा रोड, एकता विहार कैलाशपुर, वन विहार आदि विभिन्न स्थानों पर किए जा रहे अवैध व्यवसायिक/आवासीय भवनों पर सीलिंग की कार्यवाही की गई। टमित पाल द्वारा सौन्धोवाली मानसिंह निकट एमडीडीए आमवाला तरला आवासीय योजना सहस्त्रधारा रोड में पृथकख्रपृथक 3 आवासीय भवन स्वीकृत कराए गए थे, जिन्हें जोड़कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों पर इन भवनों को सील किया गया। संजीव द्वारा ओर्चिड पार्क कॉलोनी, हैलीपैड रोड देहरादून में बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई की गई।

महमूद हसन द्वारा गंगोत्री विहार वेस्ट कैनाल रोड (इलेक्ट्रिक टावर के सामने) में अवैध रूप से निर्मित दो दुकानों को संयुक्त सचिव के आदेशों पर सील किया गया। मो. इंतजार द्वारा एकता विहार कैलाशपुर रोड देहरादून में किए जा रहे अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई की गई।

समीर हुसैल द्वारा वन विहार नियर सपना हॉस्टल देहरादून में बिना मानचित्र स्वीकृति के किए जा रहे अवैध निर्माण को भी सील किया गया। इन कार्रवाइयों में सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत व उनकी टीम, सहायक अभियंता विजय सिंह रावत, अवर अभियंता जितेंद्र सिंह और सुप. रवाइजर मौके पर मौजूद रहे।

### नियम विरुद्ध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं : बंशीधर तिवारी

उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा, "मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रदेश में नियोजनहीन और अवैध निर्माण को रोकने के लिए सखघ्त कार्रवाई की जाए। एमडीडीए की टीमें निरंतर फील्ड में काम कर रही हैं। नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे निर्माण को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।"

# 62 वृद्धजनों को मिलेंगे कृत्रिम अंग व्योश्री योजना के तहत लगा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की व्योश्री योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए देहरादून में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन और जिला समाज कल्याण विभाग के सहयोग से भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा आयोजित यह शिविर नथुवा वाला स्थित शिव शक्ति पंचायती मंदिर में लगाया गया।

शिविर में कुल 62 वृद्धजनों का पंजीकरण किया गया। इन सभी लाभार्थियों को 17 सितंबर, 2025 को लॉर्ड वेंकटेश्वर वेडिंग पॉइंट, सुभाष रोड, देहरादून में कृत्रिम अंग वितरित किए जाएंगे। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, इस पहल का दूसरा चरण 12 सितंबर, 2025 को ब्रह्मपुरी में आयोजित किया जाएगा, जहाँ और भी बुजुर्गों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा। आज के शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के प्रतिनिधि विशाल मौर्य, कुणाल कटारिया, आशुतोष दीक्षित, जिला समाज कल्याण विभाग की मीनाक्षी उपाध्याय, सहायक समाज कल्याण अधिकारी, डीडीआरसी से उमेश ग्रोवर और नथुवा वाला की पार्षद स्वाति डोभाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# टीवीएस ने लॉन्च किया एनटॉर्क 150

**देहरादून।** टीवीएस मोटर कंपनी ने हाइपर स्पोर्ट स्कूटर, टीवीएस एनटॉर्क 150 के लॉन्च की घोषणा की। यह 149.7 सीसी रेस-ट्यून्ड इंजन द्वारा संचालित है और स्टील्थ एयरक्राफ्ट डिजाइन वाला यह स्कूटर उच्च प्रदर्शन, स्पोर्टी लुक और अत्याधुनिक तकनीक का संगम है जो नई पीढ़ी के राइडर्स को आकर्षित करेगा। इसकी विशेष शुरुआती कीमत 1,19,000 रुपये रखी गई है। कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनिरुद्ध हलदर ने कहा, 20 लाख से अधिक एनटॉर्क राइडर्स और 50 से अधिक स्व-प्रबंधित राइड ग्रुप्स व कम्युनिटीज इस रिश्ते को परिभाषित करते हैं, जो भारत के सबसे पसंदीदा और प्रतिष्ठित ऑटोमोटिव ब्रांड्स में से एक और उसके राइडर्स के बीच बना है।

# आपदा पीड़ितों से एक दिन भी नहीं मिले कांग्रेसी: भाजपा

## महिला कांग्रेस का प्रदर्शन सस्ती लोकप्रियता का पुराना एजेंडा : आशा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने महिला कांग्रेस के प्रदर्शन को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का एजेंडा बताया है। पार्टी की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक आशा नौटियाल ने पलटवार किया कि जो आपदा पीड़ितों के आंसू पोछने एक दिन नहीं गए, वे अब पीएम से मिलने की ड्रामेबाजी कर रहे हैं।



उन्होंने मीडिया के पूछे सवालों के जवाब देते हुए, कांग्रेस के प्रदर्शन को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक करार दिया। वहीं आइना दिखाते हुए कहा कि सरकार के अथक प्रयासों से समूचा प्रदेश, आपदा का साहस से सामना कर रहा है और विपक्ष रोज नए नए झूठे आरोप लगाने में जुटा है। प्रदेश सरकार ग्राउंड जीरो पर रहकर प्रभावितों की तकलीफ को न्यूनतम करने में लगी है, लेकिन कांग्रेस नेता भ्रम फैलाकर प्रदेश की छवि खराब कर रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी, पीएम मोदी के मार्गदर्शन में पीड़ितों के बीच दिन रात रहकर उनका हौसला बढ़ा रहे हैं और कांग्रेस गलत तस्वीर दिखाकर उन्हें निराश करने में जुटी है। प्रदेश सरकार और तमाम आपदा प्रबंधन में लगी एजेंसियां केंद्रीय टीम और विशेषज्ञों की मदद से नुकसान का सही-सही आकलन कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने जितना मांगा, उतना भी नहीं दे पाए पीएम: डॉ. प्रतिमा

**देहरादून।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने कहा कि भाजपा ने डबल इंजन की सरकार के फायदे गिनाकर भोली भली प्रदेश की जनता को मूर्ख बनाया है। प्रदेश आपदा से जूझ रहा है सरकारी आंकड़ों के हिसाब से ही प्रदेश को 2500 करोड़ का नुकसान इस मानसून में हुआ है। इस समय केंद्र से एक अच्छे पैकेज के साथ-साथ ये भी उम्मीद थी की वो इस प्रदेश को आपदा ग्रस्त प्रदेश घोषित करें, पर मोदी जी तो ऊँठ के मुँह में जीरा देकर चले गए।

# कांग्रेस ने पीएम मोदी से आपदा राहत में मांगे 20 हजार करोड़

## उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सौंपा एडीएम को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पिछले महीनों में उत्तराखंड के अनेक हिस्सों में आई भयंकर आपदा से प्रभावित लोगों को राहत व मुआवजा देने, प्रभावितों के पुनर्वास व आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए बीस हजार करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज देने की मांग करते हुए कांग्रेस ने एक ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा हैं।



उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने आज पीएम मोदी उत्तराखंड पधार रहे हैं।

गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी व पिथौरागढ़ की आपदाओं का जिक्र करते हुए कहा गया कि प्रदेश में आई भयंकर आपदाओं के प्रभावितों को राहत मुआवजा पुनर्वास व पुनर्निर्माण कार्यों के लिए बीस हजार करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज देने की मांग की।

धस्माना ने अपर जिलाधिकारी जय भारत को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पार्टी का यह ज्ञापन प्रधानमंत्री तक अवश्य पहुंचाया जाए। धस्माना के साथ पार्टी की प्रवक्ता सुजाता पॉल, प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, पार्टी नेता सोनिया आनंद, प्रदेश कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल, हरेंद्र बेदी, अनुज दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# एफआरआई में मनाया राष्ट्रीय वन शहीद दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** वन अनुसंधान संस्थान परिसर में स्थित ''वन शहीद स्मारक'' के प्रांगण में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया। यह दिवस वनों तथा वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान करने वाले वन रक्षकों की याद में मनाया गया।

इस अवसर पर वन शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् की महानिदेशक कंचन देवी, वन अनुसंधान संस्थान निदेशक डा रेनू सिंह, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक-डा जगमोहन शर्मा, केन्द्रीय राज्य वन सेवा अकादमी के प्रिंसिपल द्वारा श्रद्धांजली दी गई तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

वन शहीद दिवस के इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् एवं वन अनुसंधान संस्थान के अधिकारी, वैज्ञानिक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के प्रोबेशनर्स तथा केन्द्रीय राज्य वन सेवा अकादमी के ट्रेनीज द्वारा भी वन शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# देहरादून में मातृ-मृत्यु दर वर्तमान में 42 : सीएमओ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि जनपद देहरादून में मातृ-मृत्यु दर वर्तमान में 42 है, जबकि उत्तराखण्ड राज्य में यह दर 103 तथा देश में 97 है।



■ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शर्मा नेआंकड़े किए साझा, कहा -जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों से 18 मातृ मृत्यु की गई रिपोर्ट

उन्होंने बताया कि आतिथि तक देहरादून जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों से 18 मातृ मृत्यु रिपोर्ट की गयी हैं। जिसमें से सिर्फ 6 मातृ मृत्यु प्रकरण देहरादून जनपद में निवासरत महिलाओं के तथा शेष 12 मातृ मृत्यु प्रकरण अन्य जनपदों व अन्य प्रदेशों से देहरादून में उपचार हेतु लायी गयी महिलाओं से संबंधित हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शर्मा ने कहा कि देहरादून जिले में अभी तक (अप्रैल से जुलाई 2025) तक 63 बच्चों (0 से 5 वर्ष आयु तक) की मृत्यु रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिसमें मृत्यु के विभिन्न कारण रहे हैं, जिसमें मुख्यत: नवजात बच्चों का समय से पूर्व व कम वजन का पैदा होना है। उन्होंने बताया किजिले में वर्तमान में शिशु मृत्यु दर 10.4 है, जबकि उत्तराखण्ड में 17 तथा राष्ट्रीय स्तर पर 20 है। डॉ शर्मा ने कहा किवर्ष 2024-25 में जुलाई माह तक 22 मातृ मृत्यु रिपोर्ट की गयी थ जो कि वर्तमान चालू वर्ष में 18 है।वर्ष 2024-25 में जुलाई माह तक 100 शिशु मृत्यु रिपोर्ट की गयी थी जो कि वर्तमान वर्ष में 63 है। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कियहां यह कहना उचित होगा कि देहरादून जिले में मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर के आंकड़े संतोषजनक है तथा तथा पूर्व के वर्षों के सापेक्ष स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा किजनपद में महिलाओं और बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। गर्भवती महिलाओं को भी बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इस बात का ध्यान रखा जा रहा है। बीते दिवस हुई समीक्षा बैठक में 18 मातृ मृत्यु एवं 63 शिशु मृत्यु के प्रकरणों में से 02 मातृ मृत्यु एवं 02 शिशु मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में की गयी थी। जिसमें मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु को कम करने के उपायों पर विचार किया गया। यह भी निर्देश दिये गये कि किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए सम्बन्धित पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# कृषि मंत्री जोशी से मिले उत्तरकाशी जिला पंचायत अध्यक्ष

**मुख्य संवाददाता शाह**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से गुरुवार को उनके शासकीय आवास पर उत्तरकाशी के नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने भेंट की। इस दौरान मंत्री जोशी ने रमेश चौहान को जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

भेंट के दौरान रमेश चौहान ने कृषि मंत्री से आग्रह किया कि हर्षिल घाटी के सेब की फसल को शीघ्र ही सरकार द्वारा खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि सेब उत्पादकों को राहत मिल सके। इसके अलावा उत्तरकाशी जनपद के उपला टकनौर क्षेत्र के युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी कृषि मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर क्षेत्र के सेब काश्तकारों की वर्तमान समस्याओं से अवगत कराया और 2013 के तर्ज पर सेब की फसल की खरीद का अनुरोध किया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिनिधिमंडल की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सतेंद्र राणा, अमित शाह, बचेंद्र रौतेला, मनवीर रौतेला, रोशन रौतेला, प्रदीप पंवार और उदय राणा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अपर सचिव ग्राम्य विकास ने जनपद हरिद्वार का भ्रमण किया

# महिला समूह के संचालित उद्यम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/लक्सर।** उत्तराखंड सरकार की अपर सचिव, ग्राम्य विकास एवं परियोजना निदेशक, उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति, सुश्री झरना कमठान ने आज जनपद हरिद्वार में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला सीएलएफ और स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित उद्यमों की प्रगति, उत्पादों की गुणवत्ता तथा बाजार संभावनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम खानपुर विकासखंड में स्थापित सिंघाड़ा प्रोसेसिंग यूनिट का दौरा किया। यहां उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन कर आटे का उत्पादन शीघ्र पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिला परियोजना प्रबंधक श्री संजय सक्सेना एवं संबंधित सीएलएफ अध्यक्षा ने अवगत कराया कि सिंघाड़े का उत्पादन आगामी अक्टूबर माह से शुरू होते ही आटे की नियमित आपूर्ति बहाल हो जाएगी। इसके पश्चात, सुश्री कमठान ने रुड़की विकासखंड स्थित हिलांस बेकरी यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला समूहों द्वारा तैयार की जा रही सिंघाड़ा कुकीज व अन्य



कुकीज की गुणवत्ता और पैकेजिंग संबंधी जानकारी विस्तार से प्राप्त की तथा उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। उनके साथ आई क्वालिटी टीम द्वारा सभी उत्पादों की गुणवत्ता पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण एवं सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे, ताकि बाजार में उपलब्ध कराए जा रहे उत्पाद उच्च मानकों पर खरे उतरें। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्तमान में उत्पादों की गुणवत्ता संतोषजनक है और विभाग इसे और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान सुश्री कमठान ने ब्लॉक कार्यालयों का औचक निरीक्षण भी किया, जहां सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाई गईं। इस अवसर पर, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) श्री कैलाश नाथ तिवारी ने मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती आकांक्षा कोण्डे के निर्देशन में निर्माणाधीन लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया तथा कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण में सुश्री झरना कमठान के साथ परियोजना निदेशक (डीआरडीए) श्री कैलाश नाथ तिवारी, जिला परियोजना प्रबंधक श्री संजय सक्सेना, समस्त सहायक प्रबंधक, खानपुर एवं रुड़की के बीडीओ/एबीडीओ, ब्लॉक स्तरीय रीप एवं एनआरएलएम टीम, संबंधित सीएलएफ की टीम सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## 11 महीने बाद बरेली के स्मैक तस्कर को घसीट लाई रुड़की पुलिस

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** शहर पुलिस ने करीब 11 महीने 5 दिन बाद ड्रग फ्री महिम पर बड़ी कार्रवाई की है। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने बरेली के स्मैक तस्कर को कड़ी मशक्कत कर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया। कोर्ट की पेशी के बाद स्मैक तस्कर को सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

एसटीएफ ने 6 अक्टूबर 2024 को यूके-17 की बाइक को बस स्टैंड के पास रोका था। एसटीएफ ने रईस अहमद निवासी बडिया तीलियापुर थाना सीबीगंज बरेली उत्तर प्रदेश, एजाज उर्फ आजाद निवासी गांव लादपुर खुर्द थाना लक्सर और शहजाद को गिरफ्तार किया था। जिन्होंने पूछताछ में बताया था कि यासीन उर्फ छोटे खान निवासी रसूला चौधरी थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली से स्मैक लेकर आए थे। यह स्मैक तीनों मिलकर रुड़की और आसपास के स्कूल-कॉलेज के छात्रों को बेचने के लिए लाए थे। पिछले साल अक्टूबर से लेकर अब तक जांच अधिकारी स्मैक के कारोबार के नाम से बदनाम हो चुके बरेली में बैठे स्मैक के तस्कर यासीन उर्फ छोटू खान की गिरफ्तारी के प्रयास में लगे थे। जो करीब 11 महीने से पुलिस से बचने के लिए अपने बार-बार ठिकाने बदल रहा था। लेकिन बीती रात रुड़की पुलिस ने स्मैक के बड़े तस्कर यासीन उर्फ छोटू खान को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार ने बताया कि उप निरीक्षक ध्वजवीर सिंह पवार, कांस्टेबल अमित रावत और राजेश देवरानी पुलिस टीम में शामिल रहे।

## पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**रुड़की।** पुलिस ने मारपीट के मामले में दो जबकि एक व्यक्ति को कोर्ट की पेशी से फरार होने पर गिरफ्तार किया है। गंगनहर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दीप कुमार ने बताया कि संदीप और मुकेश निवासी सलेमपुर राजपूताना अपनी माता से पैसों के लेनदेन को लेकर झगड़ा कर रहे थे। जिन्हें अपर उप निरीक्षक कांता प्रसाद, कांस्टेबल लाल सिंह और पवन सैनी ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि राजकुमार शर्मा निवासी चाव मंडी को चेक बाउंस के मामले में कोर्ट की पेशी से फरार होने पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने को सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में एक क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता संगोष्ठी (आरआईएसए) का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता बढ़ाना, निवेशक जागरूकता को बढ़ावा देना और छात्रों को सूचित एवं जिम्मेदार वित्तीय निर्णय लेने के लिए ज्ञान से लैस करना था।

आईआईटी रुड़की के 200 से अधिक छात्रों ने भारत के पूंजी बाजार, निवेश के अवसरों एवं जोखिम प्रबंधन पर इंटरैक्टिव चर्चाओं, प्रश्नोत्तर सत्रों व विशेषज्ञ-नेतृत्व वाले संवादों में भाग लिया, तथा वित्तीय नियोजन एवं बाजार भागीदारी की गतिशीलता को समझने में गहरी रुचि दिखाई। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में सेबी के उप महाप्रबंधक श्री भारतेंद्र कुमार गुप्ता एवं एनएसई के उपाध्यक्ष श्री जोगिंदर सिंह उपस्थित थे। दोनों ने वित्तीय अनुशासन, निवेशक सुरक्षा तंत्र एवं भारत के समावेशी आर्थिक विकास में युवाओं की भूमिका के महत्व पर जोर दिया। गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए, आईआईटी रुड़की के प्रबंधन अध्ययन विभाग के प्रमुख, प्रो. रजत अग्रवाल ने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक जीवन कौशल प्रदान करने में इस तरह की पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का समन्वयन आईआईटी रुड़की की डीओएमएस प्रो. प्राची



जैन ने किया और इसका नेतृत्व एनएसई यूपी क्षेत्र के नियामक विभाग की प्रभारी, सीएस श्रुति शर्मा ने किया, जिन्होंने युवाओं में वित्तीय साक्षरता को मजबूत करने के लिए एनएसई की प्रतिबद्धता दोहराई। आईआईटी रुड़की के निदेशक, प्रो. कमल किशोर पंत ने कहा, "वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, व आईआईटी रुड़की को ऐसे कार्यक्रमों की मेजबानी करने पर गर्व है जो हमारे छात्रों को न केवल इंजीनियर एवं प्रबंधक के रूप में, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में भी तैयार करते हैं। सेबी एवं एनएसई के साथ सहयोग भविष्य के वित्तीय रूप से जागरूक और सशक्त नेताओं को आकार देने में अत्यधिक उपयोगी साबित होगा। सेबी के उप महाप्रबंधक, भारतेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा, "निवेशकों की जागरूकता वित्तीय धोखाधड़ी एवं कदाचार के विरुद्ध पहली सुरक्षा पंक्ति है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से, सेबी का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र और युवा व्यावसायिक सोच-समझकर निर्णय लेने और भारत की वित्तीय स्थिरता में योगदान देने के लिए सक्षम हों। आईआईटी रुड़की के एक छात्र प्रतिभागी ने बताया, सेमिनार ने हमें वित्तीय नियोजन एवं निवेशक सुरक्षा के महत्व के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी।

## एनीमिया से जूझ रही गर्भवती महिला को मिली नई जिंदगी

**शाह टाइम संवाददाता**

**पिरान कलियर।** इमलीखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत रांघड़वाला निवासी गर्भवती महिला सपना पत्नी अमित का जीवन समय रहते स्वास्थ्य विभाग की सजगता से बच गया। रूटीन एएनसी जांच में आशा व एएनएम ने पाया कि महिला में अत्यधिक खून की कमी है। सूचना मिलते ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राव अकरम ने महिला को तत्काल पीएचसी इमलीखेड़ा बुलवाया। जांच में महिला का हीमोग्लोबिन केवल 4 ग्राम/डीएल पाया गया जो गंभीर एनीमिया की श्रेणी में आता है। और मां व गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए जानलेवा हो सकता है।इमलीखेड़ा चिकित्सा प्रभारी डॉ राव अकरम ने बताया कि गर्भवती महिला में खून की ज्यादा कमी पाए जाने पर उसे तुरंत उप जिला अस्पताल रुड़की भेजने की सलाह दी। महिला की शारीरिक स्थिति बेहद कमजोर थी और शरीर सफेद पड़ चुका था। हालांकि महिला अकेली होने के कारण अस्पताल जाने से इंकार कर रही थी। उन्होंने धैर्यपूर्वक काउंसलिंग की और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।लंबे समझाने के बाद महिला अगले दिन अस्पताल जाने के लिए तैयार हुई।अगले दिन आशा व एएनएम की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा महिला को उप जिला अस्पताल रुड़की भेजा गया। पहले से सूचना मिलने के चलते वहां उसे तत्काल भर्ती कर खून चढ़ाया गया और उपचार शुरू हुआ। उपचार के बाद महिला स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुई।अब महिला स्वस्थ हैं। डिस्चार्ज होने के बाद महिला सपना ने पीएचसी इमलीखेड़ा पहुंचकर डॉ राव अकरम और पूरी स्वास्थ्य टीम का आभार व्यक्त किया।

## खरीदने के बहाने जेवर ले उड़ा दंपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** सर्राफा बाजार में बुधवार सुबह हुई चोरी की घटना से कारोबारियों में हड़कंप मच गया। आभूषण खरीदने का झांसा देकर एक दंपत्ति दुकान से करीब एक तोले की सोने की चेन लेकर फरार हो गया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार, पूर्व पालिकाध्यक्ष के पुत्र कुंवर प्रवेज की सर्राफा बाजार स्थित दुकान पर सुबह लगभग 11 बजे बाइक सवार दंपत्ति पहुंचे। उन्होंने सोने के आभूषण देखने की बात कहकर कई जेवरात मंगवाए। इस दौरान दुकानदार एक अन्य ग्राहक को जेवर दिखाने में व्यस्त हो गया। तभी महिला ने मौका पाकर करीब एक तोले की सोने की चेन चुपके से गायब कर दी और दंपत्ति दुकान से निकल भागे। कुछ देर बाद जब दुकानदार ने गहनों की गिनती की तो एक चेन कम निकली। तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर चोरी की पूरी करतूत सामने आ गई। व्यापारी और स्थानीय लोगों ने आसपास तलाश की, लेकिन दंपत्ति का कोई सुराग नहीं लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित सर्राफ की तहरीर मिल चुकी है। फुटेज के आधार पर आरोपी दंपत्ति की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपाइयों ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन स्थित जिला पंचायत गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कार्यकारणी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष संजय अरोड़ा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक संगठन के द्वारा रुड़की भाजपा जिले के द्वारा अलग-अलग स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य सिविल प्रदर्शनी, प्रबुद्ध संवाद, नमो वन नमो पार्क, संगोष्ठी, अभियान विकसित भारत, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह सभी कार्यक्रम 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपना पूर्ण योगदान देंगे। बैठक का संचालन सतीश वत्स ने किया। इस अवसर पर बैठक में राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति, बृजमोहन सैनी, सुभाष सरीन, पवन तोमर, महामंत्री



अक्षय प्रताप सिंह, सागर गोयल, रोमापाल, वर्णिका चौधरी, धीर सिंह, राजीव, अरविंद गौतम, राजकुमार गुप्ता, अंकित गौतम, सतीश पाल, नरोत्तम, रीमा अग्रवाल, सुजल कौशिक, संजय त्यागी, पारुल भाटिया, बृजेश त्यागी, पार्षद आकाश जैन, सावित्री मंगला, दिनेश कौशिक, राजपाल सिंह, सतीश वत्स आदि उपस्थित रहे।

## युवक से 110 ग्राम स्मैक बरामद

**रुड़की।** पुलिस ने रात्रि गश्त में एक व्यक्ति से स्मैक बरामद की है। गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर मनोहर भंडारी ने बताया कि उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट, कांस्टेबल रणवीर और मनमोहन सैनी रात के वक्त गश्त पर थे। तभी उस्मान उर्फ माना निवासी गढ़ी कोतवाली लक्सर को तलाशी के लिए रोका। तलाशी में 110 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। आरोपी को कोर्ट की पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है।

## खाद्य व्यापारियों को संरक्षण के गुर बताए

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** त्योहार सीजन को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने देहात और शहर में खाद्य व्यापारियों को जागरूक किया है। व्यापारियों से कहा की वह कुट्टू के आटे को ग्राहकों को देते वक्त कुछ खास बातों का ख्याल रखें। कोई भी खाद्य पदार्थ एक्सपायर न हो। जबकि मिठाई आदि की भी गुणवत्ता सही रखी जाए। वरिष्ठ खाद्य संरक्षा अधिकारी योगेंद्र पांडे ने बताया कि रुड़की और भगवानपुर में बृहस्पतिवार को व्यापारियों के साथ जागरूकता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में शहर और देहात के व्यापारियों को बताया गया कि वह अपने यहां कोई भी एक्सपायर पदार्थ की बिक्री न करें। मिठाई आदि की गुणवत्ता भी बेहतर रखी जाए। जबकि कुट्टू के आटे पर विशेष ध्यान दे। यदि कहीं पर भी कोई अनियमिताएं मिलती है तो व्यापारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्यशाला में रुड़की और भगवानपुर देहात क्षेत्र के व्यापारियों ने भी खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को आश्वासन दिया कि वह विभाग की गाइडलाइन के मुताबिक ही काम करेंगे।

## जीवन उसी का सफल है, जो दूसरों को सुख देता है : विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति के अन्तर्गत आने वाली कालोनियों ने उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा से पीड़ित लोगों के लिए तीन लाख अट्ठाईस हजार तीन सौ रुपये एकत्र किए थे। उन्हें आज तहसीलदार विकास अवस्थी तहसील के माध्यम से चौक द्वारा मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के लिए दिया गया।

वहीं ढंडेरा रेलवे स्टेशन पर 1988 में युद्ध अभ्यास में अपनी एक टांग न्यौछावर करने वाले शिवाजी कालोनी के निवासी समाजसेवी, संरक्षक पूर्व सैनिक मोहन लाल गौड़ एवं मालती देवी गौड़ द्वारा ढ़ंडेरा रेलवे स्टेशन व शिव मंदिर पर आम जन के लिए एक वाटर कूलर भेंट किया गया। वाटर कूलर का लोकार्पण तहसीलदार के साथ साथ कुमाऊनी संस्कृति समिति, एवं शिवाजी कालोनी के शिव मन्दिर में भी किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार ने कहा कि ये क्षेत्र की जनता का सौभाग्य है कि उनके बीच में ऐसी महान हस्तियां हैं जो जनकल्याण में ही अपने जीवन को समर्पित कर रहें हैं। इस अवसर पर मोहनलाल गौड़ जी द्वारा रु 100000 का चौक आपदा राहत के लिए दिया गया। साथ ही अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति की सभी कालोनियों से एकत्रित धन रु 228300/(दो लाख अट्ठाईस हजार तीन सौ) कुल रु 328300/(तीन लाख अट्ठाईस हजार तीन सौ रुपये) मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष हेतु चौक दिया गया।

**नाम परिवर्तन-सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पिता का नाम भुलवंश मोहम्मद कुर्बान दर्ज हो गया था जो गलत है। मेरे पिता का सही नाम कुर्बान अली है, इसलिए आज के बाद मेरे पिता को कुर्बान अली के नाम से ही जाना पहचाना व पढ़ा लिखा समझा जाए।
**अमीरूद्दीन पुत्र कुर्बान अली नि. सुलतानपुर आदमपुर तहसील लक्सर जिला हरिद्वार**

**नाम परिवर्तन-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं. 20756/HDR/05 में मेरा नाम PARMOD DHYANI है। जबकि मेरा सही नाम PRAMOD DHYANI है। इसलिए, भविष्य में मुझे मेरे सही नाम PRAMOD DHYANI के नाम से ही जाना, पहचाना,पढ़ा,लिखा व दर्ज किया जाए।
**प्रमोद ध्यानी पुत्र स्व. ललित मोहन ध्यानी निवासी जी-5 कोतवाली सिविल लाइन रुड़की जिला हरिद्वार-आधार नं. 57268950315**

## अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ पुलिस की छापेमारी, एक आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा अवैध नशीले कैप्सूल बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से संबंधित 60 कैप्सूल बरामद हुए हैं। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार लक्सर पुलिस के द्वारा अवैध नशीले कैप्सूल बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को पकडा है। राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया मिशन ड्रग्स फ्री देव भूमि 2025 को शपल बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान ऑपरेशन लगाम को शपल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद को नशा मुक्त करने के लिए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध प्रभावित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 10 सितंबर 2025 को चेकिंग के दौरान एक मेडिकल स्टोर स्वामी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 60 कैप्सूल संबंधित नंबर नसे के बरामद हुए पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम दीपक पुत्र धर्म सिंह निवासी बुक कनपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार उम्र 23 वर्ष बताया। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार कांस्टेबल राजेंद्र सिंह चौहान होमगार्ड इमरान शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा न लगाने पर होगी कार्रवाई**-पुलिस के द्वारा मेडिकल स्टोर पर चेकिंग के दौरान सीसीटीवी ना लगाने पर पुलिस के द्वारा फटकार लगाई है राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया था की सभी स्टोर स्वामी अपने स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे जरुरी लगाये और अपनी दवाई के स्टोर पर कोई प्रतिबंधित दवाई ना बेचे उन्होंने कहा डॉक्टर के पर्चे पर ही दवाई दें क्योंकि अगर किसी भी दवाई के स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

## ग्राम पंचायत में बगैर एजेंडे के ही मीटिंग दिखाकर

# पैसे निकाल कर हेरा-फेरी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी को उप प्रधानों के द्वारा पत्र देकर बगैर सूचना दिए ही मीटिंग दिखाकर विकास कार्य कराने का आरोप लगाया है। उप प्रधान झीवर हेडी सुमित कुमार व प्रधान हबीबपुर कुड़ी अनिल कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 से 11 सितंबर 2025 तक सभी ग्राम पंचायत में बगैर सूचना दिए मीटिंग की जा रही है और पंचायत निधि व मनरेगा द्वारा पैसे निकाले जा रहे हैं इसकी सूचना भी उप प्रधान को नहीं दी जाती उन्होंने कहा उप प्रधान को यह भी नहीं बताया जाता की किस योजना से कितना पैसा आया है और किस रास्ते पर किस योजना का कितना पैसा खर्च हुआ है उन्होंने कहा कि अभी तक हमें यह भी नहीं मालूम की मनरेगा में कितने मजदूर हैं और उनके खातों में वर्ष 2022 से 11 सितंबर 2025 तक कितना पैसा डाला गया है उसकी भी हमें जानकारी नहीं दी गई है उन्होंने बताया कि अगर उप प्रधान को यह जानकारी नहीं दी जाएगी तो फिर आम जनता का क्या हाल होगा उन्होंने नाला सफाई व अन्य सफाई में कितना पैसा खर्च किया हुआ है यह भी सभी ग्राम पंचायत में उप प्रधान को नहीं बताया गया है उन्होंने कहा कि अगर हमें संबंधित कार्यों के संबंधित मजदूर संबंधित विकास निधि मनरेगा की जानकारी नहीं दी गई तो हम ध



रना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी ब्लॉक के अधिकारियों की होगी वहीं खंड विकास अधिकारी पवन सिंह सैनी ने कहा कि उप प्रधानों के द्वारा कुछ पत्र देकर जानकारी मांगी गई है कि बगैर सूचना के मीटिंग की जा रही है और विकास कार्य किए जा रहे हैं उन्होंने कहा एडियो पंचायत से जानकारी लेकर इस मामले में टीम गठित की जाएगी और रिपोर्ट आने पर जो भी किसी की कमी होगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# उर्स में अव्वल रात को दरगाह पर उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के 757वें सालाना उर्स की 17 रबीउल अव्वल की रात को दरगाह परिसर और कस्बे में भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर साहिबजादा शाह खालिक मियां साबरी कुदुसी की सरपरस्ती में हजरत साबिर पाक के वालिद-ए-माजिद हजरत अब्दुर्रहीम अब्दुलसलाम की याद में कुल शरीफ अदा किया गया।

कुल शरीफ के बाद उर्स की आखिरी महफिल-ए-समा महफिल खाने में बुधवार देर रात संपन्न हुई।जो ब्रस्पतिवार सुबह तक जारी रही। महफिल में देश के कोने कोने से आए मशहूर कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर समां बांधा। दरगाह साबरी जामा मस्जिद के इमाम हाफिज सऊद साबरी और शाह खालिक मियां साबरी ने अमन, चैन और खुशहाली की दुआ कराई। साहिबजादा शाह खालिक मियां साबरी ने बताया कि 17 रबीउल अव्वल की यह महफिल हजरत साबिर पाक के वालिद हजरत अब्दुर्रहीम अब्दुलसलाम की याद में सालों से आयोजित होती आ रही है और इस बार भी जारी रही। दुआओं और सूफियाना



कलामों के साथ 757वां उर्स का समापन हुआ। इस मौके पर शाह यावर ऐजाज साबरी, शाह सुहैल मियां, सूफी राशिद साबरी, असद साबरी, नोमी मियां, नियाजी साबरी, नमीर साबरी समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहें।

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025

# विस्तार लेता टकराव

यह देखना बेहद डराने वाला है कि साढ़े तीन साल से भी अधिक समय से चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध शांत होने के बजाए और विस्तार लेता दिखाई दे रहा है। ताजा मामले में पोलेंड ने अपने हवाई क्षेत्र में बड़ी संख्या में रूसी ड्रोन घुसने का आरोप लगाया है और साथ ही कहा कि पोलेंड व नाटो सहयोगियों के लड़ाकू जहाजों ने सभी को मार गिराया। पोलेंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने 48 घंटों के भीतर सुरक्षा परिषद की बैठक भी बुलाई है। पोलेंड 19 ड्रोन अपने क्षेत्र में घुसने की बात कर रहा है। जबकि रूस का कहना है कि उसका इरादा पोलेंड को भी किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि यह एक चूक का मामला है और इसको पोलेंड व नाटो देश बिना वजह तूल दे रहे हैं। जैसाकि हम जानते हैं कि रूस का पड़ोसी देश पोलेंड नाटो का सदस्य है और ऐसा माना जा रहा है कि यूक्रेन की नाटो देश रूस के साथ युद्ध में खुलकर मदद कर रहे हैं। नाटो का एक नियम है कि यदि किसी सदस्य देश पर हमला होता है, तो सब मिलकर उसका साथ देंगे।

बात यहीं खत्म नहीं होती मध्य-पूर्व भी इस समय सुलगता दिखाई दे रहा है। बुधवार को जिस तरह इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के एक ठिकाने पर हमला किया, उसने स्थिति को बेहद पैचीदा बना दिया है। उस हमले में हमास के नेता तो नहीं मारे गए, लेकिन कई अन्य लोग अपनी जान गवा बैठे। कतर ने जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है। वहीं इजरायल के पीएम नेतन्याहू कह रहे हैं कि जहां भी इजरायल के दुश्मन नंबर 1 हमास के लोग होंगे, वहीं पर इजरायल उनका पीछा करेगा। फ्रांस, नेपाल में हिंसा भड़की हुई है। वहां भी लोग सड़कों पर हैं। नेपाल में तो तख्ता पलट भी हो गया है। अब सवाल यह है कि सिलसिला कहां जाकर रुकेगा, क्योंकि विश्व स्तर पर अभी तक पुरजोर तरीके से ऐसी कोई आवाज उठती दिखाई नहीं दे रही, जो यह संकेत दे कि लोगों को सकून के साथ जीने की आवश्यकता है और युद्ध से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला। युद्ध केवल विनाश लाता है। जिसमें लोगों की जानों के साथ-साथ मौजूदा जो जीवित लोग होते हैं, उनके जीवन को भी मुश्किल बना देता है। यह देखना बेहद दुखद है कि विश्व के तमाम जिम्मेदार मुल्क जिन पर इस पूरी स्थिति को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है, वह उसमें अपनी सकारात्मक भूमि निभाने के बजाए नकारात्मक भूमिका निभाएं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब सत्ता में आए थे तो उन्होंने दुनिया में शांति लाने की बात कही थी, वह तो यहां तक दावा करते थे जैसे ही वह राष्ट्रपति बनेंगे कुछ ही दिनों में रूस-यूक्रेन का युद्ध रुकवा देंगे, लेकिन देखने में आ रहा है कि रूस-यूक्रेन का युद्ध अब और भड़क रहा है। पिछले दिनों ट्रम्प व रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच युद्ध रोकने को लेकर जो अलासका में बात हुई थी, उसका कोई नतीजा निकलने की बात तो छोड़िए, उसके बाद और हालात बिगड़ रहे हैं। जाहिर है जब कहीं से शांति की आवाज उठेगी नहीं तो कोई भी समझ सकता है कि आपसी टकराव कैसे रुकेंगे। उन्हें तो और बढ़ावा ही मिलेगा और यह मिलता भी दिखाई दे रहा है। निश्चित रूप से यह स्थिति पूरी मानव जाति के बेहद भयावह है।

## वोट चोरी करके सरकारें बन रहीं



हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं, इतना ही नहीं हम और डायनामिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत देंगे, भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए, क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा, तो सब साफ हो जाएगा, पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है, यह देशभर में आग जैसा फैल रहा है, ये वास्तव में सच्चाई है, वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं, महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा के इलेक्शन में वोट चोरी हुई है, हमने कर्नाटक सेंट्रल का ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिया।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# चुनौतियों से संघर्ष कर निखरती हिन्दी






डा. चंद्रप्रकाश शर्मा

दुर्गम पथ मैंने है पाया। हार नहीं मानी है मैंने, चरैवेति को है अपनाया। भारत माथे की बिन्दी हूं, बिन्दी का महत्व समझाया। विश्व पटल पर मैं छाई हूं, भारत मां का मान बढ़ाया। दुनिया है दीवानी मेरी, विजई पताका को लहराया। भारत मां के दिव्यभाल की मुकुटमणि हूं, मैं हिन्दी हूं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां हिन्दी के संघर्ष, वैशिष्ट्य और विजय गाथा को रेखांकित करती हैं। हिंदी ने अपने विकास, स्वीकार्यता और प्रसार के लिए लगातार अनेक चुनौतियों का सामना किया है। ये चुनौतियां हिंदी की उत्पत्ति से लेकर आधुनिक काल तक सतत् जारी हैं। हिंदी का उद्भव संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश जैसी प्राचीन भाषाओं से हुआ है। इसका विकास मध्यकालीन भारत में खड़ी बोली के रूप में हुआ। विकास की प्रारम्भिक अवस्था में ही हिंदी को संघर्ष का सामना करना पड़ा क्योंकि मध्यकाल में भारत में कई भाषाएं और बोलियां जैसे अवधी, ब्रज और मैथिली प्रचलित थीं। इनके बीच हिंदी को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। साथ ही उस समय की प्रभावशाली भाषाओं- संस्कृत और फारसी ने हिंदी के विकास को और जटिल बना दिया। लेकिन भक्ति आंदोलन और लोक साहित्य ने हिंदी को आम जनता की भाषा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में हिंदी को सबसे अधिक संघर्ष का सामना करना पड़ा क्योंकि 19 वीं सदी में अंग्रेजी को प्रशासनिक और शैक्षिक भाषा के रूप में प्राथमिकता दी गई, जिससे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं हाशिए पर धकेल दी गईं। ब्रिटिश शासन में उर्दू को अधिक महत्व दिया गया, यद्यपि उर्दू खड़ी बोली का ही एक रूप थी। इस प्रकार हिंदी को अंग्रेजी और उर्दू से प्रतिस्पर्धा के कारण दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ा किंतु हिंदी अपनी सरलता, सहजता और मधुरता के कारण जन सम्पर्क की भाषा बनी रही। इस समय हिंदी को साहित्यिक और राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित कराने में अनेक विद्वानों और साहित्यकारों के साथ आधुनिक हिंदी साहित्य के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र का विशेष योगदान रहा जिनकी प्रसिद्ध उक्ति थी निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल-यह उक्ति उनके हिंदी के प्रति प्रेम और समर्पण को प्रदर्शित करती है। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार कराने के लिए लम्बा संघर्ष करना पड़ा। 19वीं सदी के अंत में नागरी लिपि को बढ़ावा देने के लिए नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना हुई जिसने हिंदी के मानकीकरण और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसने हिंदी को एक आधुनिक भाषा की रूप में स्थापित करने में सहायता की। हिंदी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया क्योंकि यह केवल एक भाषा नहीं थी बल्कि राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता की भावना का प्रतीक बन गई थी। महात्मा गांधी ने हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रचारित किया क्योंकि यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करने में सक्षम थी। गांधी जी का मानना था कि हिंदी अपनी सरलता और व्यापकता के कारण भारत की विविधता को एक सूत्र में पिरोने की सामर्थ्य रखती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी साहित्य ने जनता को जागरूक करने और स्वतंत्रता की भावना को प्रज्ज्वलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निभाई। सुमित्रानंदन पंत, मैथिलीशरण गुप्त और जयशंकर प्रसाद जैसी कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को उभारा। खड़ी बोली हिंदी जो पहले मुख्य रूप से गद्य में प्रयोग होती थी, इस काल में काव्य की प्रमुख भाषा बन गई। इन रचनाओं ने जनता में स्वतंत्रता के लिए उत्साह और बलिदान की भावना को प्रेरित किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी कविताएं, नारे और गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने। भारत छोड़ो, वंदे मातरम जैसे नारे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में गूंजे जिसने जनता में उत्साह का संचार किया। स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी पत्रकारिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। भारत मित्र, हिंदुस्तान और आज जैसे समाचार-पत्रों ने जनता को ब्रिटिश शासन के खिलाफ संगठित करने में मदद की। इन समाचारपत्रों ने स्वतंत्रता संग्राम की खबरें फैलाने के साथ हिंदी को एक शक्तिशाली संचार माध्यम के रूप में स्थापित किया। फिर भी हिंदी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अंग्रेजी और उर्दू के प्रभुत्व के कारण हिंदी को प्रशासन शिक्षा में उचित स्थान प्राप्त नहीं हुआ। इसके अलावा भारत के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्र में जहां की क्षेत्रीय भाषाएं- तमिल, तेलुगू और बंगाली पहले से मजबूत थी और उनकी हिंदी को अपनाने की भी कोई इच्छा नहीं थी।इसके बाद भी हिंदी ने अपने संघर्ष के बल पर राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनी पहचान बनाई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी को भारत के संविधान में विशेष स्थान दिया गया और 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राजभाषा स्वीकार किया और 26 जनवरी 1950 को लागू हुई संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत हिंदी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया। यह हिंदी की विजय का एक महत्वपूर्ण पड़ाव था लेकिन दक्षिणी भारत ,विशेष रूप से तमिलनाडु में हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में लागू करने के खिलाफ तीव्र विरोध हुआ क्योंकि उनको लगता था कि हिंदी का प्रभुत्व उनकी क्षेत्रीय भाषाओं और संस्कृतियों को दबा सकता है। इस विरोध के कारण भारत सरकार ने राजभाषा अधिनियम 1963 लाकर अंग्रेजी को सहायक राजभाषा के रूप में मान्यता दी जिससे हिंदी को एक बड़ा झटका लगाक्योंकि हिंदी को राजभाषा बनाने का उद्देश्य देश की एकता को बढ़ावा देना और प्रशासनिक कार्यों में एक सामान्य भाषा का उपयोग करना था। इसके लिए राजभाषा विभाग की स्थापना की गई जो हिंदी के प्रचार प्रसार और इसके आधिकारिक उपयोग को बढ़ावा देता है। वर्तमान काल में हिंदी ने,न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विश्व में लगभग 60 करोड लोग हिंदी बोलते हैं जिससे यह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हिंदी सिनेमा ने हिंदी को वैश्विक मंच पर पहुंचाया है। हिंदी फिल्मी गीत और संवाद न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा हिंदी साहित्य का अनुवाद विश्व की कई भाषाओं में हो रहा है जिससे हिंदी की सांस्कृतिक और साहित्यिक समृद्धि विश्व स्तर पर पहुंच रही है डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी हिंदी ने वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है। इसके बावजूद भी हिंदी अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। वैश्वीकरण के इस युग में अंग्रेजी को वैश्विक अवसरों और शिक्षा की भाषा के रूप में देखा जाता है और हिंदी को दोयम दर्जे की भाषा माना जाता है। इसके साथ ही भारत में 22 अनुसूचित भाषाएं हैं और कई क्षेत्रों में लोग अपनी मातृभाषा को प्राथमिकता देते हैं जो हिंदी के विकास में अवरोध हैं। वर्तमान डिजिटल युग में हिंदी का उपयोग अभी भी सीमित है, यद्यपि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य तकनीकी कंपनियों हिंदी में सामग्री और उपकरण उपलब्ध करा रही है लेकिन हिंदी में तकनीकी शब्दावली और सॉफ्टवेयर की कमी एक चुनौती है। हिंदी ने विकास के प्रत्येक चरण में संघर्ष का सामना किया है। संघर्ष ही इसकी ताकत है और आगे भी यह संघर्ष के बल पर शक्तिशाली बनकर उभरेगी क्योंकि इसका लचीलापन, वैज्ञानिकता, समृद्ध साहित्य और जनता से जुड़ाव इसको विजयपथ पर ले जाने में समर्थ है। इसलिए हम गर्व से कह सकते हैं कि हिंदी वास्तव में संघर्ष और विजय की भाषा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मधुमक्खियों का अनोखा भोजन संतुलन

**कुछ फूलों के पराग में सिर्फ 17 प्रतिशत प्रोटीन था, जबकि कुछ में 86 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया गया। मौसम का असर भी साफ दिखा वसंत के फूलों में प्रोटीन ज्यादा था, जबकि गर्मी के अंत में मिलने वाले फूलों में वसा और कार्बोहाइड्रेट अधिक थे। यही मौसमी बदलाव तय करता है कि मधुमक्खियां किस समय कौन-सा भोजन चुनेंगी।**



जंगली मधुमक्खियां यूं ही किसी भी फूल पर नहीं जातीं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि ये नन्हें परागणकर्ता अलग-अलग फूल चुनकर अपने भोजन में प्रोटीन, वसा और कार्बोहाइड्रेट का संतुलन बनाए रखते हैं। ठीक वैसे ही जैसे इंसान कभी भरपेट खाना पसंद करते हैं तो कभी हल्का-फुल्काय जैसे सलाद।

यह शोध आठ साल तक अमेरिका के कोलोराडो रॉकीज पहाड़ों में किया गया, जहां वैज्ञानिकों ने आठ तरह की मधुमक्खियों पर अध्ययन किया। इन मधुमक्खियों द्वारा इकठा किए गए पराग का विश्लेषण कर उन्होंने एक 'पोषण मानचित्र' बनाया, जिससे पता चला कि मधुमक्खियां कैसे और क्यों अलग-अलग फूल चुनती हैं।

कुछ फूलों के पराग में सिर्फ 17 प्रतिशत प्रोटीन था, जबकि कुछ में 86 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया गया। मौसम का असर भी साफ दिखारू वसंत के फूलों में प्रोटीन ज्यादा था, जबकि गर्मी के अंत में मिलने वाले फूलों में वसा और कार्बोहाइड्रेट अधिक थे। यही मौसमी बदलाव तय करता है कि मधुमक्खियां किस समय कौन-सा भोजन चुनेंगी। इस अध्ययन से यह भी पता चला कि मधुमक्खियों की अलग-अलग प्रजातियां अपने शरीर के आकार और जीभ की लंबाई के आधार पर अलग-अलग भोजन रणनीति अपनाती हैं। बड़ी और लंबी जीभ वाली मधुमक्खियां ज्यादा प्रोटीन वाले पराग चुनती हैं, जबकि छोटी मधुमक्खियां कार्बोहाइड्रेट और वसा वाला पराग पसंद करती हैं। इसके अलावा, अलग-अलग मधुमक्खियां अपनी कॉलोनी के विकास की अवस्था के हिसाब से भी भोजन बदलती हैं। इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता जस्टिन बैन के अनुसार पराग में यह विविधता वैसी ही है जैसी इंसानों के खाने में होती है। यानी मधुमक्खियों को भी इंसानों की तरह संतुलित आहार चाहिए। हालांकि यह अध्ययन पथरीले पर्वतीय स्थल पर हुआ है, लेकिन यह दुनिया भर में परागणकर्ताओं की पोषण जरूरतों को समझने के लिए उपयोगी है। सबसे अहम बात यह है कि मधुमक्खियों के लिए एक जैसा भोजन काम नहीं करता - उनके लिए फूलों की विविधता जरूरी है ताकि उनकी आबादी स्वस्थ बनी रहे। बागवान और संरक्षणकर्ता इस जानकारी के आधार पर ऐसे बगीचे और प्राकृतवास बना सकते हैं जो साल भर मधुमक्खियों की बदलती पोषण जरूरतों को पूरा करें। आज परागण करने वाले कीट जलवायु परिवर्तन, प्राकृतवास के नष्ट होने और पोषण की कमी जैसी बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में यह अध्ययन बताता है कि विविधता बनाए रखना कितना जरूरी है।

**-स्रोत फीचर्स**

# धार्मिकता का ढोंग और मृत संवेदनाएं



निर्मल रानी

हमारा भारत वर्ष कृषि प्रधान होने के साथ साथ श्धर्म प्रधानश देश भी माना जाता है। यहां सुबह चार बजे से ही विभिन्न धर्मों के लोग अपने अपने आराध्य को खुश करने के मिशन में अपने अपने तरीके से जुट जाते हैं। धर्मस्थलों में लगे लाउडस्पीकर ब्रह्म मुहूर्त में ही देशवासियों को अपने अपने आराध्य व अपने देवालयों की ओर आकर्षित करने लगते हैं। इसके अलावा भी देश भर में निकलने वाले विभिन्न धर्मों के धार्मिक जुलूस,शोभा यात्राएं, सत्संग में होने वाले संतों के प्रवचन, धर्म जागरण के नाम पर चलने वाले अनेक अतिवादी मिशन, कांवड़ जैसी यात्राएं महाकुंभ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन, तीर्थ स्थलों में इकठी होने वाली भक्तों की अनियंत्रित भीड़ आदि को देख कर तो एक बार यही लगेगा कि हर समय श्रद्धा व भक्ति भाव में डूबे रहने वाले हमारे धर्म प्रधान देश के लोग बेहद धार्मिक, संवेदनशील और मानवता की कद्र करने वाले लोग होंगे। रोजाना जगह-जगह लगने वाले लंगर, देश भर में संचालित हो रही अनेकानेक जनसेवी संस्थाएं भी इसी बात का एहसास दिलाती हैं, परन्तु इसी धर्म प्रधान देश से जहां मानवता की मिसाल पेश करने वाले अनेकानेक किस्से सुनाई देते हैं वहीं कुछ घटनाएं ऐसी भी सामने आती हैं जिन्हें सुनकर ऐसा लगता है गोया इसी भारतीय समाज के ही कुछ लोगों की संवेदनाएं बिल्कुल ही मुर्दा हो चुकी हैं।

ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे।

ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे।

अब इन्हीं बच्चों पर अपने मृत पिता के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी थी। उसका कोई भी रिश्तेदार या पड़ोसी अंतिम संस्कार करने के लिए सामने नहीं आया। बच्चों की दादी आई भी तो रो पीट कर वापस चली गई। बच्चे अंतिम संस्कार करने या उसके लिए सहायता करने की भीख समाज से मांगते रहे। यहां तक कि तीन दिन तक लाश घर में सड़ती रही। जरा सोचिए कि क्या गुजर रही होगी उन मासूम बच्चों पर जब वे अपने बाप की रेहड़ी पर ही अपने बाप की सड़ी हुई लाश रखकर लोगों से अंतिम संस्कार हेतु पैसे मांगते फिर रहे होंगे ? जब यह बच्चे ठेले पर लाश लेकर श्मशान घाट पहुंचे तो बताया गया कि वहां जलाने हेतु लकड़ी नहीं है। और फिर जब यह बेगुनाह मासूम अपने बाप के शव को लेकर कब्रिस्तान पहुंचे तो कब्रिस्तान वालों ने यह कहकर लाश को दफ्न करने से मना कर दिया कि यह शव हिन्दू का है।

आखिरकार बच्चे लाश को ठेले पर रखकर सड़क पर खड़े होकर रोने बिलखने लगे। कोई दुर्गन्ध से अपनी नाक बंद कर गुजर जाता तो कोई उन बदनसीब बच्चों की फोटो खींचता या वीडिओ बनाता परन्तु मदद करने के लिए धर्म जागृत समाज का कोई भी व्यक्ति सामने न आता। हद तो यह है कि ठेले पर शव रखा देखने व मृतक लव कुमार के स्थानीय व्यक्ति होने के बावजूद कुछ लोग यह कहकर आगे बढ़ जाते कि यह भीख मांगने का नया ट्रेंड है। इसी दौरान यह मायूस बच्चे जब अपने बाप की लाश को ठेले पर ढकेलते हुए नदी की ओर रोते बिलखते जा रहे थे तभी राहुल नगर वार्ड के निवासी रशीद कुरैशी की नजर उन बच्चों व उनके साथ दुर्गन्ध मारती लाश पर पड़ी। बच्चों ने रोते बिलखते अपनी सारी पीड़ा रशीद से सांझी की। रशीद ने तुरंत अपने भाई व उसी राहुल नगर वार्ड 17 के पार्षद वारिस कुरैशी को फोन पर पूरी घटने की जानकारी दी। उसके बाद दोनों कुरैशी बंधुओं ने सर्वप्रथम उन रोते बच्चों को ढारस बंधाई और उन्हें संभाला। उसके बाद अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी व आवश्यक सामग्री का प्रबंध किया। फिर समाज के कुछ लोगों को साथ लेकर शमशान घाट जाकर हिन्दू रीति रिवाज के साथ मृतक का अंतिम संस्कार कराया। आज उस इलाके के लोग मानवता की रक्षा करने वाले कुरैशी भाइयों की इंसानियत को जहां सलाम कर रहे हैं, वहीं उनके रिश्तेदारों और पड़ोसियों की बेरुखी तथा नगर पालिका की लापरवाही पर भी घोर गुस्सा जता रहे हैं। साथ ही उस इलाके के शहिन्दू जागरण अभियानश में जुटे लोगों को भी कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

पिछले दिनों ऐसा ही एक चित्र जिसे पंजाब की बाढ़ से संबंधित बताया जा रहा है, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस चित्र में एक मासूम बच्चा बाढ़ के पानी में अपनी मां की तैरती लाश को खींच रहा है। शायद इस उम्मीद से कि उसकी मां मरी नहीं है। इस मार्मिक दृश्य को देखने वाले लोग आगे बढ़कर बच्चे को गोद उठाने व उसकी मां की लाश को पानी से बाहर निकालने में मदद करने के बजाय मोबाईल से इस .श्य का वीडीओ बनाना ज्यादा जरूरी समझ रहे हैं। क्या इस तरह की घटनाएं इस बात का सुबूत नहीं कि हमारे धर्म प्रधान देश में होने वाले इस तरह के हादसों के बाद केवल किसी इंसान की ही मौत नहीं होती बल्कि यह मानवता की मौत भी है। इससे यह भी पता चलता है कि धार्मिकता का ढोंग करने वाले ऐसे लोगों की संवेदनाएं पूरे तरह मृत हो चुकी हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बर्बरताः इजरायल ने 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर किए हमले, 200 की मौत

## 1000 घायल, नेतन्याहू बोलेः जो अमेरिका ने किया, वही कर रहे

**यरुशलम।** इजरायल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फलस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजरायल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे लेकर इजरायली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है। हालांकि इजरायली पीएम नेतन्याहू ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के अधिकारियों पर किए गए हमले का बचाव किया। उन्होंने इस हमले की तुलना 9/11 के हमलों के बाद अमेरिका की कार्रवाई से की। उन्होंने कहा इजरायल ने भी वही किया जो अमेरिका ने उस वक्त किया था। इजरायली सेना ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा पर हवाई हमला किया था।

यह हमला हमास के चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। इसमें अल-हय्या का बेटा, आफिस डायरेक्टर, तीन गार्ड और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी समेत छह लोग 6 लोगों की मारे गए थे। इस हमले के वक्त हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। इस हमले के बाद हमास ने युद्ध विराम से इनकार कर दिया। इजरायल ने सोमवार को पूर्वी लेबनान के बेका और हरमेल जिलों में हवाई हमले किए, जिसमें 5 लोगों की जान गई। इजरायली सेना ने दावा किया कि इस हमले में हिजबुल्लाह के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि हिजबुल्लाह ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मंगलवार को इजरायली ड्रोन ने हिजबुल्लाह के एक सदस्य पर हमला किया था। नवम्बर 2024 में इजरायल और लेबनान में सीजफायर हुआ था। लेकिन इसके बाद भी इजरायल लेबनान के दक्षिणी हिस्से पर हमले करता रहता है। इजरायली फाइटर जेट ने सोमवार को सीरिया के एयरफोर्स बेस और सेना के कैंप पर हमले किए। सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) के मुताबिक इसमें किसी के हताहत की सूचना नहीं मिली है।

इन हमलों को सीरिया के विदेश एवं प्रवासी मंत्रालय ने देश के संप्रभुता का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। सीरिया और इजरायल में 1974 में सैन्य वापसी समझौते के तहत एक दूसरे पर हमला न करने पर सहमति बनी थी। लेकिन पिछले साल दिसम्बर में सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन के बाद से इजरायली सेना लगातार सीरिया के सैन्य ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्टर को निशाना बना रही है। एसओएचआर की रिपोर्ट बताती है कि इस साल इजरायल ने सीरिया पर 86 हवाई और 11 जमीनी हमले किए हैं।



### मुस्लिम देश इजरायल के खिलाफ साथ आएं: ख्वाजा आसिफ

**पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोलेः वो हमें कमजोर करना चाहता है**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कतर की राजधानी दोहा पर इजरायली हमलों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देशों को अपनी आर्थिक ताकत से इजरायल का मुकाबला करना चाहिए। आसिफ ने कहा: इजरायल मुस्लिम देशों को कमजोर करना चाहता है। यह सोचना गलत है कि इजरायल के सामने झुकने से कोई सुरक्षित रहेगा। ख्वाजा आसिफ ने एक्स पर लिखा कि मुस्लिम देशों को अब इजरायल के खिलाफ एक साथ आना होगा। उनका मकसद मुस्लिम दुनिया की ताकत खत्म करना है। इजरायल के साथ नरमी बरतना गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने, जो आर्थिक रूप से कमजोर है, फिर भी अपने से 5 गुना बड़े भारत को को सबक सिखाया। उन्होंने कहा: सुरक्षा कोई बाहर से नहीं देता। दूसरों की मदद मायने रखती है, लेकिन ताकत अपने अंदर से आती है।



मेक्सिको सिटी। एक राजमार्ग ओवरपास के नीचे गैस टैंकर विस्फोट स्थल के पास जलता हुआ वाहन।

## ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी बैंकों की बढ़ रही चिंता

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड सोलोमन भी अमेरिका के बैंकिग क्षेत्र के उन दिग्गज नाम की सूची में जुड़ गए हैं जिनका मानना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ना शुरू हो गया है। इन लोगों की चिंता है कि ट्रम्प की नीतियां मंदी का कारण बन सकती हैं क्योंकि राष्ट्रपति ट्रम्प का व्यापार युद्ध विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर रहा है। गोल्डमैन सैक्स ग्रुप के सीईओ ने अमेरिकी समाचार चैनल सीएनबीसी के साथ बातचीत में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमने कुछ रोज़गार आंकड़े देखे हैं जो संकेत देते हैं कि कुछ नरमी आई है। मुझे लगता है कि आपको इस पर बहुत बारीकी से नजर रखनी होगी।

### संक्षिप्त समाचार

#### इंडोनेशिया में बाढ़ से 19 लोगों की मौत, 10 लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली द्वीप और पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लापता हो गए। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी के बाली कार्यालय के प्रवक्ता गुस्ती अयु केतुत विजयंती ने गुरुवार को एक समाचार एजेंसी को बताया कि द्वीप पर अचानक आई बाढ़ में 13 लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए। कई इलाकों में बाढ़ और 18 स्थानों पर भूस्खलन की भी खबरें हैं।

#### गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट से 57 लोग घायल

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राजधानी मेक्सिको सिटी में एक गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट होने से 57 लोग घायल हो गए, जिनमें से 19 की हालत गंभीर है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्लारा ब्रुगाडा मो.लिना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह दुर्घटना ज़ारागोज़ा रोड पर कॉनकॉर्डिया पुल के नीचे हुई। उन्होंने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न लगभग 2:20 बजे घटित हुई। हादसे के समय 49500 लीटर क्षमता वाला ट्रक पलट गया।

#### कतर में इजरायली हमले में लापता लोगों की तलाश जारी

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में वरिष्ठ हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में मारे गए पांच लोगों में से तीन के शवों की पहचान कर ली गई है जबकि दो की पहचान करना अभी शेष है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में ये जानकारी दी। उन्होंने हमास के मुख्य वार्ताकार खलील अल-हय्या के बारे में कुछ नहीं बताया। उन्होंने कहा कि इज़रायल की कार्रवाई 'राजकीय आतंक' के समान है और उन्हें उम्मीद है कि कतर के क्षेत्रीय साझेदार 'सामूहिक प्रतिक्रिया' पर सहमत होंगे।

## सुशीला कार्की ने की पीएम मोदी की तारीफ

**कहाः उनके बारे में मेरी धारणा अच्छी**

**काठमांडो।** नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के बारे में मेरी धारणा अच्छी है। मैं भारत के समर्थन की प्रशंसा करती हूं।

नेपाल में भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे जेन जी ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर सुशीला कार्की के नाम का समर्थन किया है। एक मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में सुशीला कार्की ने कहा कि मैं पीएम मोदी को नमस्कार करती हूं। पीएम मोदी के बारे में मेरी धारणा अच्छी है। नेपाल में हाल ही में हुए आंदोलन का नेतृत्व जेन जी समूह ने किया था और उन्होंने मुझ पर थोड़े समय के लिए सरकार का नेतृत्व करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना जाता है तो मेरी पहली प्राथमिकता आंदोलन के दौरान मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि देना होगी। आंदोलन के युवाओं ने उनके नेतृत्व के पक्ष में मतदान किया। मैंने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। कार्की ने कहा कि नेपाल में अतीत से ही समस्याएं रही हैं। अब स्थिति बहुत कठिन है। हम नेपाल के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। हम देश के लिए एक नई शुरुआत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान और प्यार है।

## पाकिस्तानी सेना ने मुठभेड़ों में मार गिराए 19 आतंकी

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के 19 आतंकवादियों को तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को बताया कि यह कार्रवाई 10 सितम्बर की देर रात की गई। कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर मोहम्मद, उत्तर वजीरिस्तान और बन्नू जिलों में की गई। मोहम्मद जिले में हुए आपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। भारी गोलाबारी के बाद 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

## नेपाल हिंसा में 5 अरब का हिल्टन होटल तबाह

### बीमा कंपनियों का अनुमानः 31 अरब का क्लेम संभव, यह 2015 के भूकंप से तीन गुना जयादा

**काठमांडू।** नेपाल में मंगलवार को हुई हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के सबसे ऊंचे हिल्टन होटल में आग लगा दी थी। यह होटल पिछले साल जुलाई में बनकर तैयार हुआ था।

इसमें 5 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए थे। हिल्टन काठमांडू का सबसे ऊंचा 5 स्टार होटल है, जिसे नेपाल के शंकर के ग्रुप ने बनवाया है। इसमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आधुनिक सुविधाएं थीं। इस होटल ने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी। प्रदर्शनकारियों ने सिंह दरबार, सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रपति निवास समेत दर्जनों सरकारी-निजी इमारतों में आग लगा दी। ऐसा अनुमान है कि इससे नेपाल को अरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान 9 सितम्बर को हुआ, लेकिन सेना के सुरक्षा संभालने के बावजूद 10 सितम्बर को भी कई जगहों से नुकसान की खबरें आती रहीं। नेपाल इंश्योरेंस एसोसिएशन (एनआईए) के मुताबिक बीमा कंपनियों को लगभग 31 अरब भारतीय रुपये से अधिक के क्लेम का सामना करना पड़ सकता है। यह नुकसान 2015 में आए भूकंप से भी तीन गुना ज्यादा है। बीमाकर्ता और बैंकर्स का मानना है कि यह नेपाल के लिए सबसे खराब दौर है। छप और नेपाल राष्ट्र बैंक मिलकर नुकसान की जानकारी जुटा रहे हैं। हिल्टन होटल के अलावा प्रदर्शनकारियों ने भाटभटेनी सुपरमार्केट, एनसेल, सीजी इलेक्ट्रानिक्स, ग्लोबल कालेज, उल्लेंस स्कूल, सुजुकी शोरूम और सेंट्रल बिजनेस पार्क जैसी कार्पोरेट इंडस्ट्री को आग के हवाले कर दिया गया था। विराटनगर और इटहरी में वाहनों, राष्ट्रीय वाणिज्य बैंक, हिमालयन बैंक, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक और ग्लोबल आईएमई बैंक की शाखाओं में भी तोड़फोड़ की गई थी। नेपाल में वित्त वर्ष 2024/25 में बीमा कंपनियों ने 26 अरब रुपये का प्रीमियम जुटाया था और 11 अरब रुपये के क्लेम चुकाए थे। मौजूदा हालात में बीमा कंपनियों को डर है कि उन्हें और भी बड़ा वित्तीय नुकसान हो सकता है। बीमा कराने वालों को भी भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है, क्योंकि 'तोड़फोड़ और आतंकवाद' पालिसियों पर मिलने वाला प्रीमियम बहुत कम है, जबकि ये दावे राजनीतिक हिंसा को कवर करते हैं।



**इस होटल ने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी**

## पोलैंड ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के बाद रूसी ड्रोन मार गिराए

**वारसॉ।** यूक्रेन को निशाना बनाकर रूस द्वारा रात भर किये गए हमलों के दौरान पोलैंड के हवाई क्षेत्र में पोलिश और अन्य नाटो विमानों ने कम से कम तीन रूसी ड्रोन मार गिराए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि पोलैंड ने 19 ड्रोन घुसपैठ दर्ज की हैं, जिनमें से कुछ इतने नीचे थे कि वारसॉ के मुख्य हवाई अड्डे चोपिन सहित चार हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति हमें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से खुले संघर्ष के सबसे करीब ले आई है। 2022 में मास्को द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यह पहली बार है जब नाटो क्षेत्र में रूसी ड्रोन मार गिराए गए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पोलैंड के प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की 'कोई योजना' नहीं थी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कथित तौर पर पोलैंड में घुसे रूसी ड्रोनों की अधिकतम सीमा 700 किमी से अधिक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वह पोलिश रक्षा मंत्रालय के साथ परामर्श करने के लिए तैयार है। पोलैंड में रूस के अस्थाई प्रभारी ने कहा कि वारसॉ ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि ड्रोन रूसी मूल के थे। वहीं रूस के एक करीबी सहयोगी, बेलारूस ने दावा किया कि ड्रोन उनके नेविगेशन सिस्टम जाम होने के बाद गलती से पोलिश हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने चेतावनी दी कि यह 'यूरोप के लिए एक बेहद खतरनाक मिसाल' है। यूक्रेन के रक्षा मंत्री डेनिस श्म्यहाल ने बीबीसी रेडियो 4 के वर्ल्ड टुनाइट कार्यक्रम में कहा: यह एक ऐसा क्षण है जब नाटो के सहयोगी, यूरोपीय सभ्यताएं, यह समझ रही हैं कि दुनिया बदल गई है और यूक्रेनी क्षेत्र पर रूसी आक्रमण केवल रूस और यूक्रेन के बीच नहीं है। यह रूस की वैश्विक रणनीति का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: रूस ड्रोन के साथ पोलैंड के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन क्यों कर रहा है? पोलिश सांसदों को संबोधित करते हुए, टस्क ने कहा कि रात भर में तीन-या शायद चार-ड्रोन मार गिराए गए। उन्होंने कहा कि पोलिश अधिकारियों के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे पता चले कि 'रूसी कार्रवाई के परिणामस्वरूप' कोई घायल हुआ हो या उसकी मौत हुई हो।



## ट्रम्प समर्थक चार्ली कर्क की हत्या



**यूनिवर्सिटी प्रोग्राम में गर्दन पर गोली मारी, शोक में अमेरिका झंडा झुकाया**

**यूटा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक और राइट विंग एक्टिविस्ट चार्ली कर्क की गुरुवार को एक प्रोग्राम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना यूटा राज्य की यूटा वैली यूनिवर्सिटी में हुई।

चार्ली यहां 'द अमेरिकन कमबैक टूर' प्रोग्राम में आए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि चार्ली एक टेंट के नीचे माइक पकड़कर बोल रहे हैं। तभी अचानक एक गोली उनके गर्दन के पास आकर लगती है, काफी खून बहता है और वे जमीन पर गिर जाते हैं।

चार्ली की हत्या पर ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा सच्चे महान अमेरिकी देशभक्त चार्ली कर्क के सम्मान में मैं पूरे अमेरिका में सभी झंडों को रविवार शाम 6 बजे तक आधा झुकाने का आदेश दे रहा हूं। पालिटिकल एक्टिविस्ट चार्ली टर्निंग पाइंट यूएसए (टीपीयूएसए) नाम से एक संस्था चलाते थे, इसमें वह स्कूलों-कालेजों में जाकर छात्रों को राजनीति के बारे में बताते थे। चार्ली ट्रम्प के कट्टर समर्थक माने जाते थे। अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि हमलावर कौन था और उसने ऐसा क्यों किया।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने एक अन्य नोट लिखा

महान चार्ली कर्क अब इस दुनिया में नहीं रहे। अमेरिका के युवाओं को उनसे बेहतर कोई समझ नहीं पाया और न ही उनके दिल तक कोई पहुंच पाया। सब लोग उन्हें बहुत प्यार और सम्मान करते थे, खासकर मैं। मेलानिया और मैं उनकी पत्नी एरिका और पूरे परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हैं। चार्ली, हम आपसे प्यार करते हैं! प्रोग्राम के दौरान की फोटो। इसमें चार्ली कर्क लोगों को संबोधित कर रहे हैं। हादसे के समय मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने न्यूज वेबसाइट गार्जियन को बताया कि चार्ली को गोली तब मारी गई जब वे सामूहिक गोलीबारी (मास शूटिंग) के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

## कतर ने की हमास नेताओं पर इजरायली हमले की निंदा

**कहाः नेतन्याहू ने बंधकों की रिहाई की उम्मीद खत्म कर दी**

**दोहा।** कतर ने हमास नेताओं को निशाना बनाकर दोहा में किए गए इजरायली हमले की निंदा की है। कतर के प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमला करके गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने की उम्मीद को खत्म कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र में पेश होने से पहले प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी और खाड़ी देशों ने इजरायली हमलों को क्रूर कृत्य बताया। शेख मोहम्मद ने कहा कि हमले वाली सुबह मैं एक बंधक के परिवार से मिल रहा था। वे युद्धविराम मध्यस्थता पर भरोसा कर रहे हैं। उन्हें इससे ज्यादा कोई उम्मीद नहीं है। मुझे लगता है कि नेतन्याहू ने जो किया, उससे उन बंधकों की सारी उम्मीदें खत्म हो गईं। कतर और मिस्र गाजा में युद्ध विराम के प्रयासों में मध्यस्थता कर रहे हैं। कतर ने वर्षों से दोहा में हमास के राजनीतिक नेतृत्व की मेजबानी की है। ताकि हमास और इजरायल के बीच बातचीत आगे बढ़ाई जा सके। कतर के प्रधानमंत्री के बयान से पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमलों का बचाव किया और कतर के खिलाफ आगे की कार्रवाई की धमकी दी। नेतन्याहू ने कहा कि मैं कतर और उन सभी देशों से कहता हूं जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं या तो उन्हें खदेड़ दें या फिर उन्हें न्याय के कटघरे में लाएं। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हम करेंगे।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108